डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,032.73 −210.45

डॉलर 83.378 -0.081

रांची सर्राफा
10 ग्राम 67,850 | 01 किलो 94,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) रविवार, 30 जून 2024, वर्ष-30, अंक- 252, पृष्ठ-14 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-14 सरकार ने एनडीआरएफ जोखिम...

## 1 जुलाई 2024 से देश में लागू होने वाले नए कानूनी प्रावधानों को जानें

## सजग नागरिक बनें

# न्याय की नई परिभाषा





**श्री चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आप कहीं से भी किसी भी थाने में **जाकर FIR दर्ज करवा सकते हैं,** वहां से संबंधित थाने में इसे भेज दिया जाएगा। **आप ऑनलाइन या ई-मेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं।**

प्राथमिकी के बाद **अनुसंधान में क्या प्रगति हुई है, इसकी जानकारी जांच अधिकारी को पीड़ित या सूचक को देनी होगी।** पहले थाने में जाकर जानकारी लेनी पड़ती थी।

**संगठित अपराध, झपटमारी और मॉब लिंचिंग को भी नए अपराध में शामिल किया गया है।** छोटे अपराधों के लिए सीधे जेल की जगह आरोपी से सामाजिक/सामुदायिक सेवा करने का भी दण्ड दिया जा सकता है।

पहले जहां अपराध के बाद केवल दण्ड आधारित न्याय व्यवस्था थी, वहीं **अब दण्ड की जगह न्याय व्यवस्था पर जोर है** यानी दण्ड ही केवल ना हो, यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो कि पीड़ित को न्याय भी मिले।

18 साल से कम आयु की महिला के साथ **सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को मृत्युदण्ड भी दिया जा सकता है।** जबकि 18 साल से अधिक आयु की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को 20 साल से आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है।

नए कानूनी प्रावधानों के अनुसार, **महिला से विवाह करने के झूठे वचन देकर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी के लिए अब 10 वर्ष तक की सजा है।** दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट अब चिकित्सक को 7 दिन के भीतर देने होंगे।

नए कानूनी प्रावधानों में बालक (child) को परिभाषित किया गया है जो IPC में नहीं था। **महिला एवं बालकों के विरुद्ध अपराध को लिंग तटस्थ (Gender Neutral) बना दिया गया है, इसमें उभयलिंगी (Transgender) को भी सम्मलित किया गया है।**

**आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) लागू होंगे... ये कानून भारतीय दंड संहिता (IPC), दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू होंगे।**

इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, **इसमें ऑडियो-वीडियो संसाधनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।**

समन, तामिला का सबूत, दस्तावेजी समन के लिए इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का प्रयोग एवं **साक्ष्य केवल लिखित नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे: ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर रखा जा सकेगा।**

तलाशी या जब्ती की प्रक्रिया में **ऑडियो-वीडियो संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख या रिकॉर्ड को विधिक दस्तावेज के रूप में मान्यता होगी।

फोरेंसिक जांचकर्ता को **अपराध स्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने की बाध्यता होगी।** चिकित्सक अभियुक्त का जैविक परीक्षण कर चिकित्सीय साक्ष्य एकत्रित करेंगे।

नए कानूनी प्रावधानों के तहत अब **कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया सम्पन्न करने की व्यवस्था है।**

PR No. 328214 (IPRD) 2024-25

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

## एक नजर

### बजरंगदल कार्यकर्ता के निधन, शोक



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 स्थित जवाहिर गली निवासी व बजरंगदल कार्यकर्ता छोटेलाल केशरी 40 वर्ष का निधन हो गया। वे विगत एक माह से किडनी की समस्या से ग्रसित थे। जिनका इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह मेदिनीनगर में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी में किया गया। उनके निधन पर आरएसएस के जिला संघचालक दिनेश कश्यप, बजरंग दल के लोकनाथ केशरी, भाजपा के विनोद कुमार सिंह, जेएमएम के आलोक कुमार सिंह, राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, कांग्रेस के धनंजय तिवारी, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, सुरेंद्र पाल, राजेन्द्र पाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अजित अग्रवाल, दीनानाथ सोनी, प्रदीप कायनस्कर, उदय सोनी, श्रवण अग्रवाल, उदय सोनी, उदयनाथ विश्वकर्मा, गोपाल पाठक , कामख्या सिंह, राजकुमार कश्यप , छठन राम सहित बजरंग दल एवं संघ के स्वयंसेवकों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया और परिवार को इस दुःख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### जन आरोग्य समिति के बैठक में जिला पार्षद ने लिए कई निर्णय

**हैदरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुसैनाबाद अन्तर्गत प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैदरनगर में जन आरोग्य समिति की बैठक जिला पार्षद सदस्य सह अध्यक्ष संगीता देवी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें अस्पताल परिसर की चहारदीवारी निर्माण, पौधारोपण, अस्पताल भवन का रंगरोगन, विभिन्न स्थानों की मरम्मती, बेड पर चादर की व्यवस्था, मरीजों के हित व सुविधा के लिए कई बिन्दुओं पर आवश्यक निर्णय लिया गया। उन्होंने बैठक के बाद स्वास्थ्यकर्मियों व चिकित्सकों के साथ अस्पताल परिसर की सूक्ष्मता से निरीक्षण व उपलब्ध मरीजों की सुविधा का जाएजा लिया। बैठक में समिति सचिव डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, सदस्य डॉ. ज्योतिष कुमार, पीएचईडी के तकनीकी सहायक व कार्य निरीक्षक दधिवल प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका शांति कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, फार्मासिस्ट नवीन कुमार, ड्रेसर सिपाही राम, प्रमोद सिंह सहित कई एएनएम उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन जलाने के आरोपी माओवादी समेत चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद के सड़ेया में नक्सलियों के द्वारा सड़क निर्माण के काम में लगे वाहन जलाए जाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस सबंध में एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। एसआईटी का गठन कर मामले की जांच की गई। जिसमें पुलिस को यह सफलता मिली है।

उल्लेखनीय है कि 26 जून की रात 10 बजे सड़ेया में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नितेश जी के दस्ते ने एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर में आग लगा दी थी। लेवी नहीं देने के कारण घटना को अंजाम दिया गया था। सड़ेया से डंडिला तक सड़क निर्माण में तीनों वाहन लगे हुए थे।

इधर एसपी ने बताया कि इसी क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त सुरेश रजवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि लोकसभा चुनाव के समय हैदरनगर थाना क्षेत्र सलैया टिकर, पटरिया, भदुवा और बरेवा में चुनाव बहिष्कार का पोस्टर माओवादी कमांडर नितेश यादव के कहने पर लगाया था। माओवादी नितेश के ने सड़ेया के पूर्व नक्सली बृजदेव रजवार और कामेन्द्र राम से भी पोस्टरबाजी करायी थी। पुलिस ने पोस्टरबाजी में संलिप्त दोनों आरोपितों को भी गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर बचे हुए तीन पोस्टर बरामद किए गए।

कांड के एक अन्य प्राथमिकी अभियुक्त मृत्युंजय यादव उर्फ दुखन को हरिहरगंज से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि घटना के दिन सड़ेया आगजनी कांड में रेकी किया था और माओवादी नितेश यादव के दस्ते के साथ मिलकर गाड़ियों को लेवी नहीं देने के कारण जलाया था। उसके पास से लेवी के रूप में वसूले गए तीन हजार रुपये और घटना के दिन इस्तेमाल मोबाइल बरामद किया गया।

मृत्युंजय यादव उर्फ दुखन उर्फ अरुणजय (31) हरिहरगंज के तुरी टोला लंगुराही का रहने वाला है। सुरेश रजवार (58) हुसैनाबाद डंडिला बिलासपुर, कामेन्द्र राम (35) इसी थाना क्षेत्र के कामगारपुर और बृजदेव रजवार (65) हैदरनगर थाना क्षेत्र के सड़ेया टोलाबांध का रहने वाला है।

गिरफ्तारी टीम में हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

## न्यूज बॉक्स

### झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी



**सतबरवा।** सतबरवा में उमश भरी गर्मी के बाद शनिवार को झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त किसानों के चेहरे पर खुशी। वर्षा की शुरूआत धमाकेदार एक सप्ताह से लगातार भारी उमश भरी गर्मी से परेशान लोगों को काफी राहत मिली।क्योंकि करीब 3:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक गरज के साथ आंधी तूफान व जोरदार वर्षा हुई जिससे कई दुकानों में भी पानी घुस गया। दुकानदार राजेश गोस्वामी व ओमप्रसाद ने बताया कि काली मंदिरके प्रांगण में जोरदार वर्षा होने से तलाब जैसा बन गया था। और दुकान में पानी घुस गया जिसमें 20000 का समान बर्बाद हो गया। वही डब्बा बाल्टी से पानी को निकाला गया। वर्षा इतनीतेज हुई नाली नाला खेतों में पानी ही पानी हो गया। वहीं किसानों के चेहरे पर हर्ष दिखाई दे रहा है।

### अलग-अलग मामले के 7 फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**हरिहरगंज।** थाना पुलिस ने अलग-अलग मामले के 7 फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि तीन प्राथमिक अभियुक्त न्यू एरिया हरिहरगंज मोहल्ला निवासी बादल कुमार व मनीष कुमार शर्मा उर्फ आकाश और उसके पिता मनोज ठठेरा प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि प्राथमिक अभियुक्त रामजी राम, उद्धेश्वर विश्वकर्मा तथा प्रमोद विश्वकर्मा उक्त तीनों ढाब कला निवासी तथा कोकरो गांव निवासी फरार वारंटी मनीष कुमार सिंह उर्फ मृदुल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### दुर्घटना का सबब बनता जा रहा है बैरिया पाटन मुख्य पथ का गड्ढे



**पाटन।** पलामू पथ प्रमंडल विभाग की घोर लापरवाही से एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है। बैरिया पाटन मुख्य पथ हिसरा बरवाडीह के समीप बंका पुल के पास बीच रोड पर एक सुरंग की तरह गड्ढा बन गया है। जिससे आए दिन एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है। संवेदकों द्वारा रोड का मरम्मति नहीं करते हैं। जिसके कारण सड़क दुर्घटना बढ़ती जा रही है। दिनों दिन गड्ढे का आकार बढ़ते जा रहा है। इस गड्ढे पर न ही प्रशासन की नजर है और ना कोई राजनीतिक नेता की। रोड निर्माण पर सरकार के करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन इस रोड का भयावह गड्ढा का शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है। गड्ढे का कारण से कई की जान जा सकती है।

## विधायक ने मुख्यमंत्री से की वित्त रहित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के विधायक कमलेश कुमार सिंह से उनके आवास पर मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम पत्र वित्त रहित शिक्षक संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने अनुदानित इंटर कॉलेजों व उच्च विद्यालयों, संस्कृत व मदरसा विद्यालयों के शिक्षक व कमर्चारियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने व विभाग के पास लंबित बढ़ोतरी अनुदान राशि के प्रस्ताव को मंत्री परिषद में भेजवाने का आग्रह किया गया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र देकर बताया है कि विगत तीन दशक से अनुसूचित जाति / जनजाति व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र - छात्राएं पढ़ते आये हैं। इनके पठन-पाठन कार्य में जुटे शिक्षक को वेतन न लेकर अनुदानित सेवा देते रहे हैं। इस मंहगाई के दौर में कई शिक्षक सेवानिवृत भी हो चुके हैं। ऐसी संस्थाओं के नहीं होने से आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करना मुश्किल होगा। वर्तमान में उनकी स्थिति को देखते हुए क्षेत्र भ्रमण के दौरान शिक्षकों को ही नहीं बल्कि उनके आवास का भी घेराव भी करते आये हैं। विधायक ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से वित रहित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की है।

## शिविर में बकाएदार ने जमा की बिजली बिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** जेबीवीएनएल की ओर से स्टेशन रोड में बिजली बिल वसूली के लिए मासिक शिविर लगाया गया। इस मौके पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यहां प्रत्येक माह के 28 तारीख को बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया जाता है। इस महीने 102 उपभोक्ता से लगभग 2 लाख 10 रुपए के बकाया बिजली बिल की वसूली की गई है। उन्होंने आगे कहा की 5 हजार से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं का विभाग विद्युत कनेक्शन काट रही है। ऐसे में इससे बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिल का भुगतान करना जरूरी है। जिन उपभोक्ताओं के घर मीटर नहीं लगा है वे कार्यालय से संपर्क कर लगवा ले। जिन उपभोक्ताओं का मीटर घर के अंदर है, उन्हें मीटर घर के बाहर लगवाना होगा। विभाग विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए ये कदम उठा रही है। इसलिए ऐसे उपभोक्ता कार्यालय से संपर्क कर जल्द से जल्द घर के बाहर मीटर लगवा ले। वहीं नए उपभोक्ता अपना कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से किसी साइबर कैफे या प्रज्ञाकेंद्र में आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर कैशियर लंकेश कुमार, ललितेश्वर मेहता, रंजय कुमार, ऊर्जामित्र रविशंकर सिंह बिट्टू व मंटू मुंडा मौजूद थे।

## सहायक अध्यापक संघ ने मृत शिक्षक के आश्रित को दी सहायता राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लकसेरा के मृत सहायक अध्यापक अवध किशोर राम के आश्रितो को सहायक अध्यापक संघ ने सहायता राशि दी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण के दौरान लू लगने के कारण सदर अस्पताल मेदिनीनगर से बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई थी। शनिवार को सहायक अध्यापक संघ ने मृतक के पैतृक गांव बैराव पहुंच कर उनकी पत्नी को 1 लाख 39 हजार रुपए की सहयोग राशि दी। साथ ही साथ यथासंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल, आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव बैद्यनाथ पासवान, मीडिया प्रभारी अनिल पासवान, उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम, कोषाध्यक्ष अविनाश सिन्हा, रजनीश कुमार, अनिल कुमार सिंह, अभय राम, वीरेंद्र पाल, पप्पू पासवान, विनय शर्मा, कृष्ण कुमार राम, रमेश राम, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, दिलीप भगत, संजीव कुमार, अशोक पासवान, रामचंद्र राम, उपेंद्र ठाकुर, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## हेमंत के जेल से बाहर आने पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेल मिलने की खबर मिलते ही हुसैनाबाद में जेएमएम नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी व आतिशबाजी की। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र की पोल खुल गई। न्यायपालिका ने निष्पक्षता का परिचय देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ किसी तरह का साक्ष्य नहीं मिलने पर उन्हें नियमित बेल दे दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान की ताकत ने दूध का दूध व पानी का पानी कर दिया। षड्यंत्रकारियों को विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता करारा जवाब देगी। डॉ. एजाज आलम ने कहा कि उच्च न्यायालय ने ईडी को बेनकाब कर दिया है। जमीन मामले में हेमंत सोरेन की कहीं से कोई संलिप्तता का प्रमाण नहीं मिला। यही वजह है कि न्यायपालिका ने न्याय किया है। जेएमएम कार्यकर्ताओं ने नारा भी लगाया, जेल का ताला टूटा, हेमंत भईया छूटा, लोकसभा झांकी है, विधानसभा अभी बाकी है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं व नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर जेएमएम नेता नेहाल असगर, विवेकानंद सिंह, अशोक सिंह, राम बच्चन बैठा, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यादुद्दीन सिद्दीकी, मुन्ना कुमार देव, सदाम हुसैन, इजहार अंसारी, साहिल कुमार, मनीष यादव, मिथिलेश यादव के अलावा कांग्रेस पार्टी के नदीम खान समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने पर बांटी मिठाइयां, मनाया जश्न



**पाटन।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने की खुशी में पाटन में रैली निकाल कर मिठाइयां बाटी गई। कार्यकर्ताओं के द्वारा नारे लगाए गए। इस रैली के नेतृत्व का चार चांद लगाने के लिए महागठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां ने भी रैली में शामिल होकर हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई की जीत है। सच को दबाया नहीं जा सकता है। भाजपा पार्टी पर प्रहार करते हुए बताया कि जब-जब चुनाव नजदीक आता है तब तो भाजपा अपना कानूनी पेंच दिखाकर नेताओं को जेल के अंदर डाल दिया जाता है। ममता भुइयां ने अपने समर्थकों के साथ बगैया, नावाजयपुर क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों का हाल-चाल लिया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ हेमंत सोरेन को बेल मिलने की खुशी में जश्न मनाया। बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर से महागठबंधन का सीट तय है। मौके पर बलदेव भुइयां, इस्तेखार अंसारी, पपू सिंह, दीनदयाल सिंह, रंजन यादव समेत अन्य झामुमो में कार्यकर्ता शामिल थे।

## छतरपुर विधानसभा में कई ज्वलंत समस्याएं हैं : पूर्व सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर भाजपा नेता पूर्व सांसद घुरन राम ने विजय तारा होटल में स्थनीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि छतरपुर विधानसभा में कई ज्वलंत समस्याएं हैं। जिसे निराकरण करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने छतरपुर की मूल समस्या पीने के लिए पानी का काफी समस्या है। लगतार कई सालों से सोननदी से पाइप द्वारा हुसैनाबाद, लठेया और छतरपुर में पानी के लिए काम हो रहा जो अभीतक पूरा नहीं हुआ। पूर्व सासंद घूरन राम ने संबंधित पदाधिकारी से बात की, 10 दिन का और समय मांगा। उन्होंने कहा कि अगर दस दिन में सोननदी से पानी सफ्लाई नहीं हुई तो चरनवध तरीके से आंदोलन होगा। पत्रकारों को संबोंधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता के आशीर्वाद से चुनाव निश्चित लडेंगे। छतरपुर विधानसभा के जनता के सेवा के लिए एक बार मौके देने की बात कही। पत्रकारों को संबोंधित करते हुए कहा कि पलामू ससंदीय क्षेत्र के सेवा के लिए 18 माह ही मौका मिला फिर भी शेरघाटी, नौडीहा बाजार, छतरपुर डाल्टनगंग के लिए 4 सौ 38 करोड़ का टेंडर हुआ था लेकिन किसी कारण वश फंस गया। दुबारा रिटेंडर अभीतक नहीं हुई।

**कार्यक्रम**

### 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण

# बच्चे उत्साहित होंगे व शिक्षण कार्य में होगा सुधार : विद्या देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**नावाबाजार।** प्रखंड स्थित कंडा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्रशाल में शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आठवीं कक्षा में अध्यनरत एसटी, एससी, अल्पसंख्यक व पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड प्रमुख विद्या देवी, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजबली महरा, उप प्रमुख खुर्शीद आलम, बीडीओ बिजय प्रसाद मरांडी, बीईईओ हरि प्रसाद ठाकुर, बीपीओ अंजना रानी, चिंतामणि विश्वकर्मा, संदीप कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख विद्या देवी ने कहा कि साइकिल मिलने से दूर दराज के छात्रों को स्कूल आने जाने में सहूलियत होगी। बच्चे उत्साहित होंगे व शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या कम होगी। वहीं सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बीईईओ हरि प्रसाद ठाकुर ने कहा कि कल्याण विभाग से 200 साईकिल उपलब्ध कराए गए थे। जिसे प्रखंड के 15 स्कूलों के बच्चों के बीच वितरण किया गया है। अवशेष बच्चों को कल्याण विभाग से साईकिल प्राप्त होते हीं उपलब्ध करा दिया जाएगा। बच्चे नियमित विद्यालय जाकर पठन पाठन कार्य करें। सरकार के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए कई सारी योजनाएं चलाई गई हैं जिसका लाभ बच्चों मिल रहा है। आगे भी मिलता रहेगा।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह उप प्रमुख अमित कुमार चौहान चिकित्सा प्रभारी डॉ. महेंद्र प्रसाद चिकित्सक डॉ रियाज अनवर बीपीएम अनुज कुमार सिंह आईसीडीएस के अजीत तिवारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों के आगमन पर अस्पताल प्रबंधक के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर व्यवस्था बहाल करने,स्वास्थ्य केंद्र के सुंदरीकरण सहित अन्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई साथ ही स्वास्थ्य केंद्र को और बेहतर एवं सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक उपकरण एवं संसाधनों को लगाने हेतु सहमति बनाई गई जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन प्लांट के शुरू करने हेतु 200 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाने, पेयजल हेतु डीप बोरिंग कराने, मरीज के बैठने हेतु तीन सीटर कुर्सी लगवाने, एंबुलेंस का संचालन, प्रसव कक्ष की विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक उपरांत प्रखंड प्रमुख ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया एवं मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को अपने दायित्व का ठीक ढंग से निर्वहन करने का निर्देश भी दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करना बेहद हर्ष की बात है इससे मरीजों को विशेष लाभ होगा व प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ होगा मौके पर बैठक में स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### बजरंगदल कार्यकर्ता के निधन, शोक



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 स्थित जवाहिर गली निवासी व बजरंगदल कार्यकर्ता छोटेलाल केशरी 40 वर्ष का निधन हो गया। वे विगत एक माह से किडनी की समस्या से ग्रसित थे। जिनका इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह मेदिनीनगर में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी में किया गया। उनके निधन पर आरएसएस के जिला संघचालक दिनेश कश्यप, बजरंग दल के लोकनाथ केशरी, भाजपा के विनोद कुमार सिंह, जेएमएम के आलोक कुमार सिंह, राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, कांग्रेस के धनंजय तिवारी, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, सुरेंद्र पाल, राजेन्द्र पाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अजित अग्रवाल, दीनानाथ सोनी, प्रदीप कायनस्कर, उदय सोनी, श्रवण अग्रवाल, उदय सोनी, उदयनाथ विश्वकर्मा, गोपाल पाठक , कामख्या सिंह, राजकुमार कश्यप , छठन राम सहित बजरंग दल एवं संघ के स्वयंसेवकों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया और परिवार को इस दुःख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### जन आरोग्य समिति के बैठक में जिला पार्षद ने लिए कई निर्णय

**हैदरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हुसैनाबाद अन्तर्गत प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैदरनगर में जन आरोग्य समिति की बैठक जिला पार्षद सदस्य सह अध्यक्ष संगीता देवी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें अस्पताल परिसर की चहारदीवारी निर्माण, पौधारोपण, अस्पताल भवन का रंगरोगन, विभिन्न स्थानों की मरम्मती, बेड पर चादर की व्यवस्था, मरीजों के हित व सुविधा के लिए कई बिन्दुओं पर आवश्यक निर्णय लिया गया। उन्होंने बैठक के बाद स्वास्थ्यकर्मियों व चिकित्सकों के साथ अस्पताल परिसर की सूक्ष्मता से निरीक्षण व उपलब्ध मरीजों की सुविधा का जाएजा लिया। बैठक में समिति सचिव डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, सदस्य डॉ. ज्योतिष कुमार, पीएचईडी के तकनीकी सहायक व कार्य निरीक्षक दधिवल प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका शांति कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, फार्मासिस्ट नवीन कुमार, ड्रेसर सिपाही राम, प्रमोद सिंह सहित कई एएनएम उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन जलाने के आरोपी माओवादी समेत चार गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद के सड़ेया में नक्सलियों के द्वारा सड़क निर्माण के काम में लगे वाहन जलाए जाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस सबंध में एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। एसआईटी का गठन कर मामले की जांच की गई। जिसमें पुलिस को यह सफलता मिली है।

उल्लेखनीय है कि 26 जून की रात 10 बजे सड़ेया में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नितेश जी के दस्ते ने एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर में आग लगा दी थी। लेवी नहीं देने के कारण घटना को अंजाम दिया गया था। सड़ेया से डंडिला तक सड़क निर्माण में तीनों वाहन लगे हुए थे।

इधर एसपी ने बताया कि इसी क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त सुरेश रजवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि लोकसभा चुनाव के समय हैदरनगर थाना क्षेत्र सलैया टिकर, पटरिया, भदूवा और बरेवा में चुनाव बहिष्कार का पोस्टर माओवादी कमांडर नितेश यादव के कहने पर लगाया था। माओवादी नितेश के ने सड़ेया के पूर्व नक्सली बृजदेव रजवार और कामेन्द्र राम से भी पोस्टरबाजी करायी थी। पुलिस ने पोस्टरबाजी में संलिप्त दोनों आरोपितों को भी गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर बचे हुए तीन पोस्टर बरामद किए गए।

कांड के एक अन्य प्राथमिकी अभियुक्त मृत्युंजय यादव उर्फ दुखन को हरिहरगंज से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि घटना के दिन सड़ेया आगजनी कांड में रेकी किया था और माओवादी नितेश यादव के दस्ते के साथ मिलकर गाड़ियों को लेवी नहीं देने के कारण जलाया था। उसके पास से लेवी के रूप में वसूले गए तीन हजार रुपये और घटना के दिन इस्तेमाल मोबाइल बरामद किया गया।

मृत्युंजय यादव उर्फ दुखन उर्फ अरुणजय (31) हरिहरगंज के तुरी टोला लंगुराही का रहने वाला है। सुरेश रजवार (58) हुसैनाबाद डंडिला बिलासपुर, कामेन्द्र राम (35) इसी थाना क्षेत्र के कामगारपुर और बृजदेव रजवार (65) हैदरनगर थाना क्षेत्र के सड़ेया टोलाबांध का रहने वाला है।

गिरफ्तारी टीम में हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

## विधायक ने मुख्यमंत्री से की वित्त रहित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के विधायक कमलेश कुमार सिंह से उनके आवास पर मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम पत्र वित्त रहित शिक्षक संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने अनुदानित इंटर कॉलेजों व उच्च विद्यालयों, संस्कृत व मदरसा विद्यालयों के शिक्षक व कमर्चारियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने व विभाग के पास लंबित बढ़ोतरी अनुदान राशि के प्रस्ताव को मंत्री परिषद में भेजवाने का आग्रह किया गया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र देकर बताया है कि विगत तीन दशक से अनुसूचित जाति / जनजाति व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र - छात्राएं पढ़ते आये हैं। इनके पठन-पाठन कार्य में जुटे शिक्षक को वेतन न लेकर अनुदानित सेवा देते रहे हैं। इस मंहगाई के दौर में कई शिक्षक सेवानिवृत भी हो चुके हैं। ऐसी संस्थाओं के नहीं होने से आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करना मुश्किल होगा। वर्तमान में उनकी स्थिति को देखते हुए क्षेत्र भ्रमण के दौरान शिक्षकों को ही नहीं बल्कि उनके आवास का भी घेराव भी करते आये हैं। विधायक ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से वित रहित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की है।

## शिविर में बकाएदार ने जमा की बिजली बिल



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** जेबीवीएनएल की ओर से स्टेशन रोड में बिजली बिल वसूली के लिए मासिक शिविर लगाया गया। इस मौके पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यहां प्रत्येक माह के 28 तारीख को बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया जाता है। इस महीने 102 उपभोक्ता से लगभग 2 लाख 10 रुपए के बकाया बिजली बिल की वसूली की गई है। उन्होंने आगे कहा की 5 हजार से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं का विभाग विद्युत कनेक्शन काट रही है। ऐसे में इससे बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिल का भुगतान करना जरूरी है। जिन उपभोक्ताओं के घर मीटर नहीं लगा है वे कार्यालय से संपर्क कर लगवा ले। जिन उपभोक्ताओं का मीटर घर के अंदर है, उन्हें मीटर घर के बाहर लगवाना होगा। विभाग विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए ये कदम उठा रही है। इसलिए ऐसे उपभोक्ता कार्यालय से संपर्क कर जल्द से जल्द घर के बाहर मीटर लगवा ले। वहीं नए उपभोक्ता अपना कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से किसी साइबर कैफे या प्रज्ञाकेंद्र में आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर कैशियर लंकेश कुमार, ललितेश्वर मेहता, रंजय कुमार, ऊर्जामित्र रविशंकर सिंह बिट्टू व मंटू मुंडा मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी



**सतबरवा।** सतबरवा में उमश भरी गर्मी के बाद शनिवार को झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त किसानों के चेहरे पर खुशी। वर्षा की शुरूआत धमाकेदार एक सप्ताह से लगातार भारी उमश भरी गर्मी से परेशान लोगों को काफी राहत मिली।क्योंकि करीब 3:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक गरज के साथ आंधी तूफान व जोरदार वर्षा हुई जिससे कई दुकानों में भी पानी घुस गया। दुकानदार राजेश गोस्वामी व ओमप्रसाद ने बताया कि काली मंदिरके प्रांगण में जोरदार वर्षा होने से तलाब जैसा बन गया था। और दुकान में पानी घुस गया जिसमें 20000 का समान बर्बाद हो गया। वही डब्बा बाल्टी से पानी को निकाला गया। वर्षा इतनीतेज हुई नाली नाला खेतों में पानी ही पानी हो गया। वहीं किसानों के चेहरे पर हर्ष दिखाई दे रहा है।

### अलग-अलग मामले के 7 फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**हरिहरगंज।** थाना पुलिस ने अलग-अलग मामले के 7 फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि तीन प्राथमिक अभियुक्त न्यू एरिया हरिहरगंज मोहल्ला निवासी बादल कुमार व मनीष कुमार शर्मा उर्फ आकाश और उसके पिता मनोज ठठेरा प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि प्राथमिक अभियुक्त रामजी राम, उद्धेश्वर विश्वकर्मा तथा प्रमोद विश्वकर्मा उक्त तीनों ढाब कला निवासी तथा कोकरो गांव निवासी फरार वारंटी मनीष कुमार सिंह उर्फ मृदुल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### दुर्घटना का सबब बनता जा रहा है बैरिया पाटन मुख्य पथ का गड्ढे



**पाटन।** पलामू पथ प्रमंडल विभाग की घोर लापरवाही से एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है। बैरिया पाटन मुख्य पथ हिसरा बरवाडीह के समीप बंका पुल के पास बीच रोड पर एक सुरंग की तरह गड्ढा बन गया है। जिससे आए दिन एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है। संवेदकों द्वारा रोड का मरम्मति नहीं करते हैं। जिसके कारण सड़क दुर्घटना बढ़ती जा रही है। दिनों दिन गड्ढे का आकार बढ़ते जा रहा है। इस गड्ढे पर न ही प्रशासन की नजर है और ना कोई राजनीतिक नेता की। रोड निर्माण पर सरकार के करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन इस रोड का भयावह गड्ढा का शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है। गड्ढे का कारण से कई की जान जा सकती है।

## सहायक अध्यापक संघ ने मृत शिक्षक के आश्रित को दी सहायता राशि



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लकसेरा के मृत सहायक अध्यापक अवध किशोर राम के आश्रितो को सहायक अध्यापक संघ ने सहायता राशि दी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण के दौरान लू लगने के कारण सदर अस्पताल मेदिनीनगर से बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई थी। शनिवार को सहायक अध्यापक संघ ने मृतक के पैतृक गांव बैराव पहुंच कर उनकी पत्नी को 1 लाख 39 हजार रुपए की सहयोग राशि दी। साथ ही साथ यथासंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल, आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव बैद्यनाथ पासवान, मीडिया प्रभारी अनिल पासवान, उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम, कोषाध्यक्ष अविनाश सिन्हा, रजनीश कुमार, अनिल कुमार सिंह, अभय राम, वीरेंद्र पाल, पप्पू पासवान, विनय शर्मा, कृष्ण कुमार राम, रमेश राम, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, दिलीप भगत, संजीव कुमार, अशोक पासवान, रामचंद्र राम, उपेंद्र ठाकुर, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## हेमंत के जेल से बाहर आने पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेल मिलने की खबर मिलते ही हुसैनाबाद में जेएमएम नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी व आतिशबाजी की। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र की पोल खुल गई। न्यायपालिका ने निष्पक्षता का परिचय देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ किसी तरह का साक्ष्य नहीं मिलने पर उन्हें नियमित बेल दे दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान की ताकत ने दूध का दूध व पानी का पानी कर दिया। षड्यंत्रकारियों को विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता करारा जवाब देगी। डॉ. एजाज आलम ने कहा कि उच्च न्यायालय ने ईडी को बेनकाब कर दिया है। जमीन मामले में हेमंत सोरेन की कहीं से कोई संलिप्तता का प्रमाण नहीं मिला। यही वजह है कि न्यायपालिका ने न्याय किया है। जेएमएम कार्यकर्ताओं ने नारा भी लगाया, जेल का ताला टूटा, हेमंत भईया छूटा, लोकसभा झांकी है, विधानसभा अभी बाकी है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं व नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर जेएमएम नेता नेहाल असगर, विवेकानंद सिंह, अशोक सिंह, राम बच्चन बैठा, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यादुद्दीन सिद्दीकी, मुन्ना कुमार देव, सदाम हुसैन, इजहार अंसारी, साहिल कुमार, मनीष यादव, मिथिलेश यादव के अलावा कांग्रेस पार्टी के नदीम खान समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने पर बांटी मिठाइयां, मनाया जश्न



**पाटन।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने की खुशी में पाटन में रैली निकाल कर मिठाइयां बाटी गई। कार्यकर्ताओं के द्वारा नारे लगाए गए। इस रैली के नेतृत्व का चार चांद लगाने के लिए महागठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां ने भी रैली में शामिल होकर हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई की जीत है। सच को दबाया नहीं जा सकता है। भाजपा पार्टी पर प्रहार करते हुए बताया कि जब-जब चुनाव नजदीक आता है तब तो भाजपा अपना कानूनी पेंच दिखाकर नेताओं को जेल के अंदर डाल दिया जाता है। ममता भुइयां ने अपने समर्थकों के साथ बगैया, नावाजयपुर क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों का हाल-चाल लिया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ हेमंत सोरेन को बेल मिलने की खुशी में जश्न मनाया। बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर से महागठबंधन का सीट तय है। मौके पर बलदेव भुइयां, इस्तेखार अंसारी, पपू सिंह, दीनदयाल सिंह, रंजन यादव समेत अन्य झामुमो में कार्यकर्ता शामिल थे।

## छतरपुर विधानसभा में कई ज्वलंत समस्याएं है : पूर्व सांसद



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** छतरपुर भाजपा नेता पूर्व सांसद घुरन राम ने विजय तारा होटल में स्थनीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि छतरपुर विधानसभा में कई ज्वलंत समस्याएं हैं। जिसे निराकरण करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने छतरपुर की मूल समस्या पीने के लिए पानी का काफी समस्या है। लगतार कई सालों से सोननदी से पाइप द्वारा हुसैनाबाद, लठेया और छतरपुर में पानी के लिए काम हो रहा जो अभीतक पूरा नहीं हुआ। पूर्व सांसद घूरन राम ने संबंधित पदाधिकारी से बात की, 10 दिन का और समय मांगा। उन्होंने कहा कि अगर दस दिन में सोननदी से पानी सफ्लाई नहीं हुई तो चरनवध तरीके से आंदोलन होगा। पत्रकारों को संबोंधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता के आशीर्वाद से चुनाव निश्चित लडेंगे। छतरपुर विधानसभा के जनता के सेवा के लिए एक बार मौके देने की बात कही। पत्रकारों को संबोंधित करते हुए कहा कि पलामू ससंदीय क्षेत्र के सेवा के लिए 18 माह ही मौका मिला फिर भी शेरघाटी, नौडीहा बाजार, छतरपुर डाल्टनगंग के लिए 4 सौ 38 करोड़ का टेंडर हुआ था लेकिन किसी कारण वश फंस गया। दुबारा रिटेंडर अभीतक नहीं हुई।

**कार्यक्रम**

### 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण

# बच्चे उत्साहित होंगे व शिक्षण कार्य में होगा सुधार : विद्या देवी



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** प्रखंड स्थित कंडा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्रशाल में शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आठवीं कक्षा में अध्यनरत एसटी, एससी, अल्पसंख्यक व पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड प्रमुख विद्या देवी, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजबली महरा, उप प्रमुख खुर्शीद आलम, बीडीओ बिजय प्रसाद मरांडी, बीईईओ हरि प्रसाद ठाकुर, बीपीओ अंजना रानी, चिंतामणि विश्वकर्मा, संदीप कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख विद्या देवी ने कहा कि साइकिल मिलने से दूर दराज के छात्रों को स्कूल आने जाने में सहूलियत होगी। बच्चे उत्साहित होंगे व शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या कम होगी। वहीं सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बीईईओ हरि प्रसाद ठाकुर ने कहा कि कल्याण विभाग से 200 साईकिल उपलब्ध कराए गए थे। जिसे प्रखंड के 15 स्कूलों के बच्चों के बीच वितरण किया गया है। अवशेष बच्चों को कल्याण विभाग से साईकिल प्राप्त होते हीं उपलब्ध करा दिया जाएगा। बच्चे नियमित विद्यालय जाकर पठन पाठन कार्य करें। सरकार के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए कई सारी योजनाएं चलाई गई हैं जिसका लाभ बच्चों मिल रहा है। आगे भी मिलता रहेगा।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की हुई बैठक



नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह उप प्रमुख अमित कुमार चौहान चिकित्सा प्रभारी डा. महेंद्र प्रसाद चिकित्सक डॉ रियाज अनवर बीपीएम अनुज कुमार सिंह आईसीडीएस के अजीत तिवारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों के आगमन पर अस्पताल प्रबंधक के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर व्यवस्था बहाल करने,स्वास्थ्य केंद्र के सुंदरीकरण सहित अन्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई साथ ही स्वास्थ्य केंद्र को और बेहतर एवं सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक उपकरण एवं संसाधनों को लगाने हेतु सहमति बनाई गई जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन प्लांट के शुरू करने हेतु 200 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाने, पेयजल हेतु डीप बोरिंग कराने, मरीज के बैठने हेतु तीन सीटर कुर्सी लगवाने, एंबुलेंस का संचालन, प्रसव कक्ष की विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक उपरांत प्रखंड प्रमुख ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया एवं मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को अपने दायित्व का ठीक ढंग से निर्वहन करने का निर्देश भी दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करना बेहद हर्ष की बात है इससे मरीजों को विशेष लाभ होगा व प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ होगा मौके पर बैठक में स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मी मौजूद थे।





## एक नजर

### वार्ड नंबर 16 की गली की स्थिति नारकीय

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र का वार्ड नंबर 16 रेड़मा चौक ब्लैक बेरी, मान्यवर शो रूम के बगल वाली गली की स्थिति बहुत ही खराब है। उस क्षेत्र के लोग नारकीय हालात में जीने को मजबूर है। सड़क व नाली नहीं होने के कारण आम लोगों का उस रास्ते से आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाली नहीं होने के कारण घरों के काम का पानी सड़कों पर बहता रहता है। मुहल्ले के लोग कई बार इस संबंध में नगर निगम को लिखित आवेदन देकर नाली व सड़क निर्माण की मांग कर चुके है, लेकिन कोई भी परिणाम अभी तक सामने नहीं आया है। उस क्षेत्र के सभी घरों से निगम होल्डिंग टैक्स भी लेता रहा है। मुहल्लेवासियों का कहना है कि वह सभी काफी खराब हालत में जी रहे हैं। नगर निगम उन लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। नाली व सड़क निर्माण की मांग करने वालों में कमलेश सिन्हा, शिक्षा वि....राहुल चतुर्वेदी, राकेश उर्फ गुडू पांडेय, दिवाकर पांडेय, मिथल कुमार, सुरेश सोनी, प्रहलाद सोनी, सरताज अंसारी, प्रदीप तिवारी, नारेन्द्र तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, अतुल कुमार, मनोज पांडेय, संतोष तिवारी, अखिलेश तिवारी, कृष्णा तिवारी, बिरेन्द्र अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, संजय सोनी के नाम शामिल हैं। शिक्षाविद् राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि उन लोगों का मुहल्ला में रहना मुश्किल हो गया है।

### अवैध उत्खनन और भंडारण, परिवहन को लेकर पूरे जिला में छापेमारी

# अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर व ओवरलोड एक ट्रक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध उत्खनन, भंडारण,परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में पूरे जिले में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध रूप से संचालित चंलत चिमनी ईंट भट्ठा के खिलाफ शनिवार को नावा जयपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर तीसिबार मौजा में अवैध रूप से संचालित चंलत चिमनी ईंट भट्ठा के विरुद्ध कार्रवाई की। खनन पदाधिकारी ने चंलत चिमनी भट्ठा में तीन लाख पक्का ईंट, एक टन कोयला को जब्त कर लिया। साथ ही थाने में मिथलेश साव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि अवैध ईट भट्ठा संचालको के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी तरह पिपरा सीओ परितोष प्रियदर्शी के नेतृत्व में ओवरलोड चिप्स ले जाते ट्रक को पकड़ा गया। चैनपुर व नौडीहा में अवैध बालू ले जाते दो ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया। पिपरा अंचल अधिकारी ने एक ट्रक को ओवरलोड चिप्स ले जाते पकड़ा। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी व चैनपुर थाना प्रभारी द्वारा छापेमारी कर अवैध रूप से बालू परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर समेत सौ-सौ सीएफटी बालू को जब्त किया गया। सभी पर कार्रवाई के लिए खनन विभाग भेजा दिया गया। खनन विभाग द्वारा जांच के बाद ट्रैक्टर, ट्रक मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी। डीएमओ ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, परिवहन,भंडारण नहीं होने दिया जाएगा। अवैध कारोबारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



**जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, परिवहन,भंडारण नहीं होने दिया जाएगाः डीएमओ**

## न्यूज बॉक्स

### डीडीसी ने योगदान किया




**मेदिनीनगर।** जिले के 54 वें उप विकास आयुक्त के रूप में शनिवार को शब्बीर अहमद ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के बाद श्री अहमद ने कहा कि निवर्तमान उप विकास आयुक्त के कार्य को आगे बढाना, विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ मिलकर गति देने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना व उसे धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी।

### झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा हुआ

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में आर्द्रा नक्षत्र के सातवें दिन झामाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे आंशिक रूप से खिल उठें। शनिवार की दोपहर से आसमान में काले बादल छा गए थे। उमड़-घूमड़ रहे बादल व हल्की गर्जन के साथ मौसम ने अचानक से करवट ली। मौसम के करवट लेते ही बारिश की फुहार ने लोगों का जिले में पहली बार स्वागत किया। शाम तीन बजतें ही पहले हल्की बुंदा-बांदी शुरू हुई। एक घंटा के बाद जमकर झमाझम बारिश शुरू हो गया। तीन घंटे बारिश होने से आम लोगों को गर्मी से राहत मिली। बात दे कि इस मौसम का यह पहली बारिश है। हल्की बारिश से ही जिले के किसानों को खेती की कुछ उम्मीदे जग गई है। आर्द्रा नक्षत्र में मकई, बराइ, बोदी, तील, राहर की बुआई की जाती है। इसके अलावा धान का बिचड़ा भी खेतों में छींटा जाता है। अगर मौसम इसी तरह एक सप्ताह तक बना रहा तो किसान फिर अपने खेतों में हल-बैल लेकर उतरना भी शुरू कर देंगे। पलामू जिले के किसान मौसम की मार से हमेशा परेशान रहते हैं।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पलामू कि सिंचाई परियोजनाएंः अमित तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि लाल फीताशाही व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी गई है पलामू की सिंचाई परियोजनाएं। रख रखाव व मेंटेनेंस के अभाव में पलामू की सारी सिंचाई परियोजना दम तोड़ रही है। पलामू के किसान लगातार अकाल व सूखा से परेशान हो रहे हैं। उनकी आर्थिक हालात बद से बदतर होती जा रही है, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं कर रही है। ये बातें भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समय पर किसानों को खाद्य बीज नहीं उपलब्ध करा रही है। न ही उनके द्वारा उत्पादित अनाज को सरकार खरीद रही है। उचित समय पर राशि का भुगतान नहीं होने से नाजायज फायदा बिचौलिये उठा रहे हैं। केंद्र की योजना किसान सम्मान निधि से हजारों किसानों को जान बूझकर वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारी बिना कारण बताएं सैकड़ों किसानों के खाता को बंद कर रहे हैं, जिससे इसके लाभ से किसानों को वंचित किया जा रहा है। पलामू में बने सैकड़ों सीरियल चेक डैम, लिफ्ट इरीगेशन, भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ चुका हैं। उससे किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है। जानकारी लेने पर विभाग यह बताने की स्थिति में नहीं है की सीरियल चेक डैम से लिफ्ट इरीगेशन से कितना जमीन का सिंचाई हो रहा है और कितना जमीन का सिंचाई होना था। ठेकेदार और विभाग के इंजीनियरों से घालमेल के कारण सारी योजनाओं का निर्माण नहीं बल्कि लूट हो रहा है।



### शिक्षकों का दस दिवसीय कंप्यूटर विषय पर प्रशिक्षण शुरू

**मेदिनीनगर।** आरके बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, आरके गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय मेदिनीनगर, पलामू प्रशिक्षण केंद्र में झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची व स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर शिक्षकों को कंप्यूटर विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण दो बैच के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय व प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय के 52 शिक्षकों को दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में कंप्यूटर के बारे में बुनियादी जानकारी देना व उनकी शैक्षिक दक्षता को बढ़ाना है। प्रशिक्षण में मुख्यतः परियोजना द्वारा लगाये गए डिजिटल स्मार्ट क्लास, आईसीटी कंप्यूटर लैब के बारे में शिक्षकों का कौशल विकास करना है।

# विकास कार्य मील का पत्थर साबित होगा : आलोक चौरसिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधायक आलोक चौरसिया ने शनिवार को नगर निगम क्षेत्र के तीन तालाबों का जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया। तीनों तालाब के जीर्णोद्वार पर 5.26 करोड़ रूपए का खर्च आएगा। जिन तालाबों का जीर्णोद्धार होना है उनमें वार्ड संख्या 34 में सूर्य मंदिर तालाब, वार्ड 17 में सामदह तालाब, वार्ड 18 में गुरियाही तालाब का नाम शामिल है। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराई। उन्होंने कहा कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकासके कार्य को वह पूरी ईमानदारी से करने के लिए प्रयासरत हैं। शिलान्यास हुए परियोजनाएं केवल बुनियादी सूचना की सेवाओं को मजबूत बनाने के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा, सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार करने का भी उद्देश्य रखती हैं। सूर्य मंदिर, सामदह तालाब, गुरियाही तालाब का जीर्णोद्धार से पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। तीनों तालाबों का जीर्णोद्धार हो जाने से छठ पूजा के समय श्रद्धालुओं के लिए सहूलियत होगी। क्षेत्र में जिस तरह से शिलान्यास कार्यक्रम हो रहे हैं यह डालटनगंज के लिए प्रगति व समृद्धि की एक नई यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सक्रिय दृष्टिकोण व अथक प्रयासों ने इन परियोजनाओं को वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भविष्य में भी समर्थन व सहयोग बनाए रखने की अपील की। पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा कि विधायक आलोक चौरसिया ने एक अत्यंत पिछड़े हुए इलाके को मुख्यधारा से जोड़कर यह साबित किया है कि एक युवा विधायक ही इस क्षेत्र का विकास कर सकता है। विधायक ग्राउंड स्तर पर काम करने में विश्वास रखते हैं। विधायक के अथक प्रयाश से आरओबी से सेमरा माइंस तक 16.8 किमी सड़क निर्माण की स्वीकृति पिछले महीने मिल चुकी है। जल्द ही क्षेत्रवासियों को सुंदर, स्वच्छ, चौड़ी सड़क का सौगात मिलेगा। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### तीन नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरूआत की गई है : संतोष पांडेय

**मेदिनीनगर।** पहली जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानूनो में जांच, मुकदमे, अदालती कार्यवाही में प्रधौगिकी पर जोर दिया गया है। ये बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहीं। वे शुक्रवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में बन्दियों के बीच तीन नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत एक व्यक्ति सशरीर पुलिस स्टेशन में उपस्थित हुए बगैर भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटना का रिपोर्ट कर सकता है। इससे पुलिस को भी त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरूआत की गई है। पीड़ित किसी भी थाना में अपनी एफआईआर दर्ज करा सकता है। पीड़ित को एफआईआर की निःशुल्क कॉपी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सशक्त जांच के लिए गंभीर आपराधिक मामलों में सबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य है।

## अध्यात्म

### प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी


# जो अपना नहीं पर अपना प्रतीत हो वही माया हैः जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** जो अपना नहीं है पर अपना जैसा प्रतीत होता है वही माया है। ये बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कही। सिंगरा स्थित यज्ञ स्थल चतुर्थमास व्रत श्रीमद्भागवत कथा-प्रवचन में बोल रहे थे। कहा कि आत्मा अपना है पर हम मानते नहीं। शरीर अपना नहीं है पर शरीर को अपना मान बैठे हैं यही माया है। शारीरिक सुख सुविधाओं के लिए हम धन, दौलत, सोना, चांदी, हीरा, ज्वाहरात, गाड़ी, घोड़ा, बंगला के लिए कर्म करते हैं, उपद्रव करते है। जबकि ये सब कुछ अपना नही है पर इसे ही अपना मानते है यही माया है। यही जड़ माया है। ईश्वर मायावी गुणों से रहित एवं अनन्त हैं। हमें श्री हरि नारायण की कृपा मानकर उनके चरणों से प्रेम करना चाहिए। स्त्री, नारी चेतन माया स्वरूपा हैं। जब जीव माता के गर्भ में आता है तो परमात्मा से विनती करता है कि हमे बाहर निकालिये मैं आपका भजन-पूजन करूंगा, लेकिन होता ठीक उलटा है। बाहर आकर हम परमात्मा को भूल जाते हैं यहीं चेतन माया है। माया महामुनि ज्ञानी नारद को भी भ्रम में डाल देता है। माया भगवान शंकर, ब्रह्मा को नही छोड़ा तो हम मनुष्य कैसे बच सकते है। माया से कहीं नहीं बच सकते। सांसारिक माया को त्याग कर आप मठ, मंदिर, बनाएंगे, यज्ञ कराएंगे वहां भी लक्ष्मी की जरूरत पड़ेगी। वहां भी लक्ष्मी रूपी माया से नही बच सकते। माया से बचने का एक मात्र उपाय है माया पति श्री नारायण से अपना नाता जोड़ लिजिए मैत्री कर लीजिए नारायण नाम संकीर्तन से ही हम माया से बच सकते हैं।



**'हमें श्री हरि नारायण की कृपा मानकर उनके चरणों से प्रेम करना चाहिए। स्त्री, नारी चेतन माया स्वरूपा हैं। जब जीव माता के गर्भ में आता है तो परमात्मा से विनती करता है कि हमे बाहर निकालिये मैं आपका भजन-पूजन करूंगा, लेकिन होता ठीक उलटा है'**

## एक नजर

### कीटनाशक खाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेसका गांव निवासी कन्हाई साह का पुत्र प्रिंस कुमार 18 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना संबंध में बताया गया कि प्रिंस कुमार का बड़ा भाई से किसी बात को लेकर दोनों में आपस में विवाद हुआ था। उसी बात से उग्र होकर प्रिंस कुमार ने कीटनाशक दवा खा लिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है।

### मोटरसाइकिल के धक्के से लूना सवार घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी सुरेंद्र गुप्ता का पुत्र रवि प्रकाश रंजन 24 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि अपने लूना से नामधारी कॉलेज की और आ रहा था। इस दौरान एक मोटरसाइकिल सवार ने उसके लूना में टक्कर मार दिया। जिससे गिरकर वह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### छत से गिरकर महिला घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी प्रेमचंद गुप्ता की पत्नी प्रतिमा देवी छत से गिरकर घायल हो गई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि प्रतिमा देवी छत पर कुछ काम कर रही थी। इस बीच छत पर बिना रेलिंग होने के कारण अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल महिला के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### पुत्र ने पिता को पीट कर किया घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के कितासोती खुर्द गांव निवासी प्रेम बैठा मारपीट की घटना में घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया के प्रेम बैठा का पुत्र पंकज बैठा अपाची मोटरसाइकिल लेने के लिए पिता को बोल रहा था। जब उसके पिता प्रेम बैठ ने इसका विरोध किया तो प्रेम पंकज बैठा लात गुस्से से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भूमि एवं राजस्व मामलों के विशेष लोक अदालत में 16503 मामलों का निष्पादन

# अट्ठानबे करोड़ की परिसंपत्ति वितरित




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झालसा के निर्देश पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राम बच्चन सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित भूमि राजस्व मामलों के विशेष लोक अदालत में 16503 मामले का निष्पादन किया गया वहीं 894473 राजस्व की वसूली हुई। 98 करोड़ 30 लाख 36955 रुपए की परी संपत्ति वितरित की गई ,22 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया है। लोक अदालत के प्रारंभ में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राम बच्चन सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष आनंद प्रसाद, पोक्सो स्पेशल जज दिनेश कुमार, संघ के अध्यक्ष गौतम कृष्ण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रामबचन सिंह ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों, वादकारियों, अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत सौहार्दपूर्ण ढंग से मामलों की निष्पादन करने का एक मंच है जहां समाज में प्रेम की भावना प्रस्तुत होती है। समाज में उत्पन्न मानसिक विकृतियों, वैमनस्यता, शत्रुता, उत्पन्न विवाद को सुलह समझौते से लोक अदालत में निष्पादन किया जाता है। लोक अदालत में निशुल्क व त्वरित न्याय के साथ आपसी प्रेम के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार अहम भूमिका निभाता है जिसमें समाज की अंतिम गरीब व्यक्ति तक लाभान्वित हो सके। लोक अदालत के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक लाभ होने वाले बिंदुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि यह लोक अदालत आम जनता की अदालत है जिसमें न कोई हारता है और न किसी की जीत होती है बल्कि दोनों पक्ष की जीत होती है। आयोजित लोक अदालत में डीएलएसए सचिव रवि चौधरी ने 6 बेंचों का गठन किया था, जिसमें अनुमंडल न्यायालय नगर ऊंटरी और गढ़वा न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी में एडीजे प्रथम संतोष आनंद प्रसाद, शिवनाथ त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमार विपुल, सबजज वीणा कुमारी, मिस संगीता, न्यायिक दंडाधिकारी शाकियि कौशर, एसीजेएम नगर ऊंटरी अरविंद कश्यप, सहित अधिवक्ता गण उपस्थित थे । निष्पादित किए गए मामलों में विभिन्न बैंकों के 6 मामले, अदालत में लंबित सुलहनिय 37 मामले, विद्युत विभाग के 28 मामले, अनुमंडल दंडाधिकारी नगर उटारी और गढ़वा की अदालत से 433 मामले, जिले के सभी प्रखंडों और अंचलों में भूमि और राजस्व मामलों से संबंधित 15999 मामले सहित 16503 मामले का निष्पादन किया गया आज की विशेष अदालत में 98 करोड़ 30 लाख 36955 रुपए की परी संपत्ति बिक्री की गई, आपदा प्रबंधन के तहत पत्रपात में मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया वहीं 22 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल, अनुमंडल अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बंशीधर नगर अनुमंडल के अलग अलग प्रखंडों में सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा चिकित्सक ने एक दुर्घटना में घायल चार लोगो की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पहला घटना शुक्रवार की देर रात बंशीधर नगर धुरकी मुख्य मार्ग पर बीरबल गांव के समीप ट्रैक्टर और मोटरसाइकल के टक्कर में एक मोटर साइकल पर सवार चार युवक घायल हो गए। परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया जहा चिकित्सक ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना में घायल होने वालो में धुरकी थाना क्षेत्र के बीरबल गांव निवासी रामनाथ विश्वकर्मा के 16 वर्षीय पुत्र बिकास विश्वकर्मा , नंद लाल विश्वकर्मा के 17 वर्षीय पुत्र लल्लू विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा के 15 वर्षीय पुत्र सिब्यांशु विश्वकर्मा, तथा गोपाल विश्वकर्मा के 15 वर्षीय पुत्र चंदन विश्वकर्मा का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल चारो युवक गांव में ही एक कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर वापस एक मोटरसाइकल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया जिससे सभी युवक घायल हो गए।

### कार पेड़ से टकराई बाल-बाल बचे सांसद प्रीतिनिधि



**रमना।** भाजपा अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष और वंशीधर नगर के सांसद प्रतिनिधि कार दुर्घटना में घायल हो गये, जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना में एएनएम के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया, इस गंभीर दुर्घटना में कार सवार तीन लोगो बाल-बाल बच गये और केवल मामूली चोट ही लगी। जानकारी अनुसार नये स्विफ्ट कार से भाजपा के अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, वंशीधर नगर के सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता और एक अन्य साथी के साथ गढ़वा की तरफ से वंशीधर नगर को जा रहे थे की इसी क्रम में रमना मानस मंदीर के पास अनियंत्रित होकर शीशम वृक्ष से टकरा गया।

# मुखिया ने 110 प्रशिक्षित महिलाओं के बीच किया सिलाई मशीन का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। चिनीयां**

गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के अंतर्गत जल छाजन परियोजना एनडीसी पीएमसीएसवाई कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए चिनीयां प्रखंड के बरवाडीह पंचायत के 110 महिलाओं के बीच पंचायत के मुखिया पम्मी देवी पति नितेश सिंह के द्वारा निशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया पम्मी देवी ने कहा कि कि अब हमारी पंचायत की महिलाएं काफी आत्मनिर्भर बनने के कगार पर है। अब महिलाएं सिलाई बुनाई कर अपने घर परिवार को आसानी से चला सकती है। सरकार की यह पहल काफी सराहनीय है। वही आजीविका विशेषज्ञ जैनेंद्र कुमार ने बताया कि जिन 11 महिलाएं समूह के बीच प्रशिक्षण दिलाकर सभी 110 महिलाओं को सिलाई मशीन दिया गया है। वह सभी ग्रुप बनाकर अपने भविष्य मे आत्मनिर्भर बने। अपने सिलाई कटाई का कार्य जारी रखें, मौके पर पंचायत के मुखिया पम्मी देवी, जल छाजन के राजीव रंजन, जैनेंद्र कुमार मृत्युंजय दुबे, कंचन अमूल्य तिगा, संजय शाह, उमेश यादव, भोला यादव, गौरी शंकर, धनंजय सिंह,ज्ञानी सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# फजीर्वाड़ा मामले में एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं




**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

पंचायत समिति की बैठक में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम लेखन में हुई फजीर्वाड़ा मामले में एक सप्ताह बाद भी किसी पर कार्रवाई नहीं हो पाई। जबकि बीडीओ जागो महतो के द्वारा जहां पंचायती राज विभाग के नियमावली के तहत फजीर्वाड़ा किए व्यक्तियों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई करने की बात कही गई थी वहीं प्रमुख क्रांति देवी के द्वारा भी फजीर्वाड़ा किए लोगों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की मांग प्रखंड पदाधिकारियों से किया गया था । लेकिन अभी तक बीडीओ जागो महतो व प्रमुख कांति देवी का मामले की प्रतिक्रिया सिर्फ और सिर्फ एक जुमानी हवा बनकर रह गया है। मालूम हो की 22 जून शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में बीडीओ जागो महतो, प्रमुख कांति देवी, थाना प्रभारी जनार्दन राउत,बी ई ई ओ प्रतिमा कुमारी,डॉक्टर कुमुद रंजन सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में उप प्रमुख अंजली देवी ,बीडीसी तारा देवी व रूपमणि देवी के नाम का फर्जी दस्तखत कर दूसरे लोगों के द्वारा उनके कुर्सी पर बैठने का काम किया गया था। इतना ही नहीं उक्त लोगों के द्वारा बिना डर भय के बैठक में भाग लिए पदाधिकारी व कर्मियों से सवाल जवाब भी किया गया था। वही संबंधित मामले की पूछताछ में बीडीओ जागो महतो व प्रमुख कांति देवी के द्वारा फजीर्वाड़ा किये व्यक्तियों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई करने की बात कही गई थी।

## 63वी सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का मुकाबला हुआ समापन

# चितविश्राम की टीम 5-2 से जीती

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में दूसरे दिन चित्तविश्राम उच्च विद्यालय के प्रांगण में फाइनल मैच खेला गया। अंडर 17 वर्षीय बालक वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल नगर ऊंटारी तथा राजकीय कृत उच्च विद्यालय चितविश्राम के बीच फाइनल मैच हुआ, जिसमें कोई भी टीम मैदानी गोल नहीं कर पायी। पेनाल्टी शूटआउट में चितविश्राम की टीम ने 5/2 से जीत दर्ज किया वही बालिका वर्ग अंडर 17 वर्षीय में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर ऊंटारी की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिपरडीह को ट्रायब्रेकर में ही 3/2से पराजित किया अंडर 15 वर्षीय बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिपरडीह ने उच्च विद्यालय चित्तविश्राम को 10 से पराजित किया। समापन समारोह के अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा की खेल जीवन का अंग होना चाहिये जिससे हम शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं तथा अनुशासित बनते हैं संसाधन सीमित है पर हौसला ऊंचा रखना है झारखंड सरकार लगातार निचले स्तर से गांव में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिये प्रयासरत है। हमें इसका लाभ उठाना चाहिये उन्होंने कहा कि विजेता खिलाड़ी पहले जिले में स्थान सुनिश्चित कर नगर का मान बढ़ायें, फिर प्रदेश में अपने विद्यालय को अंकित करायें। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, अविनाश सहाय, कमलेश पांडेय, द्वारकानाथ पांडेय, लाल बहादुर सहित कई शिक्षक, खेल शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे। रेफरी की भूमिका विजयानंद तिवारी, कलिंदर पटेल व संजीव कुमार ने निभाया।



### मध्य विद्यालय बीरबल की टीम 3 -2 से विजयी

**धुरकी।** प्रतियोगिता में शुक्रवार को धुरकी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की टीम जीत हासिल की थी जो शनिवार को सगमा प्रखंड के मध्य विद्यालय बीरबल के टीम से मैच खेल कर उपविजेता रही। मध्य विद्यालय बीरबल की टीम 3 -2 के अंतर से विजेता रही जो अब अगले राउंड में जिला स्तर पर खेलेगी। वहीं बालक वर्ग में मध्य विद्यालय बरसोती विजेता व मध्य विद्यालय केतमा उपविजेता रहा। दोनो ही वर्ग में विजेता व उपविजेता टीम को शिक्षा विभाग धुरकी के बीपीओ बिपिन बिहारी गुप्ता व सगमा बीआरसी के बीपीओ कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से मेडल देकर पुरस्कृत किया।

## न्यूज | बॉक्स

### विशेष लोक अदालत में 82 आवेदन प्राप्त



**श्री बंशीधर नगर।** अंचल कार्यालय के परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा भूमि व राजस्व मामलो से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। विशेष लोक अदालत में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 64 मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। प्राप्त आवेदनों में ऑनलाइन नामांतरण के तीन आवेदन, उत्तराधिकार नामांतरण के एक आवेदन, भु लगान व सीमांकन का एक-एक आवेदन, जमाबंदी अपग्रेडेशन के 10 आवेदन, भूमि विवाद से संबंधित एक मामला, प्रमाण पत्र के 61 मामले, अन्य चार मामले, कुल मिलाकर 82 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से जमाबंदी अपग्रेडेशन के 10 में से तीन मामलों का,प्रमाण पत्र के 61 आवेदन में से सभी का त्वरित निष्पादन सहित कुल 64 मामलों का निष्पादन किया गया। जब कि 18 मामले लंबित राह गए।मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता शीलवन्त कुमार भट्ट, अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, सीआई सह राजस्व कर्मचारी शम्भू रजक, जुगेश दास, प्रधान लिपिक प्रकाश कुमार, अजित कुमार, मुखिया मनोज ठाकुर, अजय गुप्ता, उषा देवी, सुरेश भंडारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर देव कुमार, विद्या कुमार, लक्ष्मी सेठ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गढ़वा एसपी के निर्देश पर डंडई पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**डंडई।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर शनिवार को डंडई पुलिस के द्वारा एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यदुवंशी पेट्रोल पंप के समीप एएसआई हरे कृष्णा प्रसाद के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में दर्जनों दो पहिया, तीन पहिया,चार पहिया वाहन को रोककर वाहन चालकों से वाहन दस्तावेज, प्रदूषण सर्टिफिकेट, लाइसेंस, इंश्योरेंस के अलावे हेलमेट समेत अन्य तरह के उपकरणों का गहनता पूर्वक जांच किया गया। मौके पर एएसआई हरे कृष्णा प्रसाद ने कहा कि सभी बाइक चलाने वालों को हिदायत देते हुए कहा कि बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलाएंगे नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग सेफ़्टी के लिए बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहने।हालांकि जांच के दौरान पुलिस को कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है। वहीं पूछे जाने पर थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें सभी तरह के वाहनों की जाँच की गई।वहीं उन्होंने कहा कि इस तरीके के वाहन जाँच अभियान आगे भी चलता रहेगा ताकि क्षेत्र में क्राइम की संभावना कम रहे व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। वही पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान के बीच वाहनचालकों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया ।कई दोपहिया वाहन चालक पुलिस को देख खेत क्यारी होते भागने की कोसीस में जुट गए लेकिन पुलिस जवानों के आगे उनकी एक भी नही चली। पुलिस जवानों नर दौड़ कर उनके वाहन को अपने कब्जे में करते देखे गए ।उसके अलावा चारपहिया वाहन चालक भी पुलिस चेकिंग से काफी परेशान दिखे।

### हकीक अंसारी ने उपायुक्त को दिया आवेदन, रैयती भूमि में बन रहे अवैध रोड को रोकने की मांग



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के हुलहुला खुर्द ग्राम निवासी हकीक अंसारी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर रैयती भूमि में अवैध ढंग से बन रहे रोड को रोकने की मांग किया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि मेरा रैयती भूमि जिसका खाता संख्या 01 है पुराना,नया खाता संख्या 189,पुराना प्लॉट संख्या 01, नया प्लॉट संख्या 695 रकबा 1.21 एकड़ है। उक्त भूमि पर ग्राम सड़क योजना के तहत बिना कोई सूचना के संवेदक के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि जबकि सर्वे का रोड मेरी भूमि के बगल में है ,परंतु संवेदक के द्वारा सर्वे के रोड पर ना बनाकर हमारे रैयती भूमि में रोड निर्माण कराया जा रहा है तथा मना करने पर हमें धमकी भी दिया जा रहा हैं हम अंचल अधिकारी नगर उटारी को भी इस संबंध में आवेदन दिया हूं ,परंतु वहां से कोई भी कार्रवाई नहीं हुआ है उन्होंने मांग किया है कि रैयती भूमि पर हो रहे निर्माण को अविलंब रोका जाए तथा सर्वे के सड़क का नापी होने के बाद निर्माण की अनुमति दी जाये।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक का तबादला, विदाई समारोह का आयोजन



**चिनिया।** चिनिया मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के परिसर में शाखा प्रबंधक के तबादला तथा नए शाखा प्रबंधक के पदस्थापन के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नए शाखा प्रबंधक विवेक कुमार को पूर्व शाखा प्रबंधक शंभू शरण कुमार ने प्रभार सौपा, तथा इस मौके पर पूर्व शाखा प्रबंधक शंभूशरण कुमार ने कहा कि यहा के लोगों को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को सहयोग मिलता रहा है तथा यहां अपने घर परिवार जैसे लोग हैं लोगों से काफी प्यार मिला वही नए शाखा प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि आम ग्राहकों को बैंक की ओर से सहयोग मिलेगा तथा यहां के लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हैं बैंक से ग्राहकों को किसी प्रकार की दिक्कत होगी तो वह बेहिचक हमसे मिले समस्याओं का निदान किया जाएगा मौके पर समाजसेवी मोहम्मद फरीद बंधु राम प्रिंस कुमार सोनू कुमार अफजल मंसूरी दिनेश कुमार यादव राकेश तुरी जेएसएलपिएस के संजीत उरांव जयंती कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### रमना-सोनेहारा मुख्य पथ स्थित घर के बाहर से मोटर साइकिल की चोरी

**रमना।** रमना-सोनेहारा मुख्य मार्ग पर शिव मंदीर के पास घोरानी के अंदर से बजाज पल्सर मोटर साइकिल का चोरी चोरो द्वारा कर लिया गया। इस बात की जानकारी मोटर साइकिल मालिक को सुबह में हुआ, जब उसने अपनी वाहन को नही पाया। वाहन मालिक अनंत कुमार ठाकुर पिता स्व.रामप्रसाद ठाकुर नें रमना थाना को इस घटना की शिकायत की है, जानकारी अनुसार अनंत कुमार अपनी बजाज पल्सर मोटर साइकिल नम्बर जे.एच.14एच 8380 को हर दिन की तरह अपने घर के घोरानी के अंदर लगाया था, जब शनिवार को सुबह जगा तो अपनी मोटर साइकिल नही पाया। इस क्षेत्र में इस प्रकार से मोटर साइकिल चोरी की घटना गत वर्ष में भी हुआ था जिसमें एक ही रात दो मोटर साइकिल की चोरी हो गयी थी, जिसमें एक मोटर साइकिल को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी असफाक आलम बताये की उक्त मोटर साइकिल को मेराल पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया, मामले की जाँच-पड़ताल हो रहा है।

000

## प्रखंड संसाधन केन्द्र में संकुल साधन सेवियों की बैठक में श्रीकांत चौबे ने कहा-

# रेल प्रोजेक्ट के सभी परीक्षा विद्यालयों में हो सुनिश्चित



**नवीन मेल सांवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शनिवार को संकुल साधन सेवियों की बैठक प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बीआरपी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया बैठक में बीआरपी ने सभी सीआरपी को निर्देश दिया कि साप्ताहिक रेल प्रोजेक्ट के तहत होने वाली परीक्षा सभी विद्यालयों में हो सुनिश्चित किया जाय. परीक्षा लेने के बाद विभाग द्वारा भेजी गई लिंक को अवश्य भरें परीक्षा लेने के उपरांत बच्चों कॉपी का मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाय, ऐसा नहीं करने वाले प्रधानाध्यापक की सूची उपलब्ध कराई जाय ताकि उनपर विभागीय कार्रवाई की जा सके उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र के सभी 6-14 आयु वर्ग के अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुये विद्यालय के पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे. ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंफैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के लिये विशेष अभियान चलाकर उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करेंगे उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देशों का अनुपालन शत प्रतिशत विद्यालयों में लागू हो इसे सीआरपी सुनिश्चित करावें.बैठक मे श्री चौबे ने प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया।

### स्कूलों में साप्ताहिक रेल परीक्षा का हुआ आयोजन

**खरौंधी।** झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सावधिक मूल्यांकन परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के निमित प्रोजेक्ट रेल (रेगुलर असेसमेंट फॉर इंप्रूवमेंट लर्निंग) के तहत साप्ताहिक जांच परीक्षा शनिवार को प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में ली गई। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी, परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय माझिगावां उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोसलिबार, मध्य विद्यालय अरंगी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूपा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय खरौंधी सहित सभी विद्यालयों में निर्धारित विषय के अनुसार परीक्षा लिया गया। सभी प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में कक्षा एक से आठ वर्ग के छात्रों के साप्ताहिक जांच ली गई।

## एक नजर

### पंचायत समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखण्ड प्रमुख पारसनाथ उरांव की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में शिक्षा ,स्वास्थ्य,कृषि,पशुपालन,बाल विकास परियोजना,मनरेगा, जेएसएलपीएस प्रखण्ड स्तरीय सभी विभागो में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई ।संबंधित विभाग के प्रतिनिधि ने बारी बारी से अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी । इस बैठक में बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर, भरनो थानेदार कंचन प्रजापति, करंज थानेदार आशीष केशरी, बीपीओ रेणुका किंडो, बीएओ रामकृष्ण ओहदार, बीएचओ अमरेश नारायण सिन्हा, पशु चिकत्सक विजय भारती, एई शंकर किंडो, जेई ब्रजेश उरांव, ग्रेगोरी मिंज, उपप्रमुख बबिता तिर्की,जहागीर ए सहित सभी पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड के विभिन्न विभागो के प्रतिनिधि उपस्थित हुए ।

### हेमंत सोरेन को फंसाकर जेल भेजा गया : सचिव रमेश

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार ने हेमंत सोरेन को फंसाकर जेल भेजा था। उन्होंने कहा कि काफी दिनों से झारखंड में नारा लग रहा था कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। अब हेमंत सोरेन को जमानत मिल गई है। वे जेल से बाहर आ गए है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन देश के सबसे बड़े आदिवासी नेताओं में एक हैं.। केंद्र की सरकार ने उन्हें फंसाकर जेल भेजा। इससे पूरे देश में उनके प्रति समर्थन बढ़ा है।

### मुख्य मार्ग के किनारे मिला व्यक्ति का शव



**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत अंतर्गत शंख नदी के समीप मुख्य मार्ग के किनारे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। घटना शनिवार को दोपहर लगभग 3 बजे के आस पास की है उस समय बिजली कड़कने साथ वर्षा भी हो रही थी। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही शव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मृतक के पॉकेट से एक आधार कार्ड, लकड़ी के छोटे छोटे टुकड़े व डिस्पोजल ग्लास मिला है। आधार कार्ड में नाम प्रफुल एक्का, पिता कामिल एक्का, उम्र लगभग 32 वर्ष, ग्राम कुरो, खुर्द - महुआडांड जिला - लातेहार अंकित है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया की आधार कार्ड में दिए गए पते पर संपर्क कर परिजनों से बात किया गया तो पता चला की मृतक विक्षिप्त था जो भटकते हुए शायद यहां पहुंच गया होगा। वहीं अगल बगल के ग्रामीणों के अनुसार विक्षिप्त की मौत वज्रपात के कारण हुई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में ले चुकी है। परिजनों के आते ही शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया जाएगा।

### चैनपुर में वीर शहीद पीटर टोप्पो का मनाया गया शहादत दिवस

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के चर्च रोड स्थित वीर शहीद पीटर तिग्गा की प्रतिमा पर चैनपुर उप्फ्छत्र के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर उनका शहादत दिवस मनाया। इस मौके पर शहीद के परिजन भी उपस्थित थे सभी ने बारी बारी से उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सलामी दी। उप्फ्छत्र 218 बटालियन के डीसी आलोक कुमार ने बताया कि पीटर टोप्पो सी आर पी एफ बटालियन पंजाब में पोस्टेड थे 29 जून 1989 को इनकी बटालियन आतंकवादी गतिविधियों को लेकर नाकाबंदी में लगी हुई थी। तभी हवलदार पीटर टोप्पो ने सामने से आ रही गाड़ी को रोकने का इशारा किया लेकिन गाड़ी में सवार आतंकवादी पीटर टोप्पो पर गोली चलाते हुए। भाग निकले इस हमले में हवलदार पीटर टोप्पो अपने देशसेवा के कर्त्तव्य में वीरगति को प्राप्त हुए।

## जिले में पर्यटन विकास को लेकर योजनाओं पर हुई चर्चा

# पर्यटन स्थलों पर विकास के कार्यों में लायें तेजी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पर्यटन एवं खेल कूद विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नए पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाई ।

उन्होंने जिले के अधिसूचित पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अपर शंख डैम डुमरी, मसरिय डैम घाघरा, वन तालाब जैसे स्थानों में जल क्रीड़ा की शुरूआत करने को लेकर योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने जिला खेल पदाधिकारी को उक्त स्थानों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में परिवर्तित करने को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने खेल स्टेडियम एवं अन्य प्रखंडों में अधिसूचित पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित भी समीक्षा कर उक्त स्थानों को विकसित करने हेतु भी डीपीआर तैयार करने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों अंजन धाम, टांगीनाथ धाम, नवरत्न गढ़, गोबर सिल्ली आदि जैसे स्थानों के भी विकास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, धरातलीय कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने की बात कही। खेल कूद अंतर्गत उन्होंने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के जीर्णोद्धार के कार्यों में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने आगामी 15 अगस्त लेकर स्टेडियम के जीर्णोद्धार से संबंधित सभी तैयारियों को अभी से ही प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत खेल स्टेडियक का भी जीर्णोद्धार करने हेतु डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### डीडीसी ने प्रखंड के सभी मुखियाओं के साथ की बैठक

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा और बिशुनपुर प्रखंडों में 29 जून को उप विकास आयुक्त, गुमला की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में घाघरा एवं बिशुनपुर प्रखंडों के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों की बैठक आहूत की गई जिसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी, दोनों प्रखण्डों के प्रखंड समन्वयक एवं कनीय अभियंता (15वें वित्त) भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सचिवालयों को डिजिटलीकरण कराने, सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं बहाल कराने, स्वच्छ, आकर्षक बनाने सहित सभी रूपों में सुदृढ़ बनाने के बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही पंचायतों में आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता के साथ अधिक-से-अधिक योजनाएं लेने हेतु निदेशित किया गया।

## घाघरा में वज्रपात होने से तीन लोग हुए घायल



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक चौक के समीप नेशाद राय के घर में अचानक ही वज्रपात हो जाने से घर के अंदर बैठे बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी लालतू शेख जमाल शेख और पिंटू शेख घायल हो गए।सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल में एडमिट कर लिया गया है। हालांकि तीनों घायल खतरे से बाहर हैं। प्रत्यक्षदर्शी नेशाद राय ने बताया सभी घायल उसके घर में किराए पर रहते हैं और बर्तन बेचने का काम करते हैं।सभी घर के अंदर बैठकर आराम कर रहे थे। इसी दरमियान अचानक ही जोर से बिजली कड़कने की आवाज सुनाई पड़ी। इसके बाद सभी लोग बेहोश हो गए। वज्रपात जिस जगह पर हुआ घर का छत टूटकर अंदर बैठे लोगों को उसका तेज झटका लग गया। जिस तरह से घटना घटी है घर के अंदर आराम करने के बावजूद वज्रपात के चपेट में आ जाना घाघरा के लोगों को चिंता दिलाने जैसा घटना है।

## मौसम ने बदला मिजाज, जमकर हुई बारिश किसानों में खुशी



**नवीन मेल संवाददाता। बिशुनपुर**

शनिवार दोपहर 3:00 बजे के आसपास बिशुनपुर प्रखंड में मौसम ने मिजाज बदला और जमकर कर मुसलाधार बारिश हुई। जिससे किसानों में काफी खुशी देखने को मिल रही है। प्रखंड के विभिन्न इलाकों में खेतों में पानी भर गया है। किसान वर्षा का काफी दिनों से इंतजार कर रहे थे। क्योंकि इस समय बिचड़ा बोने का टाइम है। सही समय में धान के बीच की बुवाई होने से फसल भी अच्छी होती है। इसी उम्मीद के साथ किसान हाथ में कुदाल लेकर अपने-अपने खेतों में पानी रोकने के लिए मेड़ का निर्माण कर रहे हैं। इधर झमाझम बारिश होने से एकाएक किसानों के चेहरे में रौनक आ गई है। इधर कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि सही समय में अच्छी वर्षा होने से किसान भाइयों का धान बीज का बिचड़ा लग जाएगा। बिचड़ा लगाने का यही सही समय है।

## बारिश होते ही सड़क बनी तालाब



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

जारी से चैनपुर तक कि बन रही सड़क प्रखंड में बारिस होते ही डायवर्सन तालाब में तब्दील हो गई है। शनिवार लगभग 2:00 बजे से साढ़े 4 बजे तक हुई मूसलधार बारिश में सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। राहगीरों को डायवर्सन में बारिश के कारण तालाब बन जाने के कारण पार करने में डर सा लग रहा है। बड़ी वाहन तो किसी तरह पार हो जा रही थी। लेकिन मोटर साइकिल सवार पानी के अंदर जाते ही फस जा रहे थे। इसके बाद मोटरसाइकिल को धक्के मार कर निकालना पड़ रहा था। इसी तरह जारी से चैनपुर तक लगभग 20 पुल पुलिया के निर्माण कराना है। और करीब करीब सभी पुल पुलिया में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। वही आधे से ज्यादा डायवर्सन की स्थिति तालाब बनने वाली है। जिससे राहगीरों को बहुत बड़ी परेशानी हो सकती है। जारी प्रखंड से सेकड़ो बच्चो साइकिल चलाकर चैनपुर स्कूल जाते है।

जिससे डायवर्सन में पानी भर जाने के कारण स्कूली बच्चों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।यदि संवेदक के द्वारा डायवर्शन से पानी निकलने का रास्ता नही बनाया जाता है। तो प्रतिदिन राहगीर गिर कर घायल हो सकते है जो कि चिंता की बिषय है।

### छात्र छात्राओं के लिए तीन दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

**बसिया।** बसिया-प्रखंड कार्यालय परिसर में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एंव पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि लम्बित नहीं हो अथवा किसी कारण से छात्रवृत्ति का लाभ से वंचित नहीं रहें इसके लिए तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 71 विद्यालय के 721 छात्र छात्राएं शामिल होकर अपने आधार कार्ड,जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र हेतु आवेदन लिया गया। शिविर में आधार कार्ड के 21 जन्म प्रमाणपत्र के 72 नए खाते के लिए 116 जाति प्रमाणपत्र के लिए 46 आवासीय के लिए 1 आवेदन जमा लिया गया। मौके पर सीओ नरेश कुमार मुंडा बीडीओ सुप्रिया भगत ने शिविर में शामिल अभिभावकों को किसी भी कारण से कोई बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहने का अपील किया।वहीं इसको लेकर परेशानी होने पर अधिकारियों ने जानकारी देने की बात कही।

### वज्रपात होने से तीन लोग घायल एवम तीन मवेशी की घटना स्थल पर हुई मौत



**घाघरा।** घाघरा थाना प्रखंड मुख्यालय के महदनिया टोली एवं चपका सरनाटोली में हुवे बज्रपात में तीन लोग घायल हुवे जबकि तीन मवेशी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। महदनिया टोली में किराए के मकान में रह रहे लालटू शेख, जमाल शेख एवं एवं पिंटू शेख बज्रपात में घायल हुवे। जिसमे लालटू शेख को स्लाइन चढ़ाया गया और सीएचसी में तीनों का इलाज किया जा रहा है। जबकि चपका सरनाटोली निवासी विश्वनाथ उरांव के तीन मवेशी की मौत केंदडाँड़ के पास हो गयी। जिसमे एवक गाय एवं दो बछड़ा शामिल है। मवेशी केंदडाँड़ के पास बारिश के समय इमली पेड़ के नीचे खड़े थे उसी समय हुवे बज्रपात में चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गयी।

## भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में लिया गया निर्णय

# तीनों सीटें जितने का रखा लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में भाजपा जिला गुमला की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक अतिआवश्यक संगठनात्मक कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मनोज मिश्रा की उपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, मंच संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर, एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने की।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के समक्ष आगामी विधानसभा चुनाव में गुमला जिला की सभी तीनों सीटें जितने का लक्ष्य रखा है, आगामी 5 जुलाई तक सभी मंडल अध्यक्ष को कार्यसमिति की बैठक कर लेनी है, बैठक की तिथि एवं स्थान की सूचना तत्काल जिला अध्यक्ष को दे देनी है ताकि बैठक में जिला से प्रभारी को भेजा जा सके। साथ ही उन्होंने कहाकि विगत लोकसभा चुनाव की सारी आपसी कटुता एवं वैचारिक मतभेद को भुला कर संगठन हित में कार्य करना है। बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि मतदाता सूची का पुनरिक्षण का कार्य निर्वाचन कार्यालय में चल रहा है, इसलिए अपने क्षेत्र एवं बूथ से एक भी नाम नहीं छूटना है इसकी तसदीक समय रहते कर लें यदि कोई नाम छुटे तो तत्काल जिला संगठन को सूचित करें। इसके अलावे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव ने भी बैठक को संबोधित किये, और अपने विचार रखे। इस बैठक में जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, जिलाप्रभारी मनोज मिश्रा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ दिनेश उरांव एवं पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह एवं विजय मिश्रा, जिला महामंत्री मिसिर कुजूर जिला उपाध्यक्ष-यशवंत सिंह, प्रदीप प्रसाद एवं लालमोहन साहू, जिला मंत्री-जगनारायण सिंह गौरी किंडो एवं संजय कुमार साहू,कंचन सिंह, अर्जुन सिंह, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

बसिया-राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय बसिया के प्रभारी प्रधानाचार्य एडवर्ड मिंज एंवम राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलिगा के प्रभारी प्रधानाचार्य सरस्वती पांडे का 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे । 30 जून को रविवार होने के कारण शानिवार को विद्यालय परिसर में उन्हें बिदाई समारोह का आयोजन कर बिदाई दी गई। एडवर्ड मिंज 28 सितंबर 1994 को रा. मध्य विद्यालय नाथपुर में योगदान दिया। जहाँ उन्होंने 7 वर्ष सेवा दी। इसके बाद 10 जुलाई 2001 में राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय बसिया में प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में योगदान दिए। इसी क्रम प्लस टू उच्च विद्यालय में 7 वर्षो तक प्रतिनियोजित शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। उनके कुशल नेतृत्व के कारण बच्चों में अच्छी पहचान थी। उनमें कुशल नेतृत्व की छमता थी। आज विद्यालय परिवार एक अनुभवी शिक्षक को विदाई दी रहा है ।जो काफी दुखद छन है। लेकिन सरकार के नियम के अनुसार एक न एक दिन सभी को विदाई लेनी होगी। एडवर्ड मिंज ने कहा कि आज आप सभी सहयोगियो से अलग होकर दुख तो हो रहा है। लेकिन आप सब से जो प्यार और सहयोग मिला उसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र है। में भले आप सब से अलग हो रहा हूं। लेकिन मेरा अनुभव हमेशा विद्यालय के लिए खुला रहेगा। मुझसे जो भी सहयोग होगा में अवश्य करूंगा। मौके पर करेंसेसिया मिंज, अरुण कुमार पांडेय, अनिल कुमार साहु, अनिल कुमार, शर्मा मजय कुमार, आनंद राम, किरण कुजूर, लबली कुमारी ,देवमणि देवी, रेजी देवी सहित छात्र छात्राए उपस्थित थे।

**आज आप सभी सहयोगियो से अलग होकर दुख तो हो रहा है। लेकिन आप सब से जो प्यार और सहयोग मिला उसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र है : मिंज**

## गोलीकांड में पुलिस ने दो आरोपियों को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित जारी में मावेशी तस्करों ने कांग्रेस के प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष को गोली मारने के मामले में दो आरोपी मेराल निवासी विल्फ्रेड तिर्की पिता स्व. फिलावर तिर्की और छत्तीसगढ़ के लोदाम थाना अन्तर्गत भलमडा निवासी क्लादियुस लकड़ा पिता सुलेमान लकड़ा को जारी पुलिस ने भेजा जेल। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात करीब आठ बजे मावेशी तस्करो के द्वारा मावेशी पार कर रहे थे। मावेशी तस्करों के द्वारा असरो गाँव के खेत मे घुसा कर लें जाने को कहां, क्योंकि उक्त लोग अपने मवेशियों को फसलों को रौन्दते हुए ले जा रहे थे , तो ग्रामीणों ने मावेशी तस्करो से कहा गया कि खेती किया हुआ हैं , अतः उक्त खेत में घुसा कर नहीं ले जाए इसी मे ग्रामीणों और मावेशी तस्करों के बीच कहा सुनी हो गई इसके बाद एक बाईक से तीन लोग आये और ग्रामीणों के पास पहुंचकर देशी कठ्ठा निकालकर ग्रामीणों को डराने लगे , इसी बीच ग्रामीण भी मावेशी तस्करो से उलझ गये और इसी बीच मावेशी तस्करो ने गोली चला दी , जिससे मिलकियुस बाड़ा के हाथ मे गोली लग गई जिससे ग्रामीण और उग्र हो गये और दो मावेशी तस्करों को धर दबोचा जिसमे एक मावेशी तस्कर फरार हो गया था दोनो तस्करों को पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वहीं जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि दोनो.आरोपी के उपर भादवि की धारा 341, 323, 307, 504, 506 सहित आर्म्स एक्ट लगाया गया है साथ ही एक फरार आरोपी के धर पकड़ के लिए लगे हैं जल्दी ही फरा आरोपी पुलिस के गिरफ्तार मे आएंगे।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गुमला के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**गुमला।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी गुमला के तत्वावधान में आज 30 जून को पुलिस लाईन के कमांड सेंटर में पूर्वाह्न 11 बजे से रक्त दान शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में पुलिस लाईन के जवानों द्वारा रक्तदान किया जायगा। मौके पर उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह और सिविल सर्जन डा राजू कच्छप उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सोसाइटी के सचिव बलदेव शर्मा ने सभी सदस्यों से आग्रह है की समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया हैं।

# जरूरी दस्तावेजों कों भी सही कराने के लिए घुस देना पड़ रहा है : बैबुल अंसारी




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड के सभागार में नौ महीने बाद शनिवार को प्रखण्ड बिससूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई.अध्यक्षता बिससूत्री अध्यक्ष रवि उरांव ने किया। बैठक में सीओ सहित कई विभाग के अधिकारियों के नहीं आने से सदस्यों ने नाराजगी जाहिर किया और उन्हें शोकॉज करने की बात कही.बैबुल अंसारी ने प्रखण्ड कार्यालय में ब्यप्त भृष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जाति, आय, आवासीय, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों में भी सही कराने के लिए भी घुस देना पड़ रहा है। विकास कार्यों में सभी का कमीशन निर्धारित है। सरकारी कर्मी बेलगाम हो गए हैं,पंचायत सचिवालय खुलता नहीं है,प्रखण्ड मुख्यालय में कर्मी मिलते नहीं हैं।छोटे छोटे कार्यो के लिए लोगों को महीनों प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है।जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सैकड़ो लोगो को एक साल से भटकना पड़ रहा है। पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव ने बीडीओ और बिससूत्री अध्यक्ष पर बिससूत्री क्रियान्वयन समिति का बैठक नहीं लेने व पूर्व की बैठक में बने प्रोसिडिंग पर कारवाई नहीं करने का आरोप लगाया। कहा बिससूत्री कि बैठक में प्रखंड में कार्यरत विभागों की समीक्षा और जनता की समस्याओं पर चर्चा होती है। ताकि सम्बंधित अधिकारी संज्ञान लेकर समस्या का निदान कर सके। किन्तु विते तीन चार साल से अधिकारी बिससूत्री क्रियान्वयन समिति का मजाक बनाकर रख दिए हैं। शशिकांत साहू ने मनरेगा योजना में कमीशनखोरी का मुद्दा उठाते हुए बताया कि बिरसा सिंचाई कूप में लाभुकों को मिलने वाले 50 हजार की राशि मे से भेंडर के द्वारा रोयल्टी और जीएसटी के नाम से 20500 काट लिया जाता है। रामेश्वर उरांव ने आबुवा आवास में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि10 से 15 हजार लेकर गरीबो की जगह सम्पन्न लोगों को आवास दिया गया है,उन्होंने कुछ सम्पन्न लाभुकों का नाम भी बताया और जांचकर वैसे लाभुकों पर करवाई की मांग किया।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने विभाग की रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 01/2024-25/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. –326926 REO (24-25):D है, में निविदा खोलने की तिथि 14.07.2024 के स्थान पर 15.07.2024 पढ़ा जाय, एवं क्रमांक 02 पर अंकित योजना मेन रोड से भीतर चेतमा तक पथ निर्माण कार्य (आईडेंटीफिकेशन सं0 RWD/LATEHAR2/ 2024-25) का निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

PR 328167 REO(24-25)D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎ 06562-240100 (का0)

पत्रांकः–343/मेदिनीनगर, दिनांक– 28/06/2024

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/F$_2$-10/2024-25 जिसका PR. N0:-327324 (Minor Irrigation) (2024-25):D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| निविदा क्रमांक | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 3 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 29/06/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से ) | 15/07/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से ) |
| 4 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15/07/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक) | 24/07/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16/07/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे) | 25/07/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे) |

PR.NO.328182 Minor Irrigation(24-25):D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎ 06562-240100 (का0)

पत्रांकः–345/ मेदिनीनगर, दिनांक– 28/06/2024

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/F$_2$-12/2024-25 जिसका PR. N0:-327323 (Minor Irrigation) (2024-25):D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| निविदा क्रमांक | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 3 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 29/06/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से ) | 15/07/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से ) |
| 4 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15/07/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक) | 24/07/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16/07/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे) | 25/07/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे) |

PR 328180 Minor Irrigation(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

## एक नजर

### भाजपा की आर्थिक नाकेबंदी शुरू

**टंडवा (चतरा)।** भाजपाइयों द्वारा एनटीपीसी को आपूर्ति हो रही बिजली पूरे टंडवा प्रखंड क्षेत्र में देने के लिए बुकरु सब स्टेशन में जोड़ने व कोल वाहनों पर नो इंट्री लगाने की मांग को लेकर अर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दिया गया है। घोषित आंदोलन स्थल पर कार्यकर्ता पहले दिन डटे रहे। वार्ता करने के लिए बिजली विभाग केअधिकारियों का एक दल धरना स्थल पंहुचा। वार्ता में हजारीबाग डिवीजन के डीजीएम एके उपाध्याय के साथ चतरा जिले के कार्यपालक अभियंता शामिल थे। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने विद्युत व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। विधायक किसुन कुमार दास ने कहा कि एनटीपीसी से कनेक्शन के सिवा कोई शर्त स्वीकार नहीं होगा। अधिकारियों ने एनटीपीसी प्रबंधन से वार्ता कर कुछ निर्णय देने की बात कही गई।

### आत्मा शासकीय निकाय व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की बैठक

# पंचायत व गांव स्तर पर एक-एक लाभुक को योजना का लाभ दें : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष आत्मा रमेश घोलप की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के व्यय पर चर्चा करते हुए व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों (प्रशिक्षण, परिभ्रमण, प्रत्यक्षण आदि) के संचालन पर चर्चा करते हुए विषय एवं स्थान का निर्णय लिया गया। उपायुक्त द्वारा कृषि बहुल क्षेत्र के योग्य किसानों के खेती से संबंधित उचित स्थल एवं कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्यक्षण हेतु समेकित पोषक तत्व,समेकित कीट प्रबंधन वितरण पर पारदर्शिता लाते हुए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से टीम का गठन करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप अन्तर्गत प्रत्येक पंचायतवार, ग्रामवार एक-एक लाभुक को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी कृषि एवं संबद्ध विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए मॉडल ग्राम क्लस्टर विकसित करने का प्रस्ताव का निर्देश दिया गया। बैठक में जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा एवं प्रगतिशील कृषक प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

### 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक जिले में चलेगा सम्पूर्णता अभियान

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला व प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर की समीक्षात्मक व सम्पूर्णता अभियान से संबंधित बैठक हुई। सभी विभागों के साथ नीति आयोग के 6 इंडिकेटर से संबंधित समीक्षा करते हुए आगामी 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक होने वाली सम्पूर्णता अभियान पर विचार विमर्श किया गया। जिला योजना पदाधिकरी शिशिर कुमार पंडित व पिरामल फाउन्डेशन के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि उद्घाटन के दिन सभी प्रखंडों के 6 इंडिकेटर से संबंधित डाटा व कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही एक वाट्सअप ग्रुप बनाकर संबंधित विभागों द्वारा डाटा ससमय पर उपलब्ध करायेंगे, ताकि ससमय समीक्षा की जा सके। बताया गया कि 4 जुलाई को जिला कौशल विकास केन्द्र डीएमएफटी सभागार में सभी प्रखंड के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर, होर्डिंग आदि द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्वास्थ, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया की 3 माह का डाटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी विभागों से डाटा प्राप्त कर डाटा को चौंपियन ऑफ चेंज के पोर्टल पर 10 दिनों के अंदर अपलोड करें।

## पलामू की खबरे.....

### कोयल नदी पलामू का श्रृंगार है : नामधारी



**मेदिनीनगर।** पलामू के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सुभाषचंद्र मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण स्थानीय जेएमपी कॉम्प्लेक्स में झारखंड के प्रथम विधान सभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी,पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व मेयर अरुणा शंकर व प्रो. केके मिश्रा ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। समारोह की अध्यक्षता प्रो. दयाशंकर श्रीवास्तव ने की। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि कोयल नदी पलामू का श्रृंगार है। सुभाष मिश्रा मेरे छोटे भाई की तरह हैं। इन्होंने अपनी पुस्तक में प्रकृति के सौंदर्य के साथ-साथ इससे जुड़ी समस्याओं को भी दिखाया है। अध्यक्षता करते हुए प्रो. दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि रचनाकार ने साहित्य के माध्यम से उन सभी विषयों को उठाया है, जिसके लिए पर्यावरणविद संघर्ष करते रहे हैं। साहित्य समाज का दर्पण होता है। इसे इस पुस्तक ने चरितार्थ किया है। पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा कि कोयल की धारा देख-देख कर हम बड़े हुए हैं। पलामूवासियों के लिए इसकी पवित्रता गंगा व नर्मदा से कतई कम नहीं है। पुस्तक में कोयल को बांधने की इच्छा जताई गई है। हम कोयल को जगह-जगह बांधकर पलामू की प्यास बुझाएंगे। पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि कोयल की धारा पढ़कर हम सबों को इसे पवित्र और स्वच्छ रखने की शिक्षा मिलेगी। प्रो. केके मिश्रा ने कहा की कोयल की धारा एक यात्रा वृतांत नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। जिसे ध्यान से समझने की आवश्यकता है। जीवन का प्रारंभ और विकास नदी की ही भांति होता है। कवि राकेश कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पुस्तक में चार रेडियो रूपक हैं, जिनमें इतिहास,भूगोल,साहित्य, दर्शन का समावेश है। पुस्तक के लेखक प्रो. सुभाष चन्द्र मिश्रा ने कहा कि साहित्य में एक पंक्ति लिखकर अमरत्व प्राप्त किया जा सकता है। साहित्य की भाषा सरल होती है, परंतु उसके अर्थ सरल नहीं होते। उन्होंने पुस्तक के निर्माण में सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन दिल्ली विश्वविद्यालय की शोध छात्रा व प्रो.मिश्रा की नतिनी वेदिका मिश्रा ने किया। में लोकार्पण समारोह में आलोक तुलस्यान, कलाकार प्रेम भसीन, कवि हरिवंश प्रभात, समाज सेवी अविनाश देव, पूर्व छात्र नेता अभय तिवारी, समाजसेवी अमित तिवारी, प्रियरंजन पाठक, पंकज श्रीवास्तव, अनुपमा तिवारी ने भी अपने विचार रखे। कवि राम प्रवेश पंडित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मौके पर प्रो. मिश्रा के पुत्र वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सुमन, शालिनी श्रीवास्तव,अनुपमा तिवारी, प्रो मिश्र की पत्नी बसंती मिश्रा, बहू रागिनी मिश्रा,अलका मिश्रा, पुत्री प्रियंका मिश्रा, अशोक मिश्रा,संतोष मिश्रा, शैलेन्द्र पाठक, सतीश पाठक, अभय तिवारी,अनुज कुमार पाठक,अजय मिश्रा, रमेश सिंह,रमेश पांडेय, उमेश कुमार पाठक रेणु,रमेश पाठक,सुमन मिश्रा, विमल कुमार,अनुपमा तिवारी,रीना प्रेम दुबे,दिनेश कुमार शुक्ला, रविशंकर पांडेय,देवेंद्र पाठक, हेमंत मिश्र, शिखर मिश्रा, मानस मिश्रा, ओम मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### सहायक अध्यापक मांगों को लेकर मशाल जुलूस निकालेंगे

**गिद्धौर (चतरा)।** विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय में सहायक अध्यापकों का मशाल जुलूस रविवार को आयोजित किया गया है। मशाल जुलूस में अधिक से अधिक संख्या में सहायक अध्यापक, अध्यापिकाओं को शामिल होने की अपील की गई है। मशाल जुलूस शाम चार बजे प्रखंड मुख्यालय के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। यह जानकारी सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार यादव ने दी।

## सहायिका पद के लिए आमसभा में आठ ने दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कुंदा में साहायिका चयन को लेकर गुरुवार को आमसभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया मनोज कुमार साहू व संचालन प्रतापपुर सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ नित्यानंद दास ने किया। आमसभा बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से कराया गया। साहायिका पद के लिये कुल आठ महिलाओं ने आवेदन जमा किया। पिछड़ा वर्ग के छः व एसटी के दो आवेदन जमा किए गए हैं। प्रभारी सीडीपीओ ने चयन प्रक्रिया व सहायिका के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के कार्य एवं दायित्व के बारे में बताया। ज्ञात हो कि कुंदा में साहायिका पद के लिए पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। साथ ही 28 जून को खपिया व मेदवाडीह आंगनबाड़ी केंद्र में साहायिका के लिये आमसभा किया जाएगा। मालूम हो कि तीनों केंद्र पर साहायिका का कार्यकाल समाप्त होने पर कई माह से पद रिक्त था। केंद्र संचालन में परेशानी होते देख साहायिका का चुनाव के लिए आमसभा कराया जा रहा है। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका यशोदा कुमार, सेविका आशा देवी, वार्ड सदस्य रवि कुमार समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक, ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने पर जोर




**नवीन मेल संवददाता**

**चतरा।** समारहणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर चर्चा करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च तिमाही तक सभी बैंको के कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया की कृषि के क्षेत्र में और सुधार लाने के आवश्यकता है। साथ ही सभी बैंको के समन्वयक का निर्देश दिया गया। जिला का ऋण जमानुपात 30.32 प्रतिशत है। उसे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ऋण जमानुपात के न्यूनतम मान 40 प्रतिशत से बेहद कम है। उन्होने ऋण जमानुपात को सुदृढ़ करने के लिए सभी बैंको को बैठक करने का निर्देश दिया। जिन बैंको का प्रदर्शन असंतोषजनक है उसके लिए उनके वरीय कार्यालयों को अग्रणी जिला प्रबंधक की ओर से एक पत्र लिख कर कारण पूछने का निर्देश दिया गया। सरकारी योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई.), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), अटल पेंशन योजना, मुद्रा लोन की भी समीक्षा की गई। साथ ही तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी बैंको के समन्वयकों को निर्देश दिया। साइबर धोखा-धड़ी के प्रति आमलोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कैंप का आयोजन करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, अग्रणी जिला प्रबंधक डीडीएम नाबार्ड, प्रबंधक आरबीआई रांची, सभी बैंको के समन्वयक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# एनटीपीसी कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत मजदूर की दर्दनाक मौत, तत्काल मिला 50 हजार का चेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित एनटीपीसी परियोजना में कार्यरत राणा कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले नईपारम निवासी बालकिशुन महतो पिता स्व. नागेश्वर महतो की कार्यस्थल में निमार्णाधीन पीलर के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा समुचित मुआवजे की मांग किये जाने पर शुक्रवार को कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर उदय कुमार द्वारा 16 लाख रुपए मुआवजा व मृतक के आश्रित पत्नी फुलमति देवी को नौकरी देने की लिखित घोषणा करने पर मामला शांत हुआ। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने तत्काल 50 हजार रुपए नगद व 12 जुलाई तक शेष राशि मुहैया कराने की घोषणा की। मौके पर एनटीपीसी के डीजीएम एचआर धीरज गुप्ता, एजीएम एनडी पांडेय, बजरंग महतो, निर्मल महतो, बिलास महतो समेत अन्य मौजूद थे।

### आदिम जनजाति टोला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड अंतर्गत सिकीदाग पंचायत के हरदियाटांड़ गांव स्थित आदिम जनजाति टोला में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। टाले में निवास करने वाले महिला, पुरुष व बच्चों को स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरत के अनुसार दवा दिया गया। साथ ही इस दौरान बीडीओ विवेक कुमार ने सभी आदिम जनजाति परिवार के लोगों के साथ जनसमस्या को लेकर बैठक कर गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज बॉक्स

### भीड़ को उकसाने, सरकारी कार्य बाधित करने को लेकर बीडीओ ने कराई प्राथमिकी

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड व अंचल कार्यालय घेराव मामले में बीडीओ सह सीओ मनीष कुमार ने आठ लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व भीड़ उकसाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बता दे कि शुक्रवार को सड़क अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर प्रतापुर व मानहे गांव के महिला, पुरुषों ने प्रखंड कार्यालय घेराव करने के दौरान हंगामा किया था। इस कारण दूर दराज से प्रखंड कार्यालय पहुंचे आमजनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ ग्रामीणों पर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे ग्रामीणों को प्रभारी अंचल अधिकारी के विरुद्ध भड़काने का भी अरोप है। उग्र ग्रामीणों ने इस दौरान बीडीओ सह सीओ के खिलाफ नारेबाजी किया था। बीडीओ ने बताया कि कुछ युवकों द्वारा फोन पर भी प्रखंड कार्यालय में आग लगाने व उड़ाने की धमकी दी है। जो मोबाईल में साक्ष्य के तौर पर रिकॉर्ड है। बीडीओ के लिखित आवेदन पर थाना में मामला दर्ज कर थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह द्वारा आरोपियों के धर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री को बेल मिलने पर महागठबंधन ने मनाया जश्न

**गिद्धौर(चतरा)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से बाहर आने पर महागठबंधन के कार्यकताओं ने जमकर खुशियां मनाई। कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यकताओं ने कहा भाजपा का षड़यंत्र उजागर हो गया है। अदालत ने भी ईडी द्वारा की गई कार्रवाई पर आशंका व्यक्त किया है। इससे साफ जाहिर है कि हेमंत सोरेन को एक षड़यंत्र के तहत जेल भेजा गया था। लेकिन इससे महागठबंधन के कार्यकर्ता न हतोत्साहित हुए थे और न ही होंगे। आने वाला विधानसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा की सुपड़ा साफ हो जाएगा। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा,कांग्रेस के महावीर दांगी,राजद के रामदेव यादव,कमलेश कुमार रजक सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### एक पखवाड़ा में सात अफीम तस्कर गिरफ्तार

**गिद्धौर(चतरा)।** पुलिस प्रशासन व एनसीबी टीम की सक्रियता ने अफीम तस्करों में खलबली मचा दी है। एक पखवाड़े में प्रखंड मुख्यालय के सात अफीम तस्करों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। तस्करों की गिरफ्तारी रांची, हरियाणा,हजारीबाग, कोडरमा सहित अन्य क्षेत्रों से किया गया है। इनकी गिरफ्तारी में गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की सक्रियता भी काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जहां एक ओर रांची में एनसीबी टीम द्वारा गिद्धौर के रंजन कुमार, पिंटू कुमार,चतरा के दिलीप यादव,हरियाणा में उदय पांडेय,कोडरमा में अमर कुमार उर्फ बबलू,हजारीबाग कोर्रा थाना द्वारा मुकेश कुमार की गिरफ्तारी किया गया। हरियाणा एनसीबी की टीम द्वारा शनिवार को गिद्धौर के संदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। लगातार हो रही अफीम तस्करों की गिरफ्तारी से अफीम व ब्राउन शुगर तस्करों में खलबली मच गई है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मादक पदार्थो के विरुद्ध पूरे देश में अभियान चलया जा रहा है। इस कार्य में संलिप्त किसी को भी नहीं बक्शा जाएगा।

### वज्रपात से दुधारू गाय की मौत, पशुपालक हताहत



**कुन्दा(चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के दारी गांव मे शनिवार शाम को बारिश के साथ वज्रपात होने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। दुधारू गाय स्थानीय गांव निवासी नागेंद्र यादव की है। जानकारी के अनुसार बारिश के दौरान गाय पेड़ के नीचे खड़ी थी, उसी दौरान वज्रपात होने वह उसकी चपेट में आ गई। दुधारू गाय की मौत होने से पशुपालक काफी हताहत है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बड़ी मुश्किल से गाय खरीदी थी, जिससे परिवार का भरण पोषण हो रहा था। गाय के दूध से आर्थिक सहयोग भी मिल रहा था। बारिश के साथ अचानक आई आफत ने पशुपालक को लगभग 30 हजार रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाई है। इससे पशुपालक काफी हताहत हैं। पशुपालक अंचलअधिकारी से मुआवजे की मांग की है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत दो को मिली सजा

**चतरा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंभू लाल साव की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अभियुक्त को दोनो पक्षों के बहस सुनने के बाद सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेश गंझू को 7 वर्ष की कैद व 20,000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। जबकी फागुन गंझू को 5 वर्ष की कैद और 10,000 रुपये जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर दोनो को डेढ़ वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। लावालौंग थाना कांड संख्या 18/2023 में 26 मार्च 2023 को तत्कालीन लावालौंग थाना प्रभारी बमबम कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि कोलकोले मदनदीह मोड़ के पास मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति गीला अफीम लेकर जाने वाले हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा छापेमारी दल का गठन कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। उसी दौरान मदनदीह मोड़ पर दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। इस दौरान दोनों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा। तलाशी के दौरान योगेश गंझू के पास से 2 किलो गीला अफीम बरामद किया गया। फागुन गंझू साथ में मोटरसाइकिल चला रहा था। उक्त मामले में सहायक लोक अभियोजक दीपक कुमार संगा ने सभी गवाहों की गवाही कराई।

## सम्मान

### प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन, 312 खिलाड़ी हुए शामिल

# प्रतिभा चयन में वंचित बच्चें 29 जून को भाग ले सकते हैं : तुषार राय




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय रांची के तत्वावधान में उतरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम दिन विभिन्न जिला के 237 बालक एवं 75 बालिकाएं कुल 312 खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतिभागी फुटबॉल, एथलेटिक्स व तीरंदाजी आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। ज्ञात हो कि यह चयन प्रतियोगिता दो दिवसीय है। जो बच्चे अभी तक प्रतिभा चयन में वंचित रह गए हैं वह 29 जून के प्रतिभा चयन में भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने दी। प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में अध्यक्ष जिला क्रीड़ा पदाधिकारी चतरा, सचिव जिला एथलेटिक्स संघ चतरा, सदस्य, जिला आर्चरी संघ चतरा, जिला फुटबॉल संघ चतरा, जिला खेल समन्वयक चतरा, प्रेरणा मिश्रा फुटबॉल प्रशिक्षक आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र चतरा, सुशीला कुमारी फुटबॉल प्रशिक्षक आवासीय प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग, निरज कुमार राय एथलेटिक्स प्रशिक्षक आवासीय प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग, बासुदेव उरांव फुटबॉल प्रशिक्षक खेलो इंडिया सेंटर चतरा, हेमंत कुमार आर्चरी प्रशिक्षक खेलो इंडिया सेंटर बोकारो, जुनैद खान शामिल थे।

# 32 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमे में शिविर लगाकर 32 छात्र-छात्राओं के बीच शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध साइकिल का निःशुल्क वितरण किया गया। साईकल पाकर छात्र व छात्राएं काफी खुशी दिखी। शिविर में साईकल वितरण वार्ड सदस्य पूजा देवी द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध ठाकुर ने बताया कि आठवीं पास, नवंबर में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं को साईकल निःशुल्क मिलने से गरीब बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है। जो बच्चे विद्यालय दूरी के कारण नियमीत नहीं स्कूल पहुंच पाते थे, वैसे बच्चे भी अब साईकल से विद्यालय प्रतिदिन पहुंचेंगे व पढ़ाई कर सकेंगे। वार्ड सदस्य व शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साईकल वितरण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अलावा शिक्षक कुंजेश्वर यादव, शिक्षिका कल्पना देवी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनय यादव आदि उपस्थित थे।

# बिना मुंडेर के कुएं में डूबने से युवक की मौत

## बरही गांव में छाया मातम



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के बरही चटकपुर ग्राम निवासी स्वर्गीय मंगरू उरांव के 35 वर्षीय पूत्र सुखराम उरांव का शव घर के बगल स्थित 50 फिट की दूरी में बीना मुड़ेरा के कुआ से पुलिस ने बरामद किया है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि 5 वर्ष पूर्व प्रदेश से काम करके लौटा था। दो दिन से घर में नही था तभी ग्रामीण और परिजन खोज रहें थे की शनिवार को घर के बगल स्थित अपने ही कुआ में शव को देख कर सेन्हा थाना पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुआं का मुड़ेरा नही बना हुआ था। अंधेरा के कारण कुआं में गिरने से मौत होने का आशंका जताया जा रहा है। सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार के निर्देश पर एस आई साहेब कुंवर दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कुआं से निकलवा कर कब्जे में लेते हुए पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। वही पुलिस अग्रतर कारवाई में जूट गई। इस संदर्भ में पुलिस प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों के अनुसार युवक की मौत कुएं के गहरे पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल भेज सभी बिंदुओं पर जांच किया जा रहा है। घटना को लेकर परिजनों के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ा वहीं गांव में मातम छाया हुआ है।

## घरेलू विवाद में आकर युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के तेतरपोका में एक युवती ने घरेलू विवाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी होने के पश्चात भंडरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी अनुसार घरेलू विवाद में युवती ने शनिवार को सुबह अपने ही घर पर फांसी लगा ली। इस दौरान घर के सभी सदस्य किसी दूसरे के घर गये हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका तेतरपोका निवासी रमजान अली की 18 वर्षीय पुत्री निखत परवीन बताई जा रही है। वह बरही स्थित महिला कॉलेज की छात्रा थी।

## राज्य सरकार के निर्णय से बीआरपी सीआरपी को लाभ होगा : जितेंद्र मित्तल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में आहूत झारखंड मंत्रिपरिषद बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान द्वारा भेजे प्रस्ताव संख्या 34 बीआरपी सीआरपी की संविदा सेवाशर्त नियमावली 2024 पर मुहर लगाते हुए मंत्रिमंडल परिषद ने बीआरपी और सीआरपी के मानदेय में बढोत्तरी कर दी है। कैबिनेट की मुहर के बाद बीआरपी और सीआरपी के मानदेय में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। ज्ञात हो कि मानदेय में बढ़ोत्तरी की मांग संघ की तरफ से विगत कई वर्षों से की जा रही थी। करीब 5 साल के बाद मानदेय में बढोत्तरी का फैसला लिया गया है। प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी) और संकुल साधन सेवी (सीआरपी) की मांगों को आज सरकार ने पूरा कर दिया है। आज के फैसले के बाद बीआरपी और सीआरपी के मानदेय में 50 फीसदी तक की वृद्धि हो जायेगी। सरकार के उक्त निर्णय की बीआरपी/सीआरपी और एस एस संघ, लोहरदगा इकाई स्वागत और आभार व्यक्त करती है। उक्त निर्णय से राज्य के लगभग 3000 बीआरपी सीआरपी को लाभ होगा। आशा है कि शेष मांगो यथा ईपीएफ कटौती, चिकित्सा भत्ता, समूह बीमा, परियोजना भत्ता, कल्याण कोष आदि मांगो के प्रति भी सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सरकार इसे पूर्ण करेगी। सरकार को बहुत-बहुत आभार। उपरोक्त बाते बीआरपी, सीआरपी, एस एस संघ,लोहरदगा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र मित्तल ने बयान जारी कर कही। वही सरकार को साधुवाद और आभार व्यक्त करने में पूर्णकाम, जावेद अंसारी, शैलेंद्र कुमार, नीलू गोयल, दीनबंधु डे, सुशील कुमार रजक, अरुण कुमार साहू, निशांत कुमार, उपेन्द्र नाथ ठाकुर, अम्बिका शरण पाण्डेय, गौतम पांडेय, हेमंत पांडेय,संजय कुमार, सुधीर तिग्गा, महावीर साहू, साहवीर महतो, इम्तियाज अहमद, निशा प्रसाद, राहुल कुमार, संजीव कुमार,अंगद गुप्ता, बनवारी उराँव, श्याम सिंह, श्यामा मिश्रा सहित अन्य शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा मशाल जुलूस निकालने का लिया निर्णय



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक प्रखंड के सचिव सोहराई उराव की अध्यक्षता में 29 जून को बीआरसी भवन के समक्ष हुई। इसमें प्रखंड के सभी सहायक अध्यापक शामिल हुए। बैठक में प्रखंड सचिव ने कहा कि सरकार सहायक अध्यापकों की मांगों को गंभीरता पूर्वक नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। आकलन उतीर्ण सहायक अध्यापकों को दस फीसदी राशि लोहरदगा जिले में अभी तक नहीं दी गई है। जबकि अन्य जिलों में इसका भुगतान हो गया है। प्रखंड के अध्यक्ष लाल उमाशंकर नाथ शाहदेव ने कहा कि हूल दिवस पर लोहरदगा प्रखंड कार्यालय के पास मसाल जुलूस का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों को भाग लेना है। उन्होंने कहा इस बार वेतनमान, ईपीएफ, अनुकंपा जैसे मांगो की पूर्ति हेतु जोरदार ढंग से लड़ाई लड़ी जाएगी।सहायक अध्यापक सोमरा उराव ने कहा कि हम सभी इस आंदोलन के लिए तैयार रहें। बैठक में दिगंबर मिश्रा, अंबिका प्रसाद सिंह, मंगरा, शुकरा, बसंती कुजूर, सनी उराव, गोईदी उरांव, राजकुमारी, सुनीता, आभाबलमुचु, रेखा देवी, कुर्बान अंसारी, शुकरा मुंडा, प्रेम उराव, मंजस केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### हेसल मगन टोली के ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हेसल मगन टोली के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए एमबी ब्रिक्स पर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मगन टोली स्थित एमबी ब्रिक्स नामक चिमनी भट्ठा द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण से आसपास के लोगों का जीवन खतरे में है। उक्त ईंट भट्ठा से लगातार गंभीर प्रदूषण के कारण बहुत गंभीर समस्या बनी हुई है। उपरोक्त चिमनी भट्ठा गांव के बीचोबीच है। मगन टोली गांव की आबादी करीब 500 की है। इस फैक्ट्री से ग्रामीणों का जीवन स्तर दिनों दिन बिगड़ता जा रहा है। फैक्ट्री से करीब 150 मीटर में स्थित निजी स्कूल संचालित होता है, जिसमे सैकड़ों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं। ईंट भठा से लगातार हो रहे प्रदूषण के कारण भविष्य में बच्चों में सांस की गंभीर बीमारी का खतरा बना हुआ है। स्कूल के बगल में आदिवासियों का मसना भी है, जहां पर आदिवासी समुदाय के लोग दाह संस्कार करने आते हैं। उस समय भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एमबी ब्रिक्स चिमनी भट्ठा लोहरदगा-चंदवा मुख्य मार्ग पीडब्ल्यूडी सड़क के बिल्कुल किनारे स्थित हैं। ईंट भट्ठा में ईट बनाने के लिए काफी मात्रा में मिट्टी भी डंप कराया जाता है। जिससे सड़क में आवागमन भी बाधित होता है, बारिश के समय सड़क पर गिरी मिट्टी के कारण फिसलन से कई घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए आवश्यक जांच पड़ताल कर, उचित करवाई करने की मांग की है।

## बिजली बिल को लेकर चलाया अभियान काटा गया दर्जन भर से अधिक कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले भर में बीते दो दिनों से लगातार विद्युत विभाग बकाया बिजली बिल को लेकर अभियान चला रहा है। शुक्रवार तक अभियान में दर्जन भर से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटते हुए जल्द से जल्द बकाया बिजली बिल जमा कराने की हिदायत दी गई है। अभियान के क्रम में 57,207 रुपए बिजली बिल बकाया रहने पर हटिया गार्डन निवासी देवी दयाल साहू, 59,160 रुपये बिजली बिल बकाया रहने पर हटिया गार्डन के रघु महतो, बीआईडी निवासी सतीश जायसवाल पर 66,523 रुपये , ब्लाक रोड निवासी मनीष कुमार जायसवाल पर 21,661 रुपये, सहेदा निवासी बिरमैत भगत पर 62,681 रुपये, कोर्ट कंपाउंड निवासी सामुएल कुजूर पर 85,310 रुपये, अरकोसा नवाटोली निवासी मो. अब्दुल अंसारी पर 50,646 रुपये , अरकोसा नवाटोली के डिम्बू उरांव पर 49042 रुपये, अरकोसा नवाटोली के सुमरन लोहरा पर 40769 रुपये, बीआईडी निवासी कवि कुमार पर 121455 रुपये, डारु निवासी मो.वजीर अंसारी पर 31892 रुपये और भद्दर लोहरा पर 20399 रुपये बकाया राशि है। जिसके कारण इन विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है। मौके पर सहायक विधुत अभियंता अज्जू कच्छप, फिरोज अख्तर, मानव दिवस कर्मी रंजीत उरांव समेत अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थे।

## बंद घर का ताला तोड़ लाखो रुपये के सामानों की चोरी





**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बदला पंचायत के चंदकोपा गांव में अज्ञात चोरों ने स्व. राधा मोहन साहु का पुत्र संदीप साहु के घर में शुक्रवार रात्रि घर में लगे आठ ताला को तोड़ कर घर में रखा तीन गोदरेज एक बक्सा तथा सुटकेश का ताला खोल कर करीब 50 रु.हजार नगदी तथा सोना का चैन,कान का फूल,टॉप कमरधनी,पायल सहित अन्य ज्वेरात की चोरी कर ले भागे। ज्वेरात का कीमत लगभग 10 लाख से ऊपर होने की अनुमान लगया जा रहा है.वही बताया जाता है कि संदीप साहु कुडू.पेट्रोल पम्प में काम करता है. संदीप की पत्नी विभा देवी मायके औरंगाबाद गई हुई थी. संदीप की मां बालमती देवी बड़ा बेटा संजीव साहु का घर लोहरदगा पत्तरा टोली गई थीं. घर में कोई सदस्य नही होने के कारण चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है. सेन्हा थाना पुलिस को घर मे चोरी की घटना से अवगत कराया गया है.जिसकी सूचना पर ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना का जायजा लेते हुए पुलिस आगे की कारवाई में जूट गई है।

## एक नजर

### बाइक दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**कुडू/ लोहरदगा।** कुडू-लोहरदगा रोड में चिरी पुल के नजदीक शुक्रवार देर रात हुए बाइक दुर्घटना में घायल कुडू जामुनटोली निवासी सोमनाथ उरांव के 22 वर्षीय पुत्र विकास उरांव की मौत रिम्स ले जाने के क्रम में हो गयी। विकास का शव कुडू जामुंनटोली पहुचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतक विकास की मां गांव की आंगनबाड़ी सहायिका दयामनी उरांव व पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

### झारखण्ड विधानसभा आवास समिति का लोहरदगा आगमन 1 जुलाई को

**लोहरदगा।** झारखण्ड विधानसभा की आवास समिति का लोहरदगा जिला भ्रमण 1 व 2 जुलाई 2024 को है। 1 जुलाई को समिति का आगमन 12 बजे माध्याह्न को लोहरदगा जिला परिसदन में होगा। इसके पश्चात समिति 3 बजे अपराह्न को उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त एवं संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ परिसदन, लोहरदगा में बैठक करेगी। 2 जुलाई को भी सुबह 8 बजे से समिति की बैठक और स्थल निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित है। समिति में सभापति के रूप में विधानसभा सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन, सदस्य के रूप में विधायक जेपी भाई पटेल, विधायक सुखराम उरांव और विधायक भूषण बड़ा शामिल हैं।

### पूर्वजों के नाम पर एक पेड़ मुक्तिधाम में लगाएं : मनोज

**लोहरदगा।** केंद्रीय मुक्तिधाम समिति, लोहरदगा द्वारा मुक्तिधाम हरमू भक्सो कोयल नदी परिसर में पेड़ लगाने को लेकर गुरुवार को गड्ढा खोदा गया।पर्यावरण संरक्षण और मुक्तिधाम परिसर को पेड़ की छांव से शीतल बनाने के लिए केंद्रीय मुक्तिधाम समिति ने बड़े पैमाने पर पौधरोपण का संकल्प लिया है। समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि एक सप्ताह के बाद खुदे गड्ढों में पौधा रोपण किया जाएगा।

## ब्लूमिंग बड्र्स पब्लिक स्कूल ने चलाया नशा मुक्ति अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेन्हा के एकगुड़ी गांव में ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से तथा नारों (पापा मत पियो शराब वरना किडनी होगी खराब, बूरी संगति से नाता तोड़ो नशे की लत को जल्दी छोड़ो।) के द्वारा गांव वासियों को बीड़ी ,तंबाकू ,गुटका ,सिगरेट तथा नशीली पदार्थो के सेवन से होने वाली बड़ी-बड़ी तथा खतरनाक बीमारियों के बारे में अवगत कराया। गांव वालों से अपील किया गया है की वे नशीली पदार्थों के सेवन से दूर रहें तथा स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण करें। मौके पर विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को तथा गांव वासियों को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया तथा गांव वासियों से अपील की कि वह अपने समाज को नशा मुक्त बनाए और यह भी कहा कि नशे के कारण कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं तथा बिखर जा रहे हैं तथा शराब के कारण अपने बच्चों का भविष्य अंधकारमय कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन ₹नशे को दूर भगाओ सुखी परिवार और खुशियां पाओ नारे के साथ हुआ। मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य शोभा रानी साहू, तथा शिक्षिका ज्योति देवी ,मुन्नी देवी , रोजलीन एक्का, एलिस लकड़ा, शहजादी खातून, पायल कुमारी, राजकुमारी देवी, प्रेम मुन्नी देवी, उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत निकाली गई जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जेसीआई रांची पुरुषोत्तमपुर के सहयोग से स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय के बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर से आरम्भ कर मसमानो एवं बरही ग्राम में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शोभा यात्रा निकालकर किया गया। मुख्य अतिथि भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशे के बारे में पैदा हुई गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदन कुमार ने ग्रामीणों से नशा न करने की अपिल की एवं छात्र - छात्राओं को नशापन से होने वाले दुष्पारिणामों के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने नशा मुक्ति से सम्बंधित अनेकों नारे लगाये जैसे सबको चुस्त बनाना है, देश नशा मुक्त बनाना है। जो करेगा नशा, उसका होगा दुर्दशा। नशे से दोस्ती,जीवन से मुक्ति। जन - जन की यही सन्देश, नशा मुक्त हो अपना देश। जो नशे को अपनाएगा, वह घर लौट कर ना आएगा। देश को बचाना है, तम्बाकू को हटाना है।हर दिल की अब यही चाहत, नशा मुक्त हो मेरा भारत।जन -जन ने ठाना है, नशे को मिटाना है। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है, इसके लिए संकल्प लेना जरुरी है। व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरूआत करता है, लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है जिससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने नशा न करने की शपथ दिलाते हुए भारत को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। मौके पर विद्यालय के सह संचालक प्रमोद उरांव, प्राचार्य नंदन कुमार, संरक्षक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकायें कंचना सरोज, काजल कुमारी, सुषमा देवी, संतोष उरांव, जीवन साहू, लक्ष्मी कुमारी, नविका कुमारी, आंचल कुमारी, माही कुमारी, थानेश्वर प्रसाद एवं विद्यालय के सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

## एमडीएम मेनू के अनुरूप दें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में स्टेयरिंग कमिटी की बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से माध्याह्न भोजन का संचालन, विद्यालय परिसर में पौधारोपण, किचन गार्डन, ससमय विद्यालय का संचालन आदि बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों व माता समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि एमडीएम मेनू के अनुरूप दें। इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। एमडीएम में लापरवाही या गड़बड़ी करने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। स्टेयरिंग कमिटी के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि वे विद्यालय जाकर एमडीएम की जांच करें।

अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलती है तो इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा सभी विद्यालयों में किचेन गार्डेन का निर्माण करना है। इसके अलावे बीडीओ द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी विद्यालय जहां पर्याप्त जगह है वहां पौधारोपण करना अनिवार्य है।

विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दें। बैठक में अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

मौके पर उप स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डाक्टर राकेश कुमार, विनोद सिंह सहित अन्य अधिकारी व माता समिति के सदस्य मौजूद थे।

# पारंपारिक हथियार से लैस होकर महिलाएं जनी शिकार में हुई शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** उगरा पंचायत में आदिवासी समाज द्वारा पाहन पुजार के नेतृत्व में जनी शिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 12 वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य विशेषता ह। पूर्वजों के धरोहर को कायम रखने को लेकर आयोजित किया जाता है. विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत मेढो ग्राम में जनीशिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें गांव के पाहन-बेचना उरांव तथा पुजार फुलवा उरांव के अलावे स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हुआ.वही बताया जाता हैकि आदिवासी समाज मे जनीशिकार परंपरा पूर्वजों के समय से चला आ रहा है।

इसका मुख्य विशेषता पर चर्चा किया जाए तो यह कार्यक्रम उस समय से मनाने का प्रचलन हुआ जब आदिवासी महिलाओं ने पुरुष के अनुपस्थिति में अपने समाज तथा स्वंय की रक्षा के लिए पुरुषों का वेषभूषा बना अंग्रजो से लोहा लेने को कूद पड़ी थी और अंग्रेजो को पराजित कर अपने मकशद में कायम हुई थी। उसी समय से 12 वर्ष में एक बार आदिवासी महिलाओं द्वारा जनी शिकार कार्यक्रम आयोजन कर आदिवासी समाज के परंपरा को कायम रख तथा पूर्वजों का जीवनी को याद किया जाता है। इन्ही तथ्यों के उद्देश्य से लोहरदगा सदर प्रखंड क्षेत्र के खखपरता ग्राम के सातों टोली से पाडहा समाज की अगुआई में पारम्परिक हथियार से लैस हो महिलाएं वेष बदल कर जनी शिकार को निकली और अपने सीमावर्ती क्षेत्र से बाहर सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मेढो ग्राम पहुंच परंपरा को कायम किया और पशु,पक्षियों का शिकार कर पर्व के रूप में मनाया.जनीशिकार का समर्थन सुरेंद्र उरांव, महेश उरांव, लालदेव उरांव, बासदेव उरांव, परमेश्वर उरांव, जोखेन्द्र उरांव, प्रदीप उरांव, फूलदेव उरांव सहित आदिवासी समाज के गणमान्य पुरुष एवं महिलाएं शामिल थे।

स्वास्थ्य

# एकै साधे सब सधे !


गिरीश्वर मिश्र

**जीवन** की डोर सांसों से बंधी होती है इसलिए सामान्य व्यवहार में सांस लेना जीवन के पर्याय या लक्षण के रूप में प्रचलित है। सांस अन्दर लेना और बाहर निकालना एक स्वतःचालित स्वैच्छिक शारीरिक क्रिया है जो शरीर में दूसरी प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है और हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर डालती हैं। योग-विज्ञान में सांस लेना सिर्फ शारीरिक अभ्यास नहीं है। वह आध्यात्मिक विकास की राह भी है और तन-मन से स्वस्थ बने रहने का एक सरल नुस्खा भी है। योग के अंतर्गत प्राणायाम में सांस लेने के विभिन्न तरीकों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी है। योगियों की अनेक उपलब्धियां का आधार सांसों के नियंत्रण में ही छिपा हुआ है। प्राणायाम का अर्थ होता है प्राण का विस्तार और उसकी अभिव्यक्ति। हमारा मन प्राण के साथ वैसे ही जुड़ा रहता है जैसे एक पतंग धागे से जुड़ी रहती है। धागा अच्छी तरह पकड़े रहते हैं या प्राण शक्ति नियंत्रित रहती है तो चंचल मन नियंत्रित और वांछित दिशा में सक्रिय होता है। सांस का विज्ञान प्राण को नियंत्रण में लाता है जिसके फलस्वरूप मन पर साधक का अधिकार स्थापित होता है। वस्तुतः प्राण की ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है और वही शरीर में भी व्यक्त होती है। शरीर में प्राण-शक्ति के अनेक कार्य हैं जिनको ध्यान में रख कर पांच तरह के प्राणों की पहचान की गई है - उदान, प्राण, समान, अपान और व्यान । उदान लेरीनेक्स के ऊपर के भाग में और विशिष्ट इंद्रियों से जुड़ा होता है। प्राण हृदय के आधार से लेकर लेरीनेक्स तक सक्रिय रहता है। यह वाक्शक्ति और श्वसन प्रणाली से जुड़ा है। समान हृदय और नाभि के बीच सक्रिय होता है और पाचन क्रिया से भी जुड़ा है। अपान नाभि के नीचे स्थित रहता है और किडनी तथा मूत्राशय आदि अन्य अंगों को प्रभावित करता है। व्यान पूरे शरीर में व्याप्त रहता है और सभी पेशियों और जोड़ों के संचालन से जुड़ा होता है। प्राण की ऊर्जा बहुत सूक्ष्म होती है जिसे श्वास के सभ्यास से नियंत्रित किया जाता है। श्वांसों पर नियंत्रण के लिए सांस अंदर लेने और बाहर निकालने, उसे रोकने आदि की गति, अवधि, तीव्रता तथा आवृत्ति आदि में बदलाव किया जाता है। वस्तुतः कोई भी रोग हमारी प्राण शक्ति के प्रवाह में असंतुलन का परिणाम होता है। हमारी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया प्राणिक ऊर्जा का मूल आधार होती है। हम सब एक दिन में लगभग 20,000 बार सांस लेते हैं। सांस को फेफड़े के अन्दर लेते समय हृदय गति बढ़ जाती है और सांस को बाहर निकालते हुए कम हो जाती है। हमारा तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) भी सांस की गति के प्रति संवेदनशील रहता है। हम अच्छी तरह सांस लेये हुए तनाव में कमी और अन्दर से ऊर्जावान महसूस करते हैं। अपने सांस पर ध्यान देकर स्वास्थ और दीर्घायु पा सकते हैं। रोचक बात यह है कि हम अपनी सांस लेने के क्रम को आवश्यकतानुसार बदल भी सकते हैं और अपनी पूरी शरीर-प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। सांस का सायास प्रयोग कब शुरू हुआ यह तो मालूम नहीं पर भारत में निश्चय ही इसकी बड़ी पुरानी परम्परा मौजूद रही है। श्रीमद्भगवद्गीता में सांस लेना (पूरक), सांस को छोड़ना (रेचक) और सांस को रोकना (कुंभक) इन तीन प्रक्रियाओं का वर्णन मिलता है। तिबती परम्परा में भी इस पर बल दिया गया है। अनुष्ठान करने में, चिकित्सा में, अध्यात्म और धार्मिक अभ्यास में, ध्यान और शारीरिक कला-कौशल विकसित करने आदि सबमें श्वास-प्रश्वास का महत्त्व पाया गया है। वस्तुतः सांस लेना सिर्फ वायु का भौतिक रूप से गतिशील होना नहीं हैं। इसे ऊर्जा, शक्ति, प्राण, ब्रह्मानंद और आत्मा तक से भी जोड़ा गया है । योग की ज्ञान-परम्परा में प्राणिक ऊर्जा को नियमित करने और सकारात्माक रूप से संचारित करने के लिए प्राणायाम पर बल दिया गया है। चिकित्सा जगत की इसमें बहुत दिनों तक कोई खास रुचि न थी। बीसवीं सदी के मध्य तक आते-आते यह स्पष्ट हुआ कि श्वांस लेने और निकालने के दर (रेट) का स्वास्थ पर सीधा प्रभाव पड़ता है। दमा (अस्थमा) वस्तुतः श्वांस की कमी से जुडा है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी कदम

**अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में पीएम-किसान लाभार्थियों को बिना किसी लीकेज के पूरी राशि प्राप्त हुई, जिससे कृषि में निवेश करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता से न केवल किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी गति मिली है। पीएम-किसान योजना सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी एकीकरण के कारण सबसे अलग है। इस योजना में किसानों के बैंक खातों में सीधे, पारदर्शी और समय पर धन वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र का उपयोग किया जाता है।**

***फरवरी*** 2019 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, देश भर के किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है; और यह कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने तथा ग्रामीण समुदायों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण प्रदान करके उनकी आय में वृद्धि करना है ताकि उनकी ग्रामीण आजीविका में सुधार हो सके। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से शुरू की गई पीएम-किसान योजना का उद्देश्य भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। तीन बराबर किस्तों में वितरित 6,000 रुपये के वार्षिक लाभ के साथ, यह योजना किसानों को आवश्यक कृषि व्यय पूरा करने और साहूकारों पर निर्भरता से बचाने में मदद करती है। यह वित्तीय सहायता परिवर्तनकारी सिद्ध हुई है, जिससे किसान उपकरण, बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि इनपुट में निवेश करने में सक्षम हुए हैं और फसल की पैदावार, कृषि उत्पादकता एवं स्थिरता में वृद्धि हुई है। पीएम-किसान योजना प्रारंभ होने के बाद से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.02 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है, जो इस योजना के तहत 16वीं किस्त के माध्यम से भारतीय कृषि में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके अलावा, हाल ही में 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे कुल वितरण 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इस योजना का आर्थिक प्रभाव और पहुंच गहरी रही है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में पीएम-किसान लाभार्थियों को बिना किसी लीकेज के पूरी राशि प्राप्त हुई, जिससे कृषि में निवेश करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता से न केवल किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी गति मिली है। पीएम-किसान योजना सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी एकीकरण के कारण सबसे अलग है। इस योजना में किसानों के बैंक खातों में सीधे, पारदर्शी और समय पर धन वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र का उपयोग किया जाता है। आधार, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ एकीकरण द्वारा सुगम यह विधि धोखाधड़ी के जोखिम को कम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि इसका लाभ इच्छित प्राप्तकर्ताओं तक पहुंच सके। इस योजना के लिए विशेष रूप से शुरू किया गया पीएम-किसान पोर्टल लाभार्थियों को वैधीकृत करने के लिए विभिन्न डेटा बिंदुओं को एकीकृत करता है, जिससे पात्र किसानों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित हो पाता है। इसके अतिरिक्त, आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य हो गया है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता में अतिरिक्त वृद्धि हुई है। लाभार्थियों की सहायता के लिए, पीएम-किसान योजना में अनेक अभिनव सहायता पहल शामिल हैं। समर्पित वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और एसएमएस अलर्ट किसानों को अपनी स्थिति को ट्रैक करने, ई-केवाईसी पूरा करने और उनकी शिकायतों को दूर करने में सक्षम बनाते हैं। 'अपनी स्थिति जानें' (केवाईएस) मॉड्यूल किसानों को एक क्लिक पर उनके पंजीकरण और लाभ की स्थिति का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है। इसने किसानों को रियल टाइम जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाया है और बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम कर दी है। इसके अलावा, एआई-संचालित चैटबॉट किसान ई-मित्र की शुरूआत ने किसानों के लिए सहायता में क्रांतिकारी बदलाव किया है, जो 11 भाषाओं में रियल टाइम सहायता प्रदान करता है। यह सेवा, 5 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के साथ मिलकर, योजना से संबंधित सेवाओं को किसानों के दरवाजे तक पहुंचाती है, जिससे समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित होती है।

**आगे की राह :** भारत सरकार पीएम-किसान योजना को परिष्कृत और विस्तारित करने का काम जारी रखे हुए है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंग के रूप में, इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य सभी पात्र किसानों को शामिल करना है, जिसमें 1 करोड़ से अधिक अतिरिक्त किसान पहले ही लाभान्वित हो चुके हैं। किसान कॉल सेंटर और फील्ड सर्वेक्षणों के माध्यम से निरंतर फीडबैक यह सुनिश्चित करता है कि यह योजना अपने लाभार्थियों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो सके। इस योजना का मजबूत शिकायत निवारण तंत्र, जिसकी समाधान दर लगभग 99% है, किसानों की समस्याओं का त्वरित निपटान करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गांव-स्तर के नोडल अधिकारी जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिससे योजना की पहुंच और प्रभावशीलता में वृद्धि हो रही है। जैसे-जैसे पीएम-किसान अपने अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि हर पात्र किसान को इस योजना का लाभ मिल सके। वित्तीय सहायता, तकनीकी एकीकरण और निरंतर नवाचार के मिश्रण के साथ, पीएम-किसान भारत की कृषि और ग्रामीण विकास कार्यनीति का एक प्रमुख आधार बना रहेगा, जो एक आत्मनिर्भर और समृद्ध कृषक समुदाय को बढ़ावा देगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पर भारत सरकार की पहल के साथ पीएम-किसान को जोड़ने से इस योजना के वितरण को और मजबूती मिलेगी।

**■ डॉ. एमएल जाट**
**निदेशक, ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम ऑन रेसिलिएंट फार्म एंड फूड सिस्टम्स**
**इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (इक्रीसैट), हैदराबाद**
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# मोदी सरकार के लिए विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं


योगेंद्र योगी

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरूआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं।**

***पिछले*** कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारुढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरूआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों का जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दवाब होगा। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया। इस पर प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि अगर ओवैसी ने कोई आपत्तिजनक बात कही है उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। ओवैसी हैदराबाद से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह पांचवी बार सांसद बने हैं। विवाद के बाद ओवैसी ने सफाई दी और कहा कि फिलीस्तीन बोलना संविधान के खिलाफ कैसे है। भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी का काम ही विरोध करना है। भाजपा के पिछले कार्यकाल के दौरान यदि ओवैसी इस तरह शपथ लेते तो निश्चित तौर पर उन्हें भाजपा सांसदों का भारी विरोध सहना पड़ता, जोकि इस बार इस बार साामन्य नजर आया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून, 2024 से प्रभावी रहेगा। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजकर कांग्रेस के इस फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया था कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए यह अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है, यह आपकी आवाज बनकर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लोकसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की लगातार मांग के बावजूद संख्या बल का हवाला देते हुए मोदी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की थी। १७ वीं लोकसभा में पर्याप्त संख्या बल नहीं होने पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद रिक्त रहा। नेता प्रतिपक्ष की सदन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका और संवैधानिक अधिकार होते हैं। इनमे कटौती करना सत्तारुढ़ दल के लिए संभव नहीं है। यह एक सम्मानीय पद है। राहुल गांधी के लिए भाजपा जिस तरह का वक्तव्य हर वक्त इस्तेमाल करती रही है, वह अब संभव नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष की हैसीयत सत्तारुढ़ दल के नेता से कम नहीं होती। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की आवाज उठाते हुए नजर आने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बहुत कुछ बदलकर रख दिया है। राहुल गांधी के तौर पर पूरे दस सालों बाद सदन के भीतर विपक्ष को अपना सेनापति मिला है। 2014 में सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है, क्योंकि पिछले दस सालों से पार्टी के पास इस पद को पाने के लिए जरूरी 54 सीटें तक नहीं थीं।
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

अर्थव्यवस्था

# आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन का किया जाता रहा है अनुपालन


प्रह्लाद सबनानी

***पिछले*** कुछ वर्ष से निगमित अभिशासन को विभिन्न बैकों एवं कम्पनियों में लागू करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी इस सम्बंध में विस्तार से दिशा-निर्देश जारी किए हैं एवं इन्हें सहकारी क्षेत्र के बैंकों में लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के पश्चात अमेरिका में लागू की गई पूंजीवाद की नीतियों के चलते कम्पनियों को अमेरिकी सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने की खुली छूट दी गई थी ताकि अमेरिकी में बिलिनायर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ाई जा सके और अमेरिका एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाए। अमेरिका एवं अन्य देशों में व्यापार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अमेरिका में आर्थिक नियमों में भारी छूट दी गई थी। इस छूट का लाभ उठाते हुए कई अमेरिकी कम्पनियों ने अन्य देशों में भी अपने व्यापार का विस्तार करते हुए अपनी कई कम्पनियां इन देशों में स्थापित की और बाद में उन्हें बहुराष्ट्रीय कम्पनियां कहा गया। अमेरिका में स्थापित कम्पनियां दूसरे देशों में स्थापित अपनी सहायक कम्पनियों की अमेरिका में बैठकर देखभाल तो कर नहीं सकती थीं। अतः उन्होंने अन्य देशों में स्थापित कम्पनियों के बोर्ड में अपने प्रतिनिधि, निदेशक के तौर पर भर्ती किए। इस बोर्ड को चलाने के साथ ही इन देशों में इन कम्पनियों द्वारा व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से इस सम्बंध में नियमों की रचना की गई, जिन्हें बाद में निगमित अभिशासन का नाम दिया गया। वर्ष 1970 के आसपास अमेरिका में एवं अन्य यूरोपीयन देशों में निगमित अभिशासन के सम्बंध में बहुत शोध कार्य सम्पन्न हुआ एवं निगमित अभिशासन के कई मॉडल एवं सिद्धांत विकसित हुए, जिन्हें भारत में भी लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि भारत में तो प्राचीन काल से ही आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन सम्बंधी नियमों का अनुपालन किया जाता रहा है। सनातन संस्कृति में कर्म एवं अर्थ को धर्म से जोड़ा गया है। अतः प्राचीन भारत में धर्म का पालन करते हुए ही आर्थिक गतिविधियां सम्पन्न होती रही हैं। इस प्रकार, आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन तो व्यापार में उपयोग होता ही रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने बड़े स्तर पर होने वाले व्यापार में अभिशासन की नीतियों का अनुपालन तो निश्चित रूप से होता ही होगा। परंतु, पश्चिमी देश निगमित अभिशासन को एक नई खोज बता रहे हैं। प्राचीन काल में भारत में आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन के अनुपालन का स्तर बहुत उच्च था। एक घटना के माध्यम से इसे सिद्ध भी किया जा सकता है। एक किसान ने एक अन्य किसान से जमीन के टुकड़ा खरीदा। उस किसान ने जब जमीन में खुदाई शुरू की तो उसे खुदाई के दौरान उस जमीन में सोने के सिक्कों से भरा एक घड़ा मिला। इस घड़े को लेकर वह किसान जमीन के विक्रेता किसान के पास पहुंचा और बोला आपसे जो जमीन का टुकड़ा मैंने खरीदा था उसमें सोने के सिक्कों से भरा यह घड़ा मिला है, मैंने तो चूंकि आपसे केवल जमीन खरीदी है, अतः इस घड़े पर आपका अधिकार है। विक्रेता किसान ने उस घड़े को लेने से इसलिए इंकार कर दिया कि क्योंकि अब तो वह जमीन मैं आपको बेच चुका हूं अतः अब जो भी वस्तु अथवा पदार्थ इस जमीन से प्राप्त होता है उस पर जमीन के क्रेता अर्थात केवल आपका अधिकार है। दोनों किसानों के बीच जब किसी प्रकार की सुलह नहीं हो सकी तो वे दोनों किसान राजा के महल में अपनी समस्या का हल ढूंढने के लिए पहुंचे। जब वहां भी इस समस्या का हल नहीं निकल सका तो दोनों किसानों ने राजा से प्रार्थना की कि सोने के सिक्कों से भरे इस घड़े को राज्य के खजाने में जमा कर दिया जाए। राजा ने भी उस घड़े को राज्य के खजाने में जमा करने से इंकार कर दिया क्योंकि राज्य के खजाने में तो अभिशासन सम्बंधी नियमों के अनुपालन के अनुसार ही प्राप्त धन को जमा किया जा सकता है और अभिशासन सम्बंधी नियमों में इस प्रकार से प्राप्त धन को खजाने में जमा करने का वर्णन ही नहीं है। इस उच्च स्तर की अभिशासन प्रणाली प्राचीन भारत में लागू थी।
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# संथाल हूल शोषण मुक्त समाज के लिए लड़ी गयी एक बड़ी लड़ाई थी


डॉ. कोरनेलियुस मिंज



**सिद्धू कान्हू ने अंग्रेजों को अपनी जमीन से भगाने के लिए अपने साथियों को करो या मरो का महामंत्र दिया। संथाल विद्रोह महाजनों के अत्याचार के खिलाफ उठा था। उग्र संथाल चाहते थे कि अंग्रेजों के सहायक महाजनों को खत्म किया जाये। उनके शोषण, अत्याचार से हमेशा के लिए मुक्ति मिले। इस मुक्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए चुन्नी माझी के चार साहसी पुत्र - सिद्धू, कान्हू, चाँद और भैरव कूद पड़ें। इनका साथ बहन फूलो और झानों ने भी दिया। इन वीर सपूतों को न सिर्फ संथालों का सहयोग प्राप्त हुआ बल्कि सभी वर्गों का समर्थन मिला। सिद्धू के व्यक्तित्व में एक जादू था। उनके व्यक्तित्व से सभी वर्ग के लोग प्रभावित थे।**

***भारतीय*** इतिहास में 8 अगस्त 1942 का जो महत्त्व है वहीं महत्व 30 जून 1855 ई का भी है। 8 अगस्त 1942 ई को अखिल भारतीय कांग्रेस की एक सभा बम्बई में हुई थी। इस सभा में एक प्रस्ताव परित किया गया था, जिसके द्वारा अंग्रेजों से आग्रह किया गया था कि वे भारत छोड़ कर चले जायें। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने इस सभा में 30 मिनट तक भाषण देते हुए करो या मरो का मंत्र दिया था। ठीक इसी प्रकार का संकल्प तत्कालीन बिहार राज्य के संथाल प्रगना जिला के राजमहल क्षेत्र के भोगनाडीह गाँव में 30 जून 1855 ई को 10 हजार संथालों के बीच संथाल नेता सिद्धों, कान्हू ने परित किया था। उन्होंने अपने प्रस्ताव के द्वारा यह घोषित किया कि अंग्रेजी हुकूमत उनकी भूमि छोड़ दे। 15 दिन के भीतर अंग्रेज संथालों की भूमि से हट जायें और शांतिपूर्ण तरीके से संथालों को अपनी जमीन पर राज करने दे। सिद्धू कान्हू ने अंग्रेजों को अपनी जमीन से भगाने के लिए अपने साथियों को करो या मरो का महामंत्र दिया। संथाल विद्रोह महाजनों के अत्याचार के खिलाफ उठा था। उग्र संथाल चाहते थे कि अंग्रेजों के सहायक महाजनों को खत्म किया जाये। उनके शोषण, अत्याचार से हमेशा के लिए मुक्ति मिले। इस मुक्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए चुन्नी माझी के चार साहसी पुत्र - सिद्धू, कान्हू, चाँद और भैरव कूद पड़ें। इनका साथ बहन फूलो और झानों ने भी दिया। इन वीर सपूतों को न सिर्फ संथालों का सहयोग प्राप्त हुआ बल्कि सभी वर्गों का समर्थन मिला। सिद्धू के व्यक्तित्व में एक जादू था। उनके व्यक्तित्व से सभी वर्ग के लोग प्रभावित थे। संथाल विद्रोह को सफल बनाने के लिए लोहारों ने उन्हें कुठारी, टांगी एवं लोहे के अस्त्र-शस्त्र बना कर दिया था तो वहीं चमार जाति के लोगों ने उन्हें बड़े-बड़े नगाड़े बनाकर दिया था। यही कारण है कि भागलपुर कमिशनर ने 28 जुलाई 1855 ई को अपने एक पत्र में स्वीकार किया था कि संथाल विद्रोह में लोहार, चमार, ग्वाला, तेली आदि जाति के लोगों का सहयोग सिद्धू को प्राप्त है। शाल की टहनी के माध्यम से पूरे संथाल प्रगना के लोगों को एकत्र होने का संदेश दिया गया। 30 जून 1855 ई को भोगनाडीह में 10 हजार संथाल आये। सभी ने सिद्धू को अपना राजा घोषित किया और संथाल राज्य की स्थापना का संकल्प लिया। विद्रोह में कान्हू को सिद्धू का सलाहकार, चाँद को प्रशासक और भैरव को संथाल राज्य का सेनापति बनाया गया। संथालों ने सभा में एक साथ हुंकार भरते हुए नारा दिया - जमीनदार, महाजन, पुलिस और सरकार के कर्मचारियों का नाश हो। संथालों ने निश्चय किया कि वे सरकारी हुकुम को नहीं मानेंगे न ही सरकार को टैक्स देंगे। संथाल विद्रोह का ही परिणाम कहीं-कहीं 1857 का सिपाही विद्रोह के रूप में सामने आया। स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी सिद्धू कान्हू के नेतृत्व में जो स्वतंत्रता संग्राम हुआ, उसे ही अंग्रेजों ने संथाल विद्रोह कहा। कार्ल मार्क्स ने अपनी पुस्तक नोट्स ऑफ इंडिया हिस्ट्री में संथाल विद्रोह का उल्लेख करते हुए इसे भारत की प्रथम जन-क्रांति कहा। यह सत्य है कि संथाल विद्रोह भारत में पहला जन-क्रांति था। संथाल विद्रोह में जनता के उपर क्रांति थोपी नहीं गयी थी बल्कि जनता स्वयं क्रांति करने के लिए उत्तेजित थी। विद्रोह में महिलाओं ने पुरूषों का पूरा-पूरा साथ दिया। संथाल विद्रोह ने अंग्रेजी हुकूमत को हिला कर रख दिया। इस विद्रोह में 10 हजार लोग मारे गये। अंग्रेजों ने सिद्धु,कान्हू को फांसी की सजा दी। सिद्धु, के बाद विद्रोह का मोर्चा चांद, भैरव ने संभाला। बाद में उन्हें भी अंग्रेजों ने मार दिया। संथाल हूल का दायरा बहुत बड़ा था। यह वीरभूम से लेकर भागलपुर तक फैला हुआ था। इस हूल की प्रकृति पूर्व के आदिवासी विद्रोहों से भिन्न थी। यह जनता के बीच के आम योद्धाओं के द्वारा खड़ा किया गया लड़ाई था और जनता की नजर में पूरी तरह विश्वसनीय और प्रासंगिक था। इस जन विद्रोह को देखकर अंग्रेजी हुकूत समझ गयी थी कि यदि देश की मुख्यधारा का समाज संथालों के साथ हो गया तो उनके लिए 1855 ई में ही भारत छोड़ने की नौबत आ जायगी। सथाल हूल के परिणाम स्वरूप दामन-ए-कोह को भागलपुर व वीरभूम से अलग कर नया जिला संथाल परगना बनाया गया। संथाल परगना जिले के प्रथम डिप्टी कमिश्नर एशली इडेन नियुक्त किये गये और इस जिले का प्रशासन अंग्रेजों ने विशेष कानून बनाकर किया। संथाल हूल ने यह सीख दिया कि जनता के संघर्ष में किसी प्रकार का आत्मसर्मपर्ण और समझौता नहीं होता है। वह समस्या के समाधान तक या कुर्बानी देने तक अपनी पूरी ताकत से चलता है। यह एक जन आंदोलन का रूप था और इसका जन आंदोलन वाला रूप अंत तक बना रहा। संथाल हूल ने कई विद्रोंहों का रास्ता तैयार किया। बिरसा मुण्डा के उलगुलान के लिए भी इसने प्रेरणा का काम किया। संथाल हूल एक जन-क्रांति के रूप में हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज है।
**(सहायक प्राध्यापक बिरसा कॉलेज खूँटी)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### भाजपा नेता व पूर्व मुखिया रामधनी सिंह का निधन

**बरवाडीह।** छिपादोहार निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता सह छिपादोहार पंचायत के पूर्व मुखिया रामधनी सिंह का शुक्रवार की देर रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र और तीन पुत्री को छोड़ गए। उनके निधन की खबर सुनते ही उनके आवास पर लोगो का ताता लग गया। रामधनी सिंह जनसंघ काल से आज तक भाजपा के कई पदो पर आसिन रहे,फिलहाल वे जिला उपाध्यक्ष थे। उन्हे एक ईमानदार और कर्मठ नेता के रूप में जाना जाता था। वे पूर्व में छिपादोहर के मुखिया रह चुके थे।

### करंट लगने से तीन गाय की मौत

**महुआडांड़।** शनिवार सुबह को करंट लगने से 3 गाय की मौत हो गई। यह मामला महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के दुरूप पंचायत अंतर्गत पोटमाडीह गांव की है ग्रामीणों ने बताया कि जमीन में बिजली की तार गिरी हुई थी और तार की चपेट में आने से पोटमाडीह ग्रामीण बेनोरिका गिद्ध, जकरियस कुजुर, अलारूस गिद्ध की एक एक गाय की मौत हो गई। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर ने बताया कि पोटमाडीह में गाय की मृत्यु हुई है जानकारी मिली है। तीनों गायों का पोस्टमार्टम किया जाएगा रिपोर्ट में पता चलेगा कि बिजली से ही मौत हुई है फिर उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

### शहरी क्षेत्र में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर शनिवार को थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस ने थाना गेट, लातेहार के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट, लाइसेंस, इंश्योरेंस आदि कागजातों की जांच की गई। चेकिंग अभियान में कई दो वाहनों को परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया। पकड़ाए वाहनों से फाइन वसूली को लेकर पुलिस की टीम के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की गई। वाहन चेकिंग के दौरान सात गाड़ियों से ?14 हजार रुपए की ऑनलाइन और ऑफलाइन वसूली की गई। इधर वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

### मगध संघमित्रा में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के मगध पीट ऑफिस भवन में शनिवार को सीएसआर के तहत पिओ एस सत्यनारायण के नेतृत्व में निशुल्क कान जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रांची गांधीनगर अस्पताल के डॉक्टर एस पी रंजन ने दर्जनो मरीजों का जांच कर परामर्श दिए और मुफ्त दवा भी दी गई। इस दौरान गांधीनगर से आए कई चिकित्सा कर्मी सीसीएल कर्मी के अलावे ग्रामीण मौजूद रहे।

### लातेहार में मानसून ने दी दस्तक, मौसम ने अचानक ली करवट

# झमाझम बारिश, गर्मी से राहत



शनिवार की दोपहर एक बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं एवं मेघ गर्जन के साथ जिला मुख्यालय समेत कई प्रखंडों में झमाझम बारिश हुई।

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
सूबे में मानसून की दस्तक होते ही लातेहार जिले भर में झमाझम बारिश शनिवार से शुरू हो गई है। शनिवार की दोपहर 1:00 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं एवं मेघ गर्जन के साथ जिला मुख्यालय समेत कई प्रखंडों में झमाझम बारिश हुई। मौसम बदलने और बारिश के आगमन से जिले वासियों ने राहत की सांस ली है। वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। इस वर्ष जुलाई माह में लातेहार प्रखंड में 31.8 मिमी, चंदवा में 4.0 मिमी, बालूमाथ में 7.8मिमी, हेरहंज मे 23.0 मिमी, बरवाडीह में 28.2 मिमी, गारु मे 47.0 मिमी, सरयू मे 6.0 मिमी, महुआडांड़ मे 25.8 मिमी बारिश हुई। इस वर्ष जुलाई माह में बरियातू प्रखंड में सबसे सर्वाधिक बारिश हुई है, जो कि 49.0 मिमी है। जून मे औसतन 24.7 मिमी बारिश हुई। जबकि सामान्य वषार्पात 152.4 मिमी दर्ज किया गया था। मनिका में वषार्पात यंत्र खराब रहने के कारण इस महीने का रिकॉर्ड दर्ज नहीं किया जा सका है। इधर बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को जिला मुख्यालय का तापमान गिरकर 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जबकि अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर जिले का किसान रामेश्वर उरांव, राम कुमार उरांव, महेश सिंह, पंकज यादव, आदि किसानो का कहना है कि पिछले 2 वर्षों मे जिले में अच्छी बारिश नहीं हो पाई है, परंतु इस बार उम्मीद लगाई जा रही है कि, इस बार इंद्रदेव भगवान की कृपा होगी और बारिश अच्छी रहेगी। किसानो ने कहा कि समय से मानसून आने के कारण हमलोग काफी खुश हैं। लगातार इसी तरह का बारिश हुई तो पैदावार अच्छा होगा। दो वर्षो बाद जून माह में इतनी अच्छी बारिश होना अच्छी खेती होने का संकेत बता रहा है। अच्छी बारिश होने के साथ ही किसान खेत की तैयारी में भी जुट गए हैं। किसान मक्का, अरहर, बादाम, उरद, बराई समेत अन्य खरीफ फसलों की बुआई के लिए खेत तैयार करने में जुट गये हैं। किसानों का मानना है कि अगर इसी तरह मानसून ने साथ दिया तो बेहतर खेती होगी।

### किसान सभा का चौथा प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न

# किसानों के प्रति केंद्र लापरवाह : प्रमोद



प्रखंड कमेटी का गठन

सम्मेलन में सर्वसम्मति से नई प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष टीजू उरांव, सचिव कितका गंझू,गोविंद गंझू,उपाध्यक्ष राजू उरांव उप सचिव और कोषाध्यक्ष प्रकाश गंझू को चुना गया है। सम्मेलन में नवीन चौधरी, हरिदेव गंझू, माखन चौरसिया, बालेश्वर गंझू समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नवीन संवाददाता। चंदवा**
अखिल भारतीय किसान सभा का चौथा प्रखंड सम्मेलन कॉमरेड अतुल कुमार अंजान सभागार जय हिंद पुस्तकालय में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता मो अलाउद्दीन और सुरेश कुमार बासपति ने कि। सम्मेलन में सर्वप्रथम कॉमरेड अतुल कुमार अंजान के आकस्मिक निधन,जम्मू आतंकी हमले में शहीद,कुवैत अग्निकांड में 42 भारतीय मजदूरों की मौत तथा दिल्ली एयरपोर्ट में मारे गए 6 मजदूरों के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रमोद साहू ने कहा कि देश में किसानी आज घाटे का सौदा साबित हो रहा है।किसान किसानी छोड़ कर दूसरे काम करने को मजबूर हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। किसान आंदोलन में शहीद हुए 720 किसानों के प्रति केंद्र सरकार गंभीर नहीं हैं और न ही किसानों के फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी लागू नही हो पाया है। केंद्र सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति लापरवाह बनी हुई है। अंचल सचिव अनिल कुमार साहू ने कहा कि आज किसानों को संगठन के नीचे आ कर ही अपने वजूद को बचाने की जद्दोजहद करनी होगी क्योंकि किसानों के लिए कोई भी सरकार वादे तो बहुत करती है पर सत्ता प्राप्त करते के साथ किसानों नौजवानों को भूल कर पूंजी पतियों के विकास में लग जाती है। मो अलाउद्दीन ने कहा की चंदवा में किसानों को एकजुट कर किसानों के सवालों को लेकर आंदोलन की रूप रेखा तय की जाएगी।

# कलश शोभायात्रा के साथ 7 दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुरू, श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड के बसिया पंचायत अंतर्गत नगड़ा ग्राम के बेलवाडीह में सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ आज भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हो गई यह कलश शोभायात्रा यज्ञशाला मंडप परिसर से प्रारंभ होकर नगड़ा ग्राम का भ्रमण करते हुए नदी स्थित छठ घाट पहुंची जहां पर वैदिक मंत्रोचार के बीच सैकड़ो पूर्व से महिला श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कलश में जल उठाया। जय माता दी जय श्री राम जय बजरंगबली जय महादेव आदि नारे लगाते हुए पुन एक सलामंडा पहुंचकर अपने-अपने कलश स्थापित किया। इस कलश यात्रा में मुख्य अजमान की भूमिका बिजली साहू कुलदेव यादव जगदेव साहू सुरेंद्र यादव आदि ने सपत्नी निभाई। इस कलर शोभायात्रा में बालूमाथ पूर्वी के जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी पंचायत के मुखिया विमला देवी समेत पंचायत के कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक तथा गण्यमन लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह श्री रुद्र महायज्ञ 29 जनवरी से प्रारंभ होकर 5 जुलाई तक चलेगी। इस रुद्र महायज्ञ को लेकर मंदिर की साज सज्जा के साथ-साथ विशाल यज्ञशाला मंडप और मंच का निर्माण किया गया है। वही इस महायज्ञ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई है। वही यज्ञ शाला मंडप के आसपास के क्षेत्र में बच्चों के साथ-साथ बड़ों की मनोरंजन के लिए तारा माची झूला, ब्रेक डांस झूला आदि के साथ-साथ कई खिलोने, मनोरंजन, श्रृंगार आदि सामग्रियों की दुकाने लगाई गई है। इस महायज्ञ को लेकर बसिया पंचायत क्षेत्र के साथ-साथ आसपास की ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव के साथ खुशी का माहौल देखा जा रहा है। लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसे लेकर इस क्षेत्र के लोग अपने सगे संबंधियों को महायज्ञ में भाग लेने को लेकर आमंत्रित करते दिख रहे हैं। यज्ञ को सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप यादव उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, सचिव संतोष यादव, उप सचिव निश्चय कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष सुरेश यादव के साथ-साथ गिरधारी यादव, कृष्णा साहू, रघु यादव, जगदीश यादव फुलदेव यादव, मुकेश साहू, देवनारायण यादव, सहित हजारों श्रद्धालु महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री निजी दौरे पर बालूमाथ पहुंचे

**बालूमाथ।** विधायक बैद्यनाथ राम शनिवार को बालूमाथ प्रखंड के रहमत नगर निवासी स्वर्गीय कयूम सिद्दीकी की पुत्री का वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। मौके ओर बैद्यनाथ राम ने कहा कि हमें एक दूसरे की खुशी और गम में शरीफ होनी चाहिए। उससे आपसी संबंध मधुर होते हैं। मुझे बड़ा दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि पिछले दिन स्वर्गीय कयूम सिद्दीकी की मृत्यु से मैं बहुत आहत था लेकिन कुछ आवश्यक कार्य के लिए मैं अपने विधानसभा से बाहर था जिसके कारण मैं उस दिन बालूमाथ नहीं आ सका। आज उनकी पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचकर परिजनों से मिलकर खुशी महसूस हुई। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह बालूमाथ प्रखंड 20 सूत्री सदस्य हाजी मोतिउर रहमान, चतरा लोकसभा के यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मो जफर आलम, युवा नेता दीपक कुमार, हरी साव, जसीम सिद्दीकी, मो फिरोज, मो मेराज, शाहिद अंसारी मो समीम, मो जुबैर कुरैशी, मो अलीम सहित कई लोंग मौजूद रहे।

# बरवाडीह पुलिस ने अवैध बालू के साथ चार ट्रैक्टर किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
एनजीटी के द्वारा 10 जून से बालू घाट से बालू उठाव पूरी तरह बंद किये जाने के बाद भी बालू कारोबार से जुड़े लोगों के द्वारा बालू का उठाव बालू घाट से किया जा रहा हैं जिसके खिलाफ शनिवार को बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बालू लदा चार ट्रेक्टर के साथ चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है। वहीं इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी राहुल सिन्हा ने बताया की थाना अंतर्गत अवैध बालू उठाव की जानकारी अंचलाधिकारी के द्वारा थाने को दी गई जिसपर पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर टीम गठित करते हुए अंचलाधिकारी और सब इंस्पेक्टर यकीन अंसारी, सुनील मंडल के साथ पुलिस टीम ने छेचानी बालू घाट से बालू लदा हुआ चार ट्रेक्टर जप्त किया गया जहाँ ट्रेक्टर में मौजूद मंटू सिंह सतबरवा, बलि कुमार सोनपुरवा डालटनगंज, राहुल उरांव बारेसाढ़ और आशीष उरांव बारेसाढ़ को हिरासत में लेकर जप्त ट्रेक्टर के साथ थाना लाया गया। वहीं जप्त ट्रेक्टर में दस्तावेज की कमी होने के कारण मालिक का नाम पता स्पष्ट नहीं हो पाया हैं जिसकी जांच की जा रही है।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी
–सह–मुख्य
कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
शुद्धि पत्र
PR 327608 Fish (24-25)D द्वारा प्रकाशित जाल की अति अल्पकालीन निविदा खोलने का समय 11:30 बजे अपराह्न को सुधार करते हुए 11:30 बजे पूर्वाह्न पढ़ा जाए। इसे इस हद तक संशोधित समझा जाए।
जिला मत्स्य पदाधिकारी
–सह–मुख्य
कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
PR 328138 Fish (24-25)D


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार
शुद्धि-पत्र
इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 02/2024-25/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. - 326930REO (24-25)#D है, में कार्य समाप्ति की समयावधि 09 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाय।
निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, लातेहार।
PR.NO.328165 REO(24-25):D

# सीएसपी संचालक पर ग्रामीण के बैंक खाते से अवैध निवासी का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज**
प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएसपी संचालक बिगन यादव के द्वारा चुकू ग्राम निवासी करमा भुइयां के खाता से दो बार में नौ हजार दस रुपया अवैध निवासी करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि सेरनदाग निवासी बिगन यादव पिता विशुनदेव यादव भारतीय स्टेट बैंक का मिनी संचालक है,जो चुकू निवासी करमा भुइयां के खाता से खाता संख्या 34852722344 से 11 जनवरी 2024 को 510 (पांच सौ दस) रुपया व 18 जनवरी 2024 को 8500 (आठ हजार पांच सौ) रुपया अवैध निकासी कर लिया है। जबकि करमा भुइयां नवम्बर माह 2023 में मुंबई काम करने गया था और वह 18 मार्च 2024 को घर लौटा। लौटने के बाद अपने खाता से पैसा निकासी करने गया तो पता चला कि खाता से 9010 (नौ हजार दस) रुपया अवैध तरीके से निकासी हो गया है। तब करमा भुइयां द्वारा स्टेट बैंक में आवेदन देकर अपना खाता की स्टेटमेंट निकलवाया। स्टेटमेंट के अनुसार शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि 11 जनवरी को 510 रुपया व 18 जनवरी को 8500 सौ रुपया की निकासी मेरे ही बैंक से हुवा है। इसके बाद निकासी पर्ची की जांच की गई तो पता चला कि बिगन यादव द्वारा निकासी पर्ची में सिग्नेचर व मुहर लगाकर प्रमाणित किया गया है। जो बिल्कुल गलत बताया जा रहा है। जबकि यह खाता विद्या भास्कर नामक सीएसपी संचालक का बताया जा रहा है और बिगन यादव द्वारा अपना सिग्नेचर और मुहर फर्जी तरीके से लगा कर किसी दूसरे व्यक्ति को खड़ा करवाकर भारतीय स्टेट बैंक हेरहंज शाखा से निकासी करवा लिया गया है।

### बालूमाथ में सर्पदंश से किशोरी की मौत परिजन हुए बेहाल



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू नवाडीह ग्राम में प्रमिला कुमारी 14 वर्षीय पिता राजा गंझु को किसी जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई। परिजनो ने बच्ची को बिहोशि अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा जांच उपरांत मृत्य घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रमिला अपने घर में कुछ काम कर रही थी कि इसी दौरान एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। और वह अचेत हो गई इस घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी का माहौल है वहीं परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

# नई तकनीक से बिल्डर ने मनिका के एक मकान को ऊपर उठाया



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
पहले आमतौरों पर बड़े-बड़े शहरों में सुनने को मिलता था कि जैक के माध्यम से मकान को उठाया जा रहा है। मकान को दूसरे जगह स्थानांतरित किया जा रहा है परंतु इन दिनों मनिका प्रखंड मुख्यालय के समीप सोनी इंटरप्राइजेज के मकान को एस के बिल्डर हरियाणा के द्वारा जैक के माध्यम से सुरक्षित उठाया गया।

एस के बिल्डर के संचालक ने बताया कि बिल्डिंग उठाने के दौरान अगर किसी तरह का बिल्डिंग का क्षति होती है तो उसका सारा पैसा हमारे द्वारा दिया जाएगा।बिल्डिंग उठाने के पूर्व बिल्डिंग मालिक के साथ एग्रीमेंट की जाती है एग्रीमेंट में लिखा जाता है कि मकान उठाने के दौरान अगर किसी भी तरह का बिल्डिंग में नुक्सान होती है तो इसका सारा जवाब देही बिल्डर की होगी। मनिका प्रखंड क्षेत्र में जैक से बिल्डिंग उठाना आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोग मकान को उठाने की प्रक्रिया को देखने के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं।

एस के बिल्डर के संचालक ने कहा कि जिनको भी मकान को उठाना है या मकान को दूसरी जगह शिफ्ट करना है वह हमारी सेवा ले सकते हैं।

## पहल

### कौशल विकास योजना के तहत महिलाओं को भेजा गया प्रशिक्षण केंद्र

# प्रशिक्षण के बाद महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**
दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना अन्तर्गत बारियातू प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम एवं पलाश जेएसएलपीएस बारियातू के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकण (बीपीएम) दीपक कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से सात बच्चियों को सिलाई प्रशिक्षण के लिए रांची बुटी मोड़ स्थित एलएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल एंड टेक्नोलॉजी एवं तीन बच्चियों को नर्सिंग प्रशिक्षण के लिए रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी भिलाई छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना कौशल विकास योजना अंतर्गत बच्चियों का स्किल डेवलपमेंट एवं जॉब प्लेसमेंट के लिए जेएसएलपीएस के पहल पर भेजा जा रहा है। वैसी बच्चियां जो बीच में ही किसी कारण वश पढ़ाई छोड़ चुकी है वे प्रशिक्षण लेकर नौकरी प्राप्त कर सकें और अपने साथ साथ अपने परिवार का भी विकास कर सके।वहीं बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने बताया कि जेएसएलपीएस के सखी मंडल के दीदीयों के द्वारा सभी ग्राम संगठन के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना अन्तर्गत सिलाई, नर्सिंग, वेयरहाउस, मोटरसाइकिल रिपेयरिंग, बिजली से चलने वाली घरेलू उपकरण रिपेयरिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए निरंतर प्रचार प्रसार किया जाता है और 18 से 35 वर्ष के बच्चे बच्चियों को उनके अभिभावकों के सहमति से हर महीने प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है। इस योजना में पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके बाद नौकरी भी दी जाती है। अभी तक सैकड़ों बच्चे बच्चियों को प्रशिक्षण दिला कर नौकरी में भेजा जा चुका है और आगे भी जारी रहेगा। मौके पर जिला कार्यालय जेएसएलपीएस के स्कील डीएम नवनीत सिंह, बालूभांग पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजेश राम सीसी सत्येन देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, उत्तम कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, अनिल उरांव, सखी मंडल के सबीता रानी, ममता देवी, खुशीलता देवी, जेआरपी रोहन कुमार, मोबलाईजर दीलीप एवं चंदु के साथ कैंडीडेट्स एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा
आवेदन आमंत्रण सूचना।
विभागीय राज्यादेश संख्या–04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना'' अन्तर्गत निजी क्षेत्र में मत्स्य पालकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जो निम्वत् है :–

| क्र0 | योजना इकाई का नाम | इकाई | भौतिक लक्ष्य | योजना इकाई हेतु अनुदान की राषि | लाभुक अंषदान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गढ़वा जिले के निजी क्षेत्र के तालाबों में मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु उत्पादित मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में सहायता | एकड़ मे | 150 | 1875 प्रति एकड़ | – |
| 2 | सामान्य नाव | सं0 में। | 05 | 30000 प्रति नाव | 3000 प्रति नाव |
| 3 | गिल नेट | सं0 में। | 20 | 590 प्रति कि0ग्रा0 | – |
| 4 | नये RFF का अधिष्ठापन | यूनिट | 05 | – | – |

उक्त योजना हेतु इच्छुक मत्स्य पालक/मत्स्यजीवी सहयोग समिति/ सदस्य एवं विस्थापित अथवा प्रवासी मजदूरों /केज मत्स्य पालक/एवं नये आर0एफ0एफ0 के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समूह से दिनांक 25.07.2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
नोट :– आवेदन कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।
ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा
PR.NO.328163 Fish(24-25):D

## एक नजर

### ड्रेसिंग के नाम पर बना दिया 1.63 लाख का बिल

**रांची।** पारस अस्पताल में व्यक्ति के चेहरे पर कट के बाद सिर्फ ड्रेसिंग कर 10 घंटे तक अस्पताल में रखा गया और उसे 1 लाख 63 हजार रुपये का बिल थमा दिया गया। इस पर मरीज के परिजनों ने शनिवार को अस्पताल में जम कर हंगामा किया। अस्पताल में मौजूद सुरक्षा गार्ड तथा हॉस्पिटल मैनेजर की ओर से भी पूरा पैसा देने को लेकर दबाव बनाया गया। जानकारी के अनुसार, नया सराय में सड़क दुर्घटना के बाद नवीन झा घायल हो गए थे। उनके चेहरे में कट का निशान हो गया। घटना शुक्रवार की शाम 7 बजे की है। परिजनों ने आरोप लगाया कि रात के डेढ़ बजे मरीज का ड्रेसिंग कर आईसीयू में रखा गया। शनिवार को दोपहर तक मरीज का बिल 1 लाख 63 हजार हो गया। देर शाम हंगामे के बाद अस्पताल प्रबंधन ने कुल 82000 रुपये लेकर जाने दिया। मरीज को ईएसआइसी के तहत इलाज कराने के लिए नामकुम ले जाया गया।

### मई में 29 सड़क दुर्घटनाओं में 15 की मौत, 18 लोग घायल

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं सहित सड़क सुरक्षा व अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय ने बताया कि मई माह में जिले में 29 सड़क दुर्घटनाएं हुई। जिसमें 15 लोगों की मृत्यू हो गई तथा 18 लोग गंभीर रुप से घायल हुए। इन घटनाओं में अधिकांश यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण हुई। जिसके कारण मई माह में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 114 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत अन्य मामलों में करीब 7 लाख रुपये जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिले में स्कूली बच्चों व शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने तथा कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कहा कि समिति ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट, वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स एवं सड़कों के कर्व (घूमावदार सड़क) स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार करने पर बल दिया।

### रथ यात्रा को लेकर 2 जुलाई से 19 जुलाई तक पूरी के लिए स्पेशल ट्रेन

**जमशेदपुर।** रथ यात्रा को लेकर रेलवे ने ओडिशा के पूरी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर रेलवे की ओर से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। रेलवे की ओर से चक्रधरपुर डिवीजन में तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसमें से एक ट्रेन बादामपहाड़ स्टेशन से पूरी के बीच चलेगी। इस दौरान इस ट्रेन का ठहराव रायरंगपुर, टाटानगर, घाटशिला और भद्रक में भी होगा। यह ट्रेन 2 जुलाई से 19 जुलाई तक एक दिन छोड़कर चलेगी वहीं दो ट्रेन 2 जुलाई से 19 जुलाई तक राउरकेला और पूरी के बीच चलेगी जिसमे से एक ट्रेन चक्रधरपुर होते हुए चलेगी वहीं दूसरी ट्रेन झारसुगड़ा, संबलपुर होते हुए पूरी के लिए रवाना होगी।

### दिल्ली पुलिस ने बिरसानगर से दो साइबर ठगों को दबोचा

**बिरसानगर।** दिल्ली साइबर पुलिस ने बिरसानगर के गुरुड़बासा में छापेमारी कर साइबर ठगी के आरोपी सागर और तुषार कर्मकार को गिरफ्तार किया था। इधर, शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ वापस दिल्ली ले गई।

# हेमंत सोरेन की रिहाई पर खुशी से झूमे कार्यकर्ता

## प्रण लिया था कि हेमंत सोरेन जब तक जेल से बाहर नहीं आते तब तक वे नंगे पांव रहेंगे और केवल लुंगी पहनेंगे : सुरेश मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगभग पांच माह बाद हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा व अन्य सहयोगी पार्टियों में जश्न का माहौल है। इसको लेकर पार्टी के नेता और कार्यकताओं द्वारा जगह - जगह जुलूस निकाला जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल के नेतृत्व में तिसरी प्रखंड मुख्यालय में भी जुलूस निकालकर आतिशबाजी की गई। जेएमएम के दर्जनों कार्यकर्ता रिंकू बर्णवाल के आवास पर जुटे और मांदर व नगाड़े के साथ नारेबाजी करते हुए चौक पर पहुंचे। यहां सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया, मिठाइयां बांटी और जमकर आतिशबाजी की।

वहीं कार्यकताओं ने जेल का ताला टूट गया - हेमंत सोरेन छुट गया,हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, कल्पना सोरेन जिंदाबाद, निजामुद्दीन अंसारी जिंदाबाद सरीखे नारे लगाए। प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल ने कहा कि न्यायपालिका द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत देने से यह साबित होता है कि सत्य की सदैव विजय होती है। उनपर लगे सभी आरोप बेबुनियाद थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा षड्यंत्र कर हेमंत सोरेन को जेल भिजवाया गया था, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष को भी पता चल गया कि राज्य में हेमंत और कल्पना की क्या बिसात है।

**पांच माह बाद बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने पहना चप्पल, नंगे पांव कर रहे थे पार्टी के कामकाज**

वहीं तिसरी के बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेश मरांडी ने कहा कि उन्होंने प्रण लिया था कि हेमंत सोरेन जब तक जेल से बाहर नहीं आते तब तक वे नंगे पांव रहेंगे और केवल लुंगी पहनेंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में भी वे नंगे पांव ही पार्टी के लिए प्रचार - प्रसार में जुटे थे। पांच माह बाद श्री सोरेन के जेल से बाहर आने पर प्रखंड अध्यक्ष द्वारा उन्हें चप्पल पहनाया गया।

## सिलेंडर लीक होने से घर में लगी आग



**गिरिडीह।** पचंबा थाना इलाके के हंडाडीह स्थित तिवारीडीह गांव में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया. दरअसल सिलेंडर लीकेज होने से एक घर में आग लग गयी। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से कोई जनहानि नहीं हुई। केवल गृहस्वामी को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। इस बाबत भुक्तभोगी विक्रम तिवारी ने बताया कि वे कल सिलेंडर लेकर आए थे। जिससे आज सुबह घर में लोग खाना बना रहे थे। इसी बीच अचानक आग लग गई। आग लगने की घटना से थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। घर के सभी सदस्य बाहर निकल गए और हो-हल्ला किया। हल्ला सुनकर आस - पास के लोगों की भी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गयी। जिसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस बाबत भुक्तभोगी विक्रम तिवारी ने बताया कि अगलगी की इस घटना में लगभग 50 हजार से अधिक रुपए के सामान जलकर राख हो गए है। भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा

## सीसीएल ने समाहरणालय परिसर में किया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**


सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। इस कड़ी में शनिवार को समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे ने शामिल हुए.जबकि मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीसीएल के अधिकारी समेत अन्य कई अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे. बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट/कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां करना है. स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल उप विकास आयुक्त ने समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया. इस दौरान उप विकास आयुक्त ने इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की बात कही।

## मेनहर्ट घोटाला में प्राथमिकी दर्ज कराएंगे सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेनहर्ट घोटाला के मामले में जमशेदपुर पूर्व सीट से विधायक सरयू राय डोरंडा अथवा धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। यह जानकारी देते हुए सरयू राय ने बताया कि उन्होंने मेनहर्ट घोटाला के अभियुक्तों पर कार्रवाई के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में दायर उनकी रिट याचिका पर विगत 26 जून को आदेश हुआ है। इस आदेश के आलोक में वे घोटालाबाजों के खिलाफ शीघ्र ही प्राथमिकी दर्ज कराएंगे।

उन्होंने कहा, मेरी याचिका खारिज करते हुए माननीय न्यायाधीश ने मुझे तीन विकल्प दिए हैं - 1. मैं झारखंड उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश की खंडपीठ द्वारा 28 सितंबर, 2018 में दिए गए आदेश के क्रियान्वयन कराने के लिए उच्च न्यायालय की खंडपीठ में जाऊं, 2. मैं घोटाला के दोषियों के विरुद्ध थाना में भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के अनुरूप प्राथमिकी दर्ज कराऊं और जांच की मांग करूं और 3. मैं सक्षम न्यायालय में कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करूं।



उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के परामर्श के अनुसार उन्होंने दूसरा विकल्प चुना है और शीघ्र ही रांची के डोरंडा अथवा धुर्वा थाने में उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। कहा, मांग करूंगा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस मामले में बंद लिफाफा में जो प्राथमिक जांच रिपोर्ट माननीय उच्च न्यायालय को सौंपा है, पुलिस उस रिपोर्ट को एसीबी से प्राप्त करे और उस पर कार्रवाई करे। एसीबी ने इस मामले में प्राथमिक जांच की है और मेरी रिट याचिका की सुनवाई के समय माननीय झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा मांगे जाने के बाद इसे बंद लिफाफा में न्यायालय को सौंपा है। इस प्राथमिक जांच रिपोर्ट में उन सभी अभियुक्तों के नाम हैं, जिनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए थाना में एफआईआर करने का निर्देश उच्च न्यायालय ने दिया है। उन्होंने कहा, गत 26 जून को जब झारखंड उच्च न्यायालय ने मेरी रिट याचिका खारिज करने का निर्णय लिया तो घोटालाबाज और घोटालाबाजों के समर्थकों ने इसे मेरे लिए एक बड़ा झटका बताया और ऐसा माहौल बनाया कि न्यायालय ने इस संबंध में मेरे आरोपों को खारिज कर दिया है। दो दिन बाद 28 जून को न्यायालय का निर्णय आने के बाद इनके मुंह पर तमाचा लगा है। कारण कि न्याय-निर्णय में माननीय न्यायाधीश ने मेरी याचिका में उल्लिखित उन बिंदुओं का जिक्र किया है, जिसके अनुसार मेनहर्ट के परामर्शी चयन में भारी अनियमितताएं हुई हैं।

### वार्षिक प्राइज नाइट में पुरस्कृत हुए मेधावी छात्र-छात्राएं

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल में शनिवार को एनुवल प्राइज नाइट का आयोजन किया गया। इसमें शैक्षणिक एवं पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए छठी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समारोह की शुरूआत फादर रेक्टर के नेतृत्व में प्रार्थना के साथ हुई। इसके साथ ही कार्यक्रम में श्रद्धापूर्ण माहौल बन गया। इसके बाद स्कूल अध्यक्ष ने रॉबर्ट कोलियर ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सफलता दिन-प्रतिदिन दोहराये गये सभी प्रयासों का योग है। फादर ज्योति रंजन और फादर एस पैनक्रास ने छठी कक्षा के छात्रों को दक्षता पुरस्कार प्रदान किए। सातवीं कक्षा में श्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए फादर पायस फर्नांडीस ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। फादर विक्टर मिसक्विथ ने आठवीं के छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया।

## पुलिस प्रशासन ने टोटो और ऑटो चालकों के साथ की बैठक, नियम कानून की दी जानकारी

■ चालकों को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कम उम्र के टोटो चलाने वाले चालक के ऊपर कारवाई की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शहर के सर्कस मैदान में शनिवार को टोटो चालकों के साथ पुलिस पदाधिकारियों ने एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी 2 कौसर अली ने किया। मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो,ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद महतो,पचंबा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मंटू कुमार, भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा,मुफस्सिल थाना के एसआई सतेंद्र पाल उपस्थित थे। इस मौके पर टोटो चालकों को



यातायात नियमों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कम उम्र के टोटो चलाने वाले चालक के ऊपर कारवाई की जाएगी। डीएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि टोटो चालक को लाइसेंस के साथ-साथ टोटो से संबंधित कागजात साथ में रखना आवश्यक है। वहीं शहरी क्षेत्र में जहां-तहां टोटल खड़ा कर जाम की स्थिति उत्पन्न करने पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सामान्य से अधिक लोड बैठाकर टोटो चलाने वाले चालकों को सख्त निर्देश दिया गया और कहा गया कि आगे से इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए टोटो चलाएं। यातायात इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद महतो ने भी टोटो चालकों को यातायात नियमों के मापदंड के अनुसार टोटो चलाने का निर्देश दिया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में टोटो चालक मौजूद थे।

### सोनामारा गांव में बिजली गिरने से चार घायल अस्पताल में इलाजरत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर प्रखंड की होयोहातु पचांचत स्थित सोनामारा गांव में शनिवार को आसमानी बिजली गिरने से चार लोग घायल हो गये। इसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। बताया जाता है कि सोनामारा गांव में शनिवार शाम लगभग चार बजे 14 वर्षीय अविनाश मुंडरी, 13 वर्षीय सावन मुंडरी, 13 वर्षीय नारायण सिंह मुंडरी एक इमली पेड़ के नीचे बैठे हुये थे। इसी बीच बारिश के साथ आसमानी बिजली भी कड़कने लगी। इस बीच पेड़ के समीप ही आसमानी बिजली गिरी। इससे पेड़ के नीचे बैठे तीनों इसकी चपेट में आ गये और घायल हो गये। इमली पेड़ के समीप अपने घर के बाहर खड़े 34 वर्षीय राज मुंडरी भी वज्रपात होने से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण अंधेरे में डूबा बनखंजो का इलाका

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 वार्ड स्थित पेसरागड़ा, बनखंजों इलाके में ट्रांसफार्मर चार महीने से खराब पड़ा है। ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण लगभग 200 घर के लोग इस भीषण गर्मी में परेशान है। इलाके में चार साल पहले 100 केबीए का ट्रांसफार्मर लगा था, लेकिन इलाके में बिजली कंज्यूमर की संख्या इन 4 सालों में बढ़कर दोगुनी हो गई है।

जिसके कारण पुराना ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले पा रहा है। इसलिए अभी इलाके में 100 केबीए के जगह 200 केबीए का ट्रांसफार्मर की जरूरत आन पड़ी है।



बिजली समस्या से परेशान स्थानीय लोगों ने शनिवार को माले नेता को अपनी समस्या बताई। इस पर माले नेता राजेश सिन्हा ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द इलाके में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से आरजू मिन्नत की, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। ट्रांसफार्मर खराब रहने से घर में बच्चे, बुजूर्ग और महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है।

## स्कूल का पानी-पीने से बच्चे हुए बीमार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

कोलेबिरा थाना के जाम टोली स्थित डॉन बोस्को मिशन विद्यालय में शुक्रवार को कई छात्र छात्रा ने केंट आरो का पानी पीने से स्कूली बच्चे पड़े बीमार ,इलाजरत। कल शुक्रवार को सुबह जब सभी छात्र छात्र हर दिन के जैसा शुक्रवार को पानी पीने गए तो पानी में क्या था ये हम भी नही कह सकते । किंतु शुक्रवार को जितने भी छात्र छात्रा पानी पिया उन लोगो को सास का प्रोब्लम हो रहा है । जानकारी के अनुसार 30कोई इलाजरत है बाकी की संख्या बढ़ सकता है शुक्रवार रात जब छात्र छात्रा की माता पिता को खबर पता चला तो पूरे पालकोट और कोलेबिरा के लोगो में अफरा तफरी मच गया । छात्र छात्रा के माता पिता ने बताया की हमारे बच्चे का सास लेने में प्रोब्लम हो रही है तब जा कर के



बहुत सारे माता पिता स्कूल के प्रिंसिपल को रात में कॉल किया गया तो उनका मोबाइल ऑफ बता रहा था ।

गर्जियानो के द्वारा जानकारी मिली कि केंट आरो में अच्छा सा सेंटेक्स का पानी होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं था जब जा कर के देखा गया तो स्कूल के बच्चे को सेंटीक्स का पानी नहीं रख कर खुले ड्रम में पानी को केंट आरो में डाला जाता है जिसमे से हर बच्चा बारी बारी से पानी पीने जैसे ही जाता है उसी द्वारा ओह सारे बच्चे ,बच्चियों का सास रुकने का मामला सामने में आया है और अभी सभी कोई को सास का बीमारी से जूझ रहे है।

## न्यूज | बॉक्स

### जयंती पर याद किये गए सांख्यिकी विद् प्रशांत चन्द्र महालनोविस



**गिरिडीह ।** सांख्यिकी विद् प्रशांत चन्द्र महालनोविस साहब के जन्म दिवस पर 18 वाँ सांख्यिकी दिवस शनिवार को गिरिडीह में मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जीतेन्द्र कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सांख्यिकी विद् प्रशांतचन्द्र महालनोविस साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने पी.सी। महालनोविस के संबंध में उनके जीवन वृतान्त के बारे में बताते हुए अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखंड, रांची द्वारा निर्धारित विषय के बारे में विस्तृत रूप जानकारी दी। बताया गया कि सांख्यिकी डाटा का उपयोग कर निर्णय लेना एक महत्वपूर्ण कार्यवाही है। हमें कई तरह के कार्यों के करने के लिए निर्णय लेना होता है। जिसके द्वारा कोई लक्ष्य प्राप्त करने या किसी योजना को क्रियान्वित करने के लिए लिया जाता है। संगोष्टी में अशीम कुमार टिरू, रवि शंकर पासवान, रीतेश कुमार, आशीष कुमार, विवेक कुमार एवं अमित रंजन के साथ-साथ जिला जन सम्पर्क कार्यालय, गिरिडीह के अनुप कुमार सिन्हा एवं जितेन्द्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### चाईबासा सीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**चाईबासा।** अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी निशांत अंबर ने शनिवार को कार्यालय कक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सीओ ने विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से सुझाव लिये। उन्होंने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से 24 जुलाई तक छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए हर संभव मदद करने की अपील की। राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने कहा कि कई ऐसे मतदान केंद्र हैं जिन्हें बदलना अत्यंत जरूरी है। सर्वप्रथम घाटशिला के बोर्ड मध्य विद्यालय में छह मतदान केंद्र बनाया गया है इससे वहां काफी भीड़ होती है। हाथीजोबड़ा मध्य विद्यालय बंद हो गया है। वहां के मतदान केंद्र को पंचायत सचिवालय में स्थानांतरित किया जाए। बघुडिया, केसरपुर सहित अन्य कई क्षेत्रों के बूथ में बदलाव करना होगा। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो नेता जगदीश भकत, भाजपा नेता सत्यनारायण पुष्टि सहित अन्य उपस्थित थे।

### योजनाओं में अल्पसंख्यकों की भागीदारी से आयोग संतुष्ट : हिदायतुल्लाह खान



**जमशेदपुर।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम ने शनिवार को जमशेदपुर परिसदन में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बारी-बारी से सभी विभागों की समीक्षा की गई। आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने बताया कि आ?ाेग की ओर से सभी विभागों को पहले ही प्रश्नावली भेज दी गई थी। जिसमें सभी विभागों से पुछा गया था कि जिले में चल रही केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों (मुस्लिम, इसाई, सिख, बौध, जैन, पारसी, बंगाली एवं उड़िया) की कितनी भागीदारी है। सभी विभाग प्रश्नावली के हिसाब से अपना-अपना जवाब तैयार करके लाए थे। जिसे आयोग को सुपूर्द कर दिया गया। अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने बताया कि अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार अल्पसंख्यकों की आबादी के हिसाब से योजनाओं में भागीदारी ठीक-ठाक है। कुछ विभागों के द्वारा अपूर्ण रिपोर्ट जमा करने पर उन्हें जल्द अद्यतन रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया। कहा कि सभी जिलों की समीक्षा बैठक के बाद राज्यस्तरीय बैठक होगी। उसके बाद सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। बैठक के दौरान सोनारी में वर्षों पहले बनी (देश की आजादी से पहले) एक छोटी मस्जिद के टाटा स्टील द्वारा तोड़ने का मामला भी पहुंचा। जिसपर आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि धार्मिक स्थलों के मामले में टाटा स्टील की सहदयता सार्वजनिक है। अगर उन्हें जगह की जरूरत है तो वे मस्जिद को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए जगह उपलब्ध करवा सकते हैं।

### जमशेदपुर में साहित्यिक परिचर्चा के साथ तुलसी जयंती समारोह आरंभ



**जमशेदपुर।** तुलसी भवन में डेढ़ मह ने तक चलने वाले तुलसी जयंती समारोह की शुरूआत शनिवार को एक साहित्यिक परिचर्चा हुई। परिचर्चा का विषय था वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तुलसी साहित्य की प्रासंगिकता। समारोह की अध्यक्षा तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र मुनका ने की। मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटीज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय, विशिष्ट अतिथि तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी एवं डॉ चंदेश्वर खां थे। अतिथियों ने गोस्वामी तुलसी दास की तस्वीर के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कर कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ वीणा पांडेय भारती ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत व सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण तुलसीभवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने किया। परिचर्चा में विमल जालान, रीना सिन्हा सलोनी, कन्हैयालाल अग्रवाल, कैलाश नाथ शर्मा गाजीपुरी, रीना गुप्ता, प्रकाश मेहता, आरती श्रीवास्तव विपुलता, ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र एवं दिव्येंदु त्रिपाठी ने शिरकत की। परिचर्चा का संचालन साहित्य समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी व्यथित व धन्यवाद ज्ञापन राम नंदन प्रसाद ने किया।

## एक नजर

### आर्टिस्ट ने कोयले से बनाई रोहित की खास तस्वीर



**अमरोहा।** कुछ तस्वीर अमरोहा से भी आई है, लेकिन यह तरीका थोड़ा अनोखा है। अमरोहा के एक आर्टिस्ट जुहैब खान ने कोयले से रोहित शर्मा की एक स्पेशल तस्वीर बनाई और पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा का कोयले से पोर्ट्रेट बनाया और टीम इंडिया को शुभकामनाएं देते हुए पूरी टीम के लिए एक खास मैसेज में बेस्ट ऑफ लक लिखा। भारतीय क्रिकेट फैंस में टी20 विश्व कप को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, हर कोई भारत माता की जय और जीतेगा इंडिया के नारे लगा रहा है। ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं, जिसमें फैंस हाथ में तिरंगा और विराट कोहली-रोहित शर्मा की फोटो लिए जश्न में डूबे हैं।

### रोहित शर्मा के नेतृत्व में खेलकर काफी खुश हूं : बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनके नेतृत्व में खेलकर खुश हैं। मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में रोहित शर्मा इस समय टूनामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने सात मैचों में 155.97 की स्ट्राइक रेट से 248 रन बनाए। आईसीसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए एक वीडियो में बुमराह ने कहा कि भारतीय कप्तान ने अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी दी। बुमराह ने कहा, रोहित शर्मा बिल्कुल शानदार रहे हैं। यहां तक कि पिछले विश्व कप में भी, आप जानते हैं कि वह सक्रिय रहे हैं, वह अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी देते हैं, वह खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने देते हैं। जब उन्हें सही समय लगता है, तो वह मैच के दौरान अपना अनुभव साझा करते हैं।



**कोहली की 48 गेंदों पर आई फिफ्टी :** विराट ने भले ही पहले ओवर में 3 चौके लगाकर शुरूआत की लेकिन अन्य शोर से विकेट गिर जाने के कारण वह धीमे हो गए। उन्होंने 48 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। वह सिंगल-डबल लेने में ही मशगूल दिखे। विराट की यह टूनार्मेंट में पहली फिफ्टी है। हालांकि दूसरे शोर से पहले अक्षर और बाद में शिवम दुबे ने तेजी से रन बनाए।

# विराट के 76 रन, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 177 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप का फाइनल मैच बारबाडोस के ब्रिजटाउन स्थित केंसिंग्टन ओवल में रात 8 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें टूनार्मेंट में अब तक एक भी मुकाबला नहीं हारी है। ऐसे में मुकाबला पूरा रोचक होने की उम्मीद है। बहरहाल, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत ने भले ही पावरप्ले में तीन विकेट गंवा लिए लेकिन विराट कोहली ने 76, अक्षर पटेल ने 47, शिवम दुबे ने 27 रन बनाकर स्कोर 176 रन तक पहुंचा दिया। अब दक्षिण अफ्रीका को पहली बार विश्व कप जीतने के लिए 177 रनों की जरूरत होगी। हालांकि उनके लिए भारतीय गेंदबाजी के सामने यह इतना भी आसान नहीं होगा।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह

**दक्षिण अफ्रीका :** क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, मार्को जानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, तबरेज शम्सी

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर संभावित टीम घोषित की

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 1 जुलाई से 31 अगस्त तक साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण के लिए वापस आएगी। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन और एंटवर्प में अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीजन के समापन के बाद एक छोटे ब्रेक पर चली गई थी। कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन को कड़ी चुनौती दी। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रगति पर कहा, हमने हाल ही में प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए एंटवर्प और लंदन की यात्रा की, और हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं थे, लेकिन हमने एक टीम के रूप में बहुत कुछ सीखा। कई मौकों पर, हम आगे चल रहे थे, और हमने बराबरी का प्रयास करते हुए लगातार गोल करने की कोशिश की। पुनर्निर्माण के शुरूआती चरणों में ये अच्छे संकेत हैं, और मुझे यकीन है कि भारतीय महिला हॉकी टीम भविष्य में एक ताकत होगी।




### 33 सदस्यीय टीम

**गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना लालरामंगकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर।

**फॉरवर्ड :** सुनिलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल।

# पंजाब एफसी के मुख्य कोच बने पानागियोटिस

**एजेंसी। मोहाली**

पंजाब एफसी (पीएफसी) ने आगामी आईएसएल 2024-25 सीजन के लिए पानागियोटिस डिलम्पेरिस को मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोंस्टांटीनोस कटारस उनके साथ सहायक कोच और पापाइआन्नू इयोनिस स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे। पीएफसी में शामिल होने से पहले, डिलम्पेरिस ने पिछले सीजन में ए. ई. एर्मियोनिडा एफसी के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। उनके 15 साल के व्यापक कोचिंग करियर में इराकलिस लारिसास



एफसी, रोचेस्टर एनवाई एफसी, पैनसेराइकोस एफसी, और अन्य उल्लेखनीय टीमों में काम करना शामिल है। अपने कोचिंग कार्यकाल से पहले, डिलम्पेरिस का 17 साल का खेल करियर गोलकीपर के रूप में था, जिसमें उन्होंने इराकलिस एफसी और एग्रोटिकोस एस्टेरस जैसे क्लबों के साथ-साथ कई अन्य क्लबों का प्रतिनिधित्व किया। खेल और कोचिंग करियर दोनों में उनका समृद्ध अनुभव आगामी सीजन में पीएफसी का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सहायक कोच कटारस ने अपने 20 साल से ज्यादा के कोचिंग करियर में ग्रीस के कई क्लबों को कोचिंग दी है। दूसरी ओर, पापाइआन्नू टीम को मजबूत बनाने के लिए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के तौर पर 10 साल से ज्यादा का अनुभव लेकर आए हैं।

### शेफाली के दोहरा शतक देख खुशी से झूम उठे पिता

**रोहतक।** भारतीय महिला क्रिकेट की वीरेंद्र सहवाग यानी शेफाली वर्मा ने द. अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में ऐतिहासिक दोहरा शतक ठोका है। इस पारी के दौरान उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए, जिसे देखकर उनके पिता भी काफी खुश हैं। मुंबई में चल रहे भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच में शेफाली वर्मा ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाकर अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया।

## अल्कराज करेंगे मार्क लाजल के खिलाफ अभियान की शुरूआत

**एजेंसी। लंदन**

गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज विंबलडन में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए शुक्रवार को ड्रॉ की घोषणा की गई। 21 वर्षीय अल्कराज ने पिछले साल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को पाँच सेटों के संघर्ष में हराकर खिताब जीता था। इस साल, वे पहली बार फ्रेंच ओपन में जीत हासिल कर एक और बड़ी



ट्रॉफी के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुँचे। दूसरी तरफ लाजल को अभी तक ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ का कोई अनुभव नहीं है, उन्होंने तीसरे क्वालिफि केशन राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर टूनार्मेंट में प्रवेश किया है।

## कोपा अमेरिका 2024 : ब्राजील ने जीत के साथ वापसी की, पैराग्वे को बाहर किया

**एजेंसी। लास वेगास**

विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में दो गोल करके ब्राजील को शुक्रवार रात पैराग्वे पर 4-1 से जीत दिलाई और कोपा अमेरिका में ग्रुप डी से आगे बढ़ने की स्थिति में पहुंचा दिया। विनिसियस के अलावा साविन्हो ने ब्राजील के लिए पहले हाफ में गोल किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। पैराग्वे के लिए उमर एल्डेरेटे ने एकमात्र गोल किया। मैच में पांच




पीले कार्ड और एक रेड कार्ड के साथ कई तनावपूर्ण क्षण आए। 81वें मिनट में एंड्रेस क्यूबास को रेड कार्ड देकर लिए बाहर भेज दिया गया, जिससे पैराग्वे को मैच का आखिरी हिस्सा 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। ब्राजील के वेंडेल, जूनियर और पाक्वेटा तथा पैराग्वे के फैबियन बालबुएना और हर्नेस्टो कैबलेरो को येलो कार्ड दिए गए।चार अंकों के साथ, ब्राजील ग्रुप लीडर कोलंबिया से दो अंक पीछे है, जिसने शुक्रवार को कोस्टा रिका को 3-0 से हराया था। मंगलवार को कोलंबिया के खिलाफ ब्राजील की जीत या बराबरी से नॉकआउट चरण में ग्रुप के दो स्थानों में से एक सुनिश्चित हो जाएगा।

## वॉलीबॉल प्रदर्शनी मैच में गाड़ी गांव क्लब 2-1 से विजयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला ओलंपिक संघ ने गत 23 जून से जारी इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताह खेल का आयोजन किया। रांची जिला वॉलीबॉल संघ के द्वारा वॉलीबॉल के प्रदर्शनी मैच का आयोजन शनिवार को मारवाड़ी युवक व्यायामशाला में हुआ हुआ। गाड़ी गांव क्लब एवं मारवाड़ी युवक व्यायामशाला क्लब के बीच खेले गए मैच में गाड़ी गांव 2-1 से विजयी रहा। मैच के अतिथि



झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज, रांची वॉलीबॉल संघ के विकाश वर्मा, संजय ठाकुर, भोला प्रताप सिंह, प्रदीप अग्रवाल, नारायण घोष एवं अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### मसाबा बनीं मिंत्रा होम की ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** फैशन डिजाइनर और एक्ट्रेस मसाबा गुप्ता एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इंडियन फैशन ई-कॉमर्स कंपनी मिंत्रा ने उन्हें 'मिंत्रा होम' का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बतौर ब्रांड एंबेसडर वह प्लेटफॉर्म को अपने क्रिएटिव विजन से आगे ले जाएंगी। ट्रेंड-फर्स्ट कस्टमर्स की उम्मीदों के मुताबिक घर का चयन करेंगी, जो उनके पर्सनालिटी को दर्शाते हों। इस सहयोग के हिस्से के रूप में, वह 'क्यूरेटेड बाय मसाबा' कैंपेन में भी दिखाई देंगी, जो मिंत्रा के प्रीमियम होम सेलेक्शन को सामने लाता है। मसाबा ने कहा, घर वह जगह है जहां हम खुद को खुलकर एक्सप्रेस करते हैं। मिंत्रा की होम कैटेगरी के लिए ब्रांड एंबेसडर बनना घर की सजावट को सेल्फ-एक्सप्रेशन में बदलने जैसा है।

### 1 शेयर पर 1 शेयर फ्री दे रही है कंपनी

**नई दिल्ली।** राजू इंजीनियर्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया जाएगा। कंपनी पहली बार बोनस शेयर दे रही है। कंपनी ने डिविडेंड देने का भी फैसला किया है। एक शेयर पर 0.25 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी योग्य निवेशकों हर एक शेयर पर 25 प्रतिशत का फायदा होगा। कंपनी के शेयर 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 317.50 रुपये के लेवल पर था। इससे पहले दिन में कंपनी के शेयर 322.80 के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था।

## भारत को कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए
# 1.5 अरब डॉलर का ऋण देगा विश्व बैंक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व बैंक ने कम कार्बन उत्सर्जन वाले ऊर्जा उत्पादन के विकास में तेजी लाने के लिए दूसरे ऑपरेशन के तहत भारत को 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। विश्व बैंक ने शुक्रवार को वाशिंगटन में बताया कि लो-कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन का दूसरा चरण ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइजर के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों में मददगार होगा, जो ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है। यह ऑपरेशन सरकार की ऊर्जा सुरक्षा और विश्व बैंक की हाइड्रोजन फॉर डेवलपमेंट (एच4डी) भागीदारी के अनुरूप है। विश्व बैंक के अनुसार, सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025-26 से प्रति वर्ष कम से कम 4,50,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन में प्रति वर्ष पांच करोड़ टन कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा। यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा। भारत में विश्व बैंक के निदेशक ऑगस्त तानो कुआमे ने कहा, विश्व बैंक को भारत की लो-कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की प्रसन्नता है, जो देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा और निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नौकरियां पैदा करेगा।



## रांची में सीएसीपी की बैठक में पांच राज्यों के कृषि विशेषज्ञों ने की मंत्रणा
# रिपोर्ट के आधार पर तय होगी रबी फसल की एमएसपी

**वनीन मेल संवाददाता। रांची**

किसानों को उनकी फसल की लागत के अनुरूप कीमत मिले इसके लिए केंद्र सरकार अब गंभीर और सार्थक प्रयास कर रही है. इसे लेकर रांची में वर्ष 2025-26 में देश के पूर्वी राज्यों के अन्नदाता किसानों को उनकी रबी फसल जैसे गेहूं, बार्ली, चना, मसूर, सरसों-राई, सूरजमुखी की खेती में लागत मूल्य जानने के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई. जिसमें भारत के पांच पूर्वी राज्य बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के कृषि पदाधिकारियों के साथ-साथ दिल्ली से सीएसीपी (कमीशन फॉर एग्रिकल्चरल कॉस्ट एंड प्राइस) के निदेशक प्रो. विजय पॉल शर्मा, कमीशन के मेंबर सेक्रेटरी अनुपम मित्रा और कमीशन के मेंबर ऑफिशियल डॉ नवीन प्रकाश सिंह ने भाग लिया. झारखंड कृषि निदेशालय के निदेशक डॉ कुमार ताराचंद भी इस बैठक में शामिल हुए.




### अंतरराज्यीय बैठक के मायने और महत्व

सीएसीपी के निदेशक प्रो. विजय पॉल शर्मा ने बताया कि हमें आगामी वर्ष 2025-26 के लिए रबी फसलों का लागत मूल्य जानना है। किस राज्य में रबी की अमुक फसल को उगाने में किसान को कितना खर्च करना पड़ता है, अन्य राज्यों में उसी फसल का उत्पादन कॉस्ट क्या है। यह जानने के बाद एक रिपोर्ट कमीशन तैयार करेगा। जिसके आधार पर भारत सरकार को रबी फसलों की एमएसपी तय करने में आसानी होगी और रबी फसल उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

### झारखंड में खेती पर जोर

झारखंड प्रदेश में तिलहन, दलहन और मिलेट्स की खेती की अपार संभावनाएं हैं। इस दिशा में भारत सरकार विशेष पहल कर रही है, ताकि झारखंड राज्य के किसानों के जीवन को समृद्ध बनाया जा सके।

### रिसर्च से मिलेगी एमएसपी तय करने में सहूलियत

सीएसीपी का मुख्य लक्ष्य यह जानना है कि पूर्वी भारत के राज्यों के किसानों को रबी फसल उत्पादन में क्या-क्या परेशानी आती है और उनकी फसलों का लागत मूल्य क्या है, ताकि एमएसपी के तहत आनेवाली रबी फसलों का नया न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने में कोई दिक्कत न हो।

## मांझी ने खादी कारीगरों को समर्थन देने वाली योजनाओं को व्यापक बनाने पर दिया बल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को बढ़ावा देने और खादी कारीगरों को समर्थन देने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रयासों को गहन और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यहां केवीआईसी द्वारा देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के विकास के लिए संचालित योजनाओं और




कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस अवसर पर एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार के अलावा एमएसएमई मंत्रालय और केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाली एक शीर्ष संस्था है।

## भारतीय रुपया सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय मुद्रा रुपया एक दशक पहले तक एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाता था। लेकिन, अब रुपया को सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। ये भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, प्रभावी नीतिगत सुधार और विदेशी मुद्रा भंडार के रणनीतिक प्रबंधन को दशार्ता है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि 2010 के दशक की शुरूआत में भारत में महंगाई आसमान छू रही थी, महंगाई दर बढ़कर करीब 10 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वैश्विक वित्तीय संकट के बीच सरकार द्वारा भारी-भरकम खर्च से स्थिति ज्यादा बदतर हो गई थी। लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता संभालने के बाद अब तक भारत में आर्थिक विकास पहले से काफी बेहतर हुई है।



- रुपया को एक दशक पहले तक एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाता था
- 2010 में महंगाई दर बढ़कर करीब 10 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडारों में शामिल है। आरबीआई रणनीतिक तरीका अपनाते हुए रुपये के मजबूत होने पर डॉलर खरीदता रहा है और रुपये के कमजोर होने पर इसे बेचता रहा है। इस उपाय से रुपये के मूल्य में व्यापक उतार-चढ़ाव को सुचारु करने में मदद मिलती है, जिससे इसकी स्थिरता में काफी योगदान मिलता है।

## अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड एक्टिविटी : एलन मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टीवी पर पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधि दर्ज की गई। मस्क के स्वामित्व वाले एक्स ने बताया कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट पर मिनट-दर-मिनट चर्चा प्रसारण शुरू होने के बाद 90 मिनट में 19 गुना हो गई। कंपनी ने कहा कि डिबेट के दौरान एक्स पर दुनिया भर में चचाओं का पैमाने चौंकाने वाला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने बताया कि डिबेट के दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज



किये गये। इनमें 24.2 करोड़ वीडियो व्यूज और 20 लाख पोस्ट शामिल थे। मस्क ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधियां दर्ज की गईं। एक यूजर ने लिखा, डिबेट के दौरान एक्स पर बवाल मचा हुआ था। डिबेट के एक्स पर लाइव स्ट्रीम को भी काफी लोगों ने देखा। एक अन्य यूजर ने एक्स पर लिखा कि बिना किसी सेंसरशिप के डर के लोगों को इस मुद्दे पर खुलकर बात रखने की अनुमति देने के जबरदस्त परिणाम दिखे।

# सीएम तीर्थ दर्शन योजना के तहत विभिन्न धर्मावलंबियों को कराया जायेगा तीर्थ दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को जुलाई में तीर्थ दर्शन कराया जायेगा। इसमें ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा, हिन्दू धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ और मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेर शरीफ-आगरा-फतेहपुर सिकरी तीर्थ दर्शन कराया जाएगा। गरीब वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के 88 लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा। झारखंड गजट (साधारण) 21 सितम्बर 2016 के अनुसार तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।वह झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। तीर्थयात्री बीपीएल श्रेणी के अन्तर्गत आना



चाहिए (करदाता नहीं होना चाहिए) तीर्थयात्री द्वारा पहले इस प्रकार का तीर्थदर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों (स्वयं, पति,पत्नि एवं परिवार के सदस्यों) के सहयोग के लिए एक पारिवारिक सदस्य सहयात्री के रूप में उनके साथ जा सकते हैं. इस क्रम में अपने सहयात्री का आवेदन, अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा। तीर्थयात्रा शुरू करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। किसी तरह का संक्रामक रोग (यथा, टीबी, सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग, कुष्ठ रोग आदि) से पीड़ित नहीं होना चाहिए। मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र जिसमें यात्रा प्रमाणपत्र के लिए सर्टिफिकेट होना चाहिए। आवेदन पत्र में एक फोटो चिपकाया हुआ एवं एक संलग्न होना चाहिए। निवास प्रमाण-पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी एक प्रमाण पत्र को निवास प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जायेगा। यदि गरीब वरिष्ठ नागरिकगण एक साथ समूह में आवेदन जमा करते है, तो चयन के लिए पूरे समूह के आवेदन को एक आवेदन माना जायेगा। एक समूह में अटेंडेंट सहित अधिकतम सदस्यों की संख्या 25 होगी, इससे अधिक मान्य नहीं होगा। तीर्थ यात्रियों का चयन संबंधित जिला स्तरीय प्रबंधन समिति द्वारा किया जायेगा। सबसे पहले सभी आवेदन क्रम में बांट लिया जायेगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश से अधिक बढ़ जाती है तो इसके अतिरिक्त एक प्रक्रिया सूची (निर्धारित अंश की 10 प्रतिशत) भी तैयार की जायेगी। राज्य एवं जिला के कुल यात्रियों की संख्या झारखंड पर्यटन विकास निगम द्वारा सूचित किया जायेगा। इस आयोजन में चयनित आवेदनों की कुल संख्या किसी भी तीर्थ यात्रा के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता के कम होने पर झारखंड पर्यटन निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए पैकेज को रद्द भी कर सकता है।

## एक नजर

### हूल दिवस पर सिद्धू-कान्हू को श्रद्धांजलि देगी आजसू

**रांची।** हूल दिवस पर रविवार को आजसू पार्टी सिद्धू-कान्हू पार्क, रांची स्थित शहीद सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर प्रातः दस बजे माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आजसू पार्टी केंद्रीय समिति, रांची जिला समिति, रांची जिला महिला समिति, रांची महानगर समिति, रांची महानगर महिला समिति, युवा आजसू, आजसू छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच तथा अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### टेंडर घोटाला मामले के संजीव लाल की बेल पर अगली सुनवाई छह को

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में जवाब दाखिल करने के लिए ईडी ने कोर्ट से समय की मांग की। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई स्थानों पर छापेमारी की थी।

### विशेष लोक अदालत में 1.41 लाख से अधिक मामलों का निपटारा

**रांची।** सिविल कोर्ट के साथ जिले के अंचल कार्यालयों, सीसीएल में भूमि और राजस्व संबंधित मामले को लेकर आयोजित विशेष लोक अदालत में शनिवार को एक लाख 41 हजार 559 वादों का निपटारा किया गया। इसमें दाखिल खारिज के 23,499 मामले भी शामिल है। साथ ही मौके पर 45 करोड़ 91 लाख 70 हजार 121 रुपए का सेटलमेंट हुआ। मामलों के निष्पादन के लिए 13 बेचों का गठन किया गया था। इसमें दो बेंच न्यायिक पदाधिकारियों का और 11 बेंच कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए बनाया गया था। इसमें भूमि और राजस्व, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन, मुआवजा एवं इससे संबंधित अन्य मामलों के त्वरित निष्पादन किया गया।

### मासिक लोक आदालत में 12 मामलों का हुआ निष्पादन

**खूंटी।** खूंटी के प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष संजय कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय खूंटी में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मासिक लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए चार बैंचों का गठन न्यायालय में लंबित मामलों और प्रीलिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले एनआई एक्ट के मामले और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में चार बैंचों के माध्यम से 12 मामलों का निष्पादन किया गया।

## राज्य के प्रमुख आदिवासी नेताओं से असम के मुख्यमंत्री मिले

# विधानसभा चुनाव झारखंड की दिशा और दिशा तय करेगा : हिमंता विस्वा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड की दशा और दिशा तय करेगा। झारखंड निर्णायक मोड़ पर है। राज्य की जनता लूट, भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी से निजात चाहती है। जनता सुशासन और विकास के लिए समय का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव में घोषणा पत्र समिति और आरोप पत्र समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हिमंता ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जनता का संकल्प पत्र होगा। पार्टी जनसंपर्क और संवाद के माध्यम से सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी और विकासोन्मुख घोषण पत्र तैयार करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आरोपों से घिरी सरकार है। समाज का हर वर्ग इस निकम्मी और भ्रष्ट सरकार से ऊब चुका है। हमें इनकी एक-एक नाकामियों को



उजागर करते हुए आरोप पत्र तैयार करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। हिमंता विस्वा सरमा ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति, टॉकिंग पॉइंट्स समिति की संयुक्त बैठक के अलावा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने जनजाति समाज से जुड़े पार्टी के नेताओं से उनके आवास पर जाकर आत्मीय मुलाकात की। कुशल क्षेम जाना एवं राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ, समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, सांसद बीडी राम, सीपी सिंह, विरंचि नारायण, अनंत ओझा, केदार हाजरा, नवीन जायसवाल, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, गीता कोड़ा, शशांक राज, रविनाथ किशोर, आरती सिंह सहित युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जनता भाजपा को उम्मीद भरी नजरों से देख रही : बाबूलाल



**बैठक** को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता की आशा और उम्मीद भाजपा से जुड़ी है। ठगबंधन सरकार ने राज्य की जनता के लिए एक भी भलाई के काम नहीं किए। यह सरकार साढ़े चार वर्षों केवल राज्य को लूटने में जुटी रही। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति ने राज्य की डेमोग्राफी को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जनता उम्मीद भरी नजरों से भाजपा की ओर देख रही है है। भाजपा ने राज्य बनाया है। भाजपा राज्य को लुटते और बर्बाद होते नहीं देख सकती। हमें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि ठगबंधन सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा विरोधी सरकार है। जनता को इस सरकार से निजात दिलानी है। हिमंता विस्वा सरमा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, दुमका लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. अरुण उरांव के घर पहुंचे। उन्होंने नेताओं के आवास पर ही जलपान और भोजन किया।

## तीन नए आपराधिक कानूनों पर न्यायिक अधिकारियों ने की गहन चर्चा

- *न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू होने वाले हैं। रांची के जज कॉलोनी स्थित मल्टी पर्पस हॉल में झारखंड न्यायिक अकादमी के दिशा-निर्देश पर शनिवार को बैठक कर इन तीनों आपराधिक कानून पर गहन चर्चा की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने की। बैठक में उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों को 10 अलग-अलग समूहों में बांटा गया था और सभी को नये कानून से संबंधित एक-एक खंड दिया गया था। इस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय के दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी चर्चा की गयी, जिनमें टरसेम लाल बनाम डायरेक्टोरेट इंफोरर्समेंट और जलंधर जोनल ऑफिसर और बाबू साहेबागौड़ा बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटक है। अभियुक्तों के कोर्ट में बेल एवं उनकी उपस्थिति से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा की गयी। न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने भी न्यायिक पदाधिकारियों को नये आपराधिक कानून के बदले हुए प्रवधानों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान रांची सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ-साथ विधि के छात्र-छात्राएं और न्यायालयकर्मी उपस्थित थे।

## आजसू के हल्ला बोल कार्यक्रम का चौथा दिन

# हर योजना में गड़बड़ी, नौकरशाहों और सरकार की मनमानी चरम पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी ने सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और सत्ता व्यवस्था में मनमानी के खिलाफ चौथे दिन शनिवार को भी हल्ला बोल कार्यक्रम जारी रखा। अलग-अलग जगहों पर कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और पब्लिक के काम को लेकर सरकार का ध्यान खींचा। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रखंड और अंचल कार्यालयों में नौकरशाही-बिचौलिया गठजोड़ के चलते आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अफसरों ने हर काम के लिए रेट फिक्स कर रखा है। अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है और यह योजना बाबूगीरी की भेंट चढ़ रही है। छात्रों को जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अफसरों तथा




कर्मचारियों के सामने चिरौरी करनी पड़ती है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं में अनियमितता व्याप्त है। न समय पर राशन मिलता है और न ही जरूरतमंदों को पेंशन। सरकार की किसी भी योजना पर पकड़ नहीं है और सब कुछ झूठे वादे और कोरी घोषणाएं साबित हो रहे हैं। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो सरकार लोगों को पीने का पानी तक मुहैया कराने में विफल है, वह झारखंड का हितैषी होने के दावे करती रही है। लूट और करप्शन का पैसी नीचे से ऊपर तक बंट रहा है और आम आदमी अपने हक अधिकार के लिए पिस रहा है।

हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत देवघर जिले के प्रखंड मनोहरपुर, प. सिंहभूम के प्रखंड खुटपानी, गुमला जिले के प्रखंड चैनपुर, धनबाद जिले के प्रखंड बलियापुर समेत कई प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा।

# रेलगाड़ियों में दिखेंगी जनकल्याणकारी योजनाएं, एजेंसियों से मांगा गया आवेदन

- *राज्य सरकार को उम्मीद है कि देशभर में चलने वाली प्रमुख ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना लाभदायक होगा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ट्रेनों के माध्यम से अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएगी। सरकार ने भारत के प्रमुख ट्रेनों के अंदर एवं बाहर योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार करने की योजना तय की है। इसके लिए उसने पहल भी कर दी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने इस काम के लिए योग्य एजेंसियों से निर्धारित फॉर्मेट में पांच जुलाई की दोपहर तीन बजे तक आवेदन मंगाए हैं। सभी प्राप्त आवेदनों को इसी दिन खोला भी जाएगा। वैसे




पिछले वर्ष अगस्त 2023 से ही इस तरह की पहल सीमित स्तर पर की जा चुकी है। राज्य सरकार को उम्मीद है कि देशभर में चलने वाली प्रमुख ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना लाभदायक होगा। अपने राज्य के ऐसे लोग जो दूसरे राज्यों में हैं, उन तक सूचनाएं पहुंचेंगी तो वे राज्य वापस लौटकर लाभार्थी बनने का भी प्रयास करेंगे। देशभर में झारखंड की और बेहतर छवि बनाने में भी इस प्रयास का लाभ मिलेगा। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी राज्य सरकारें ट्रेनों की मदद से अपनी योजनाओं, उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करवा रही हैं।

तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद ट्रेन के माध्यम से सरकार प्रवासी श्रमिकों के अधिकार एवं कल्याणार्थ योजना का प्रचार-प्रसार का काम शुरू भी कर दिया गया था। खासकर मुंबई, दिल्ली, केरल, बेंगलुरु और जम्मू जाने वाली ट्रेन के जरिए प्रचार-प्रसार का काम होने लगा था। इस रूट में जाने वाली ट्रेनों के जनरल और स्लीपर बोगी के बाहरी और भीतरी हिस्से में श्रमिकों के अधिकार और उन्हें जागरूक करने से सम्बन्धित जानकारी साझा की जाने लगी थी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि प्रवासी मजदूरों के अधिकारों एवं उनके लिए बने योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार श्रमिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ट्रेन के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। इसके बाद से हटिया लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से आनंद विहार स्वर्णजयंती एक्सप्रेस, हटिया एसएमवीबी एक्सप्रेस, धनबाद एलेपी एक्सप्रेस और संबलपुर से जम्मूतवी एक्सप्रेस के जनरल और स्लीपर कोच में श्रमिकों के अधिकार और जागरुकता से संबंधित प्रचार-प्रसार पोस्टर के जरिए किया जा रहा था।

### मार्शल, सहायक मार्शल व सुरक्षा कर्मियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विधायी शोध संदर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग की ओर से शनिवार को झारखड विस सचिवालय के मार्शल, सहायक मार्शल एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुरक्षा संवर्ग कर्मियों के कार्य एवं दायित्व विषय पर झारखंड विस के मार्शल एवं सहायक मार्शल तथा सुरक्षा संवर्ग के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के लिए संसाधन पुरुष के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा से मार्शल, कैप्टन मनीष चंद्र राय एवं बिहार विस से प्रधान मार्शल उत्पल तथा झारखंड विस के सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव उदयभान सिंह सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आज दो पालियों में आयोजित किया गया। झारखंड विस सचिवालय की ओर से प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त झारखंड विस के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर, उप सचिव रजी बंटी एवं अवर सचिव रवि शंकर प्रसाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम से मिले पोटका विधायक, क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण का किया आग्रह



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को विधायक संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिले में सर्वेक्षण के आधार पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के संवर्द्धकरण के लिए चिह्नित विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के माचेत और मास्टर चयन प्रक्रिया में आ रही विसंगतियों को दूर करने का भी निवेदन किया है। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निदान किए जाने का भरोसा उन्हें दिया है।

### मुख्यमंत्री से सांसद और चार विधायकों ने की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक इरफान अंसारी, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप और विधायक भूषण बाड़ा ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने-अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और उसके समाधान की दिशा में त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर शबाना खातून, शशि भूषण राय और मौलाना मदनी साहब भी मौजूद थे।

### टेंडर कमीशन घोटाले में पूर्व मंत्री सहित नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। सभी आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को हुई। अब इनकी अगली पेशी 12 जुलाई को होगी। आरोपितों में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी, 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी, 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। मामले में वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### राज्य के सभी 29464 बूथों पर सुनी जाएगी मन की बात कार्यक्रम



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 111वें संस्करण का प्रसारण रविवार को होगा, जिसे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सुनेंगे। इसके लिए पार्टी की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रदेश के सभी 29464 बूथ क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सुनने को लेकर पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं की अनेकों बैठक हो चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दुमका प्रवास के दौरान स्वयं शिकारीपाड़ा विधानसभा के पलमा में आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुनेंगे। पार्टी के नेता विधायक दल और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी कांके मंडल के रॉक गार्डेन स्थित बूथ संख्या 347, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र रांची के धुर्वा मंडल में और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू में, केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चुटिया के होटल संमुगम में मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। गोड्डा जिला के पड़ैयाहाट विधानसभा अंतर्गत डांडे गांव में सैकड़ों कृषक महिलाएं लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से जुड़ेंगीं।

### कांग्रेस ने की लोस चुनाव परिणाम की समीक्षा



**रांची।** लोकसभा आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें केवल दो अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटें खूंटी और लोहरदगा ही जीत सकीं। वहीं, एससी रिजर्व पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को भाजपा के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। सात में से पांच लोकसभा सीट हार जाने के बाद चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पार्टी की ओर से पूर्व सांसद प्रदीप बलमुचू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव परिणाम समीक्षा समिति का गठन किया गया था। शनिवार को इसी समिति के नेतृत्व में राजधानी के बिहार क्लब सभागार में रांची लोकसभा क्षेत्र चुनाव परिणाम की समीक्षा को लेकर बैठक की गई। बैठक में रांची महानगर, रांची ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारी, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, अग्रणी संगठन एवं विभाग, वरिष्ठ कांग्रेस समर्थक के साथ समिति के अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू समेत समिति के सदस्य लोग समीक्षा बैठक में मौजूद रहे। इस चर्चा में रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय भी शामिल हुई। इसके अलावा समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार व सुल्तान अहमद भी मौजूद थे।

## एक नजर

### श्रेया हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** श्रेया हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया. पुलिस ने इस मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। हत्यारोपियों की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के कोसडिहरा गांव निवासी दिलीप सिंह के पुत्र धर्मेन्द्र कुमार सिंह व राकेश कुमार सिंह के रूप में की गई है। घटना में प्रयुक्त एक ऑल्टो कार को भी जब्त किया गया है। प्रेस वार्ता कर एसपी ने बताया कि नाबालिग छात्रा के साथ इन दोनों ने पहले दुष्कर्म किया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। फिर अपनी ऑल्टो कार से इंद्रपुरी बराज के समीप नहर में शव फेक दिया। वहीं पूछताछ में इन दोनों ने अपराध स्वीकार किया। बता दें कि घटना को लेकर पीड़िता की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### छत्तीसगढ़ पुलिस ने नवादा से साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**नवादा।** छत्तीसगढ़ की पुलिस ने शनिवार को नवादा के शाहपुर थाने के महारथ गांव में छापेमारी कर 24 लाख रुपए, पासबुक ,एटीएम कार्ड सहित साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है,जिसने लाखों रुपए की ठगी की थी। नवादा के एसपी ने बताया कि नवादा में साइबर अपराधियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है।

### करंट लगने से वृद्ध महिला की मौत

**जालौन।** कुठोंद थाना क्षेत्र में महिला छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। उस दौरान वृद्ध महिला करंट की चपेट में आकर झुलस गई परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कुठौंद थाना क्षेत्र के शेखपुर बुजुर्ग निवासी रामकली 65 काफी समय से अपने बिटिया दामाद के साथ थाना क्षेत्र के हदरुख गांव में रह रही थी। आज सुबह नहाने के बाद छत पर कपड़े सुखाने के लिये डालने गई थी। कपड़े डालते समय महिला छत पर टीन से निकले तार से करंट की चपेट में आ गई।

### लद्दाख हादसे में सैनिकों की मौत पर शोक की लहर

# अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**5 जवान शहीद | टी-72 टैंक बह गए**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में टैंक युद्ध अभ्यास के दौरान एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) समेत सेना के पांच जवान शहीद हो गए। इस हादसे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "लद्दाख में नदी पार करते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में पांच बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।" अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा, "यह जानकर बहुत दुख हुआ कि लद्दाख के न्योमा-चुसुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास अचानक आई बाढ़ में पांच सैनिक समेत एक टी-72 टैंक बह गए। हमारे बहादुर सैनिकों की सुरक्षा और कुशलता के लिए प्रार्थना करता हूं।" लद्दाख हादसे पर दुख जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, "लद्दाख में एक नदी पार करते समय एक जेसीओ सहित भारतीय सेना के पांच जवानों की जान जाने से बहुत दुखी हूं। इस दर्दनाक त्रासदी के शिकार हुए सैन्य कर्मियों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में, पूरा देश हमारे वीर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को सलाम करने के लिए खड़ा है।"

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर लिखा, "लद्दाख में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास अचानक आई बाढ़ में सेना के पांच जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद है।

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हमारे वीर जवानों के इस सर्वोच्च बलिदान के लिए देश सदैव उनका और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा।" लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर से आधिकारिक सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि शुक्रवार को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास दौलत बेग ओल्डी इलाके में टैंक युद्ध का अभ्यास चल रहा था।

### नगर निगम टीम ने जब्त की 1.80 क्विंटल पॉलिथीन

**मुरादाबाद।** नगर निगम टीम द्वारा शनिवार को प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार में विभिन्न दुकानों पर छापा मार कर वहां मिली 1.80 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की। साथ ही कुछ व्यापारियों से मौके पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी वसूल किया गया है। बीते दिन महानगर में 25 कुंतल पॉलिथीन जब्त की गई थी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज 1.80 क्विंटल पॉलिथीन पकड़ी गई प्रतिबंधित पॉलिथीन को जब्त कर लिया गया है।

# नीट मामले में गुजरात के सात ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**नीट मामले के तार बिहार झारखंड, महाराष्ट्र और गुजरात से जुड़े**



**एजेंसी। कोलकाता**

नीट पेपर लीक मामले को लेकर सीबीआई की टीम एक्शन मोड में है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। मामले की जांच के लिए शनिवार को सीबीआई की टीम गुजरात के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी के लिए पहुंची।

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई के अधिकारियों ने गुजरात के गोधरा, खेड़ा, अहमादाबाद और आणंद के कुल सात ठिकानों पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि पेपर लीक केस की जांच के दौरान कुछ इलेक्ट्रॉनिक सबूत हाथ लगे हैं। साथ ही गुजरात में संदिग्धों के होने की सूचना भी प्राप्त हुई है।

सीबीआई ने इस मामले में झारखंड के हजारीबाग से एक पत्रकार जमालुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पेपर लीक में उसके भी शामिल होने के सबूत सीबीआई अधिकारियों को मिले हैं। दरअसल, बिहार की आर्थिक अपराध शाखा ने जांच के दौरान ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस-प्रिंसिपल के शामिल होने की पुष्टि की थी। इसके बाद सीबीआई की टीम ने प्रिंसिपल एहसान-उल-हक और वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ और कॉल डिटेल्स के आधार पर पता चला कि पत्रकार जमालुद्दीन लगातार प्रिंसिपल और वाइस-प्रिंसिपल के संपर्क में था। जानकारी के अनुसार पेपर लीक मामले में वो दोनों की सहायता कर रहा था।

### कोलकाता में कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को 2021 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी की। पहले इस मामले की जांच सीबीआई कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामले में जो छापेमारी की गई है उसका कुछ विदेशी संबंध भी है। शहर में आठ अलग-अलग स्थानों पर समानांतर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें न्यू अलीपुर, जोधपुर पार्क स्थित साउथ सिटी आवासीय परिसर, लेक टाउन और जादवपुर भी शामिल है।

# पूरी निष्ठा से निभाएंगे जिम्मेदारी : चिराग पासवान

*केंद्र में मंत्री बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे*



**एजेंसी। पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान केंद्र में मंत्री बनने के बाद शनिवार को पहली बार बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर उनकी पार्टी के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसे ईमानदारी और निष्ठा से निभाउंगा। उन्होंने इस क्रम में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की भी चर्चा करते हुए कहा कि उसकी तैयारियां पार्टी द्वारा शुरू कर दी गयी है।लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान केंद्र में मंत्री बनने के बाद अपने सांसदों के साथ पटना पहुंचे। उनके पटना पहुंचने के पहले से ही लोजपा (रा) के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पटना हवाई अड्डे पर पहुंच गए थे। हजारों कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने भी लोगों का आभार जताया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पालन करेंगे। उन्होंने फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में बिहार में काम करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी बड़ी जीत हुई है। पार्टी ने चुनाव में शत प्रतिशत स्ट्राइक रेट रखा है। बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव भी होने हैं, ऐसे में पार्टी उसकी तैयारी में मजबूती के साथ जुटेगी। हमारी कोशिश है कि जो जीत लोकसभा में बिहार हमें मिली, वही जीत विधानसभा चुनाव में भी मिले। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तमाम सांसदों के साथ मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को अपना मार्गदर्शन दिया।

# बेकाबू रोडवेज बस ने ऑटो में मारी टक्कर, तीन की मौत




**पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है**

**एजेंसी। उन्नाव**

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में गंजमुरादाबाद के पास हरदोई की ओर से आ रही बेकाबू रोडवेज बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में आटो सवार दो सवारियों की मौके ही मौत हो गयी जबकि एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इसमें कुछ लोगों की हालत नाजुक है।

ग्राम बल्लापुर निवासी चालक रामचन्द्र ने बांगरमऊ स्थित तिकोनिया पार्क से सवारियों को बैठाकर मल्लावां हरदोई जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उन्नाव हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित पेट्रोल पंप पास हरदोई से आ रही अनियंत्रित रोडवेज बस ने आटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आटो सवार हरदोई निवासी सुनील, बांगरमऊ निवासी श्रीकृष्ण, मल्लावां निवासी लक्ष्मण, बब्लू और राम स्नेही घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान सुनील, श्रीकृष्ण, लक्ष्मण की मौत हो गई है। वहीं, चालक सहित कुल चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस के मुताबिक घटना में कुल तीन लोगों की मौत हुई हैं। इनमें कुछ लोगों की हालत गंभीर है और मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

### जदयू की बैठक में प्रस्ताव पारित, एनडीए के साथ ही रहेगी पार्टी

# संजय झा को बनाया गया कार्यकारी अध्यक्ष

**2 प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया**

**3 बार मोदी को प्रधानमंत्री बनने पर नीरज कुमार ने दी बधाई**



**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड की शनिवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से सांगठनिक और राजनीतिक प्रस्ताव पेश किए गए और इनको सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। पार्टी ने फैसला किया है कि वह एनडीए में ही रहेगी।

बैठक के बाद पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से दो प्रस्ताव पेश किए गए जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि बैठक में सांगठनिक और राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। नीतीश कुमार ने राज्यसभा में संसदीय दल के नेता संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने एनडीए में शामिल होकर लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम लाने और केंद्र सरकार में शामिल होने पर अध्यक्ष नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

उन्होंने बताया कि जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न से नवाजे जाने को भी जदयू ने गौरव का विषय बताया।

नीरज कुमार ने कहा कि बैठक में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए धन्यवाद दिया गया। आजादी के संघर्ष, आदर्श और जीवन मूल्यों की रक्षा और राजनीति सेवा के लिए है, मेवा के लिए नहीं, इसकी बात की गई। उन्होंने कहा, इसके अलावा यह भी तय हुआ कि हम एनडीए के साथ ही रहेंगे।

**प्रस्ताव में कहा**

इसके तहत झारखंड में इस साल होने वाले चुनाव में भागीदारी करने का प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि वर्ष 2024 में जिन राज्यों में चुनाव होंगे, इनमें झारखंड प्रमुख है, जहां पहले भी हमारे प्रत्याशी चुनाव लड़े और जीते हैं। झारखंड पर विशेष ध्यान देते हुए हमें वहां की उन सीटों को चिह्नित किया जाएगा जहां से हमारे प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की संभावना सबसे ज्यादा है। इसके बाद, चुनाव के लिए आगे की रणनीति बनाकर गंभीरता से जुट जाना होगा।

### थमता नहीं दिख रहा पुल-पुलिया गिरने का सिलसिला सरकार पर उठने लगे सवाल

**पटना।** बिहार में पुल-पुलिया गिरने या क्षतिग्रस्त होने का सिलसिला जारी है। पिछले 11 दिनों के अंदर पांच पुल गिर चुके हैं। पुल गिरने की घटनाओं के बीच सरकार पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि सरकार पुल के टूटने या धराशायी होने की घटना की जांच कराने की बात जरूर कर रही है। इधर, पुल-पुलियों के गिरने की घटना के बाद सचेत हुई सरकार अब पुल की कमजोरी को जानने और नए पुल मजबूत बने, इसके लिए सभी ग्रामीण पुलों की स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने जा रही है। मकसद यह है कि सरकारी राशि का सदुपयोग हो और जानमाल की सुरक्षा भी की जा सके। ऐसा नहीं कि बिहार में पुल धराशायी या टूटने की घटना इसी सरकार में हो रही है। प्रदेश में सरकार महागठबंधन की रही हो या एनडीए की, पुल गिरते रहे हैं और विपक्ष सरकार पर सवाल उठाता रहा है। बताया जाता है कि बिहार में पुल-पुलियों के रखरखाव को लेकर कोई नीति नहीं है, जिस कारण पुराने पुलों की मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है और बन रहे पुल-पुलियों में निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### न्यायपालिका को राजनीतिक तौर पर निष्पक्ष होना चाहिए : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका को राजनीतिक रूप से निष्पक्ष, ईमानदार और पवित्र होना चाहिए। बनर्जी ने यहां नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में 88 फास्ट-ट्रैक अदालतें हैं जिनमें 55 सिर्फ महिलाओं के लिए हैं। राज्य में 99 मानवाधिकार अदालतें हैं। मेरी एकमात्र अपील है कि देश की न्यायपालिका को पूरी तरह निष्पक्ष, पवित्र और ईमानदार होना चाहिए। गोपनीयता बरकरार रहनी चाहिए। सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम भी मौजूद थे। कानून की डिग्री रखने वाली मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी कानूनी बिरादरी की सदस्य हैं और न्याय तंत्र उनके लिए एक पवित्र मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारे की तरह है। उन्होंने कहा, मैं खुद को कानूनी बिरादरी का हिस्सा मानती हूं। मैं अब भी बार एसोसिएशन की सदस्य हूं। मैंने खुद कुछ मामलों की अदालत में पैरवी भी की है। सीएम बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा न्यायिक तंत्र के साथ है और कहा कि न्यायपालिका की पहली जिम्मेदारी आम लोगों की रक्षा करनी है।



*मैं खुद को कानूनी बिरादरी का हिस्सा मानती हूं। मैं अब भी बार एसोसिएशन की सदस्य हूं।*

### पुल गिरने में खनन माफिया की भूमिका सबसे ज्यादा : पप्पू यादव

**किशनगंज।** बिहार में लगातार पुल गिर रहे है। ये अत्यंत निंदनीय है। पुल गिरने में खनन माफिया की भूमिका सबसे ज्यादा है। यह बातें शनिवार को बागडोगरा से पूर्णिया जाने के दौरान बस स्टैंड में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने हाल के दिनों में नीट परीक्षा को लेकर उठाये गए मुद्दे पर भी चर्चा की।उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में जिस बच्चे की भूमिका अहम है उसकी लाइफ को सिक्योर करना है। पूर्णिया सांसद ने कहा कि एनजीओ के द्वारा एग्जाम न लिया जाए। इसके लिए एग्जामिनेशन कंट्रोल करने वाली एक कमिटी बनायी जाए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से कुछ परीक्षा के प्रश्न लीक आउट हो रहे है। लेकिन सरकार इस बात को मानना नहीं चाहती है। इस पर अविलंब रोक लगनी चाहिए।किसी भी परीक्षा का प्रश्न लीक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। अभी हाल ही में नीट का एग्जाम कैंसिल किया गया है। नीट एग्जाम को लेकर जो बातें सामने आयी है उसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सकारात्मक व रचनात्मक कार्य नहीं कर रही है।युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सबसे पहले इस देश के युवाओं की आवाज को आगे पहुंचाना चाहती है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरानगर में शनिवार की शाम को पानी भरे गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, कुकरैल नदी के किनारे रिवर फ्रंट की खुदाई का काम चल रहा है। यहां पर गहर गड्ढा खोदा गया है, जिसमें बारिश का पानी इकट्ठा हो गया। इसी पानी में नहाने के लिए इंदिरानगर के खुर्रमनगर चौकी के पास रहने वाले बच्चें पहुंचे। उन्होंने बताया जा रहा है कि पानी में बच्चे डूबने लगे, जिसमें एक बच्चा किसी तरह से बच गया और उसने घटना की जानकारी परिवार को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद गड्ढे से डूबे बच्चों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों बच्चों की मौत की हो गई है। बच्चों की पहचान गोंडा की रहने वाली कासिम (10) पुत्र जुनैद व शिफा (8) पुत्री मुश्ताक के रूप में हुई हैं।

### पानी की टंकी में मिली बालिका की लाश मामले का पदार्फाश, हत्यारोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** नदेसर स्थित काशीराज अपार्टमेंट के एक फ्लैट की छत पर पानी की टंकी में मिली बालिका की लाश मामले में शनिवार को कैंट पुलिस ने हत्यारोपी को पांडेयपुर स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल के निकट से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। डीसीपी वरुणा जोन चंद्रकांत मीणा, एडीसीपी वरुणा जोन सरवणन टी और एसीपी कैंट विदूष सक्सेना ने आरोपित को पुलिस लाइन सभागार में मीडिया के सामने पेश किया। डीसीपी ने बताया कि घटना पुलिस के लिए चुनौती रही। पुलिस कमिश्नर ने मौके पर निरीक्षण कर इस मामले का त्वरित पदार्फाश का निर्देश दिया था। उनके निर्देश पर 09 टीमों का गठन किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया तो आरोपी पकड़ में आ गया।

## आज का राशिफल

**मेष:** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनेंगे।

**वृषभ:** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन:** कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह:** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या:** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला:** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक:** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु:** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मकर:** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुम्भ:** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन:** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

# कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे : सीएम योगी



**सचमुच एक गुरु के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि जिसको उन्होंने गाइड किया वो देश में, प्रदेश में, जनपद में उच्च स्थान प्राप्त कर उन्हें गौरवान्वित कर रहे हैं।**

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे, ये देश की सबसे बड़ी सेवा होगी।

उन्होंने कहा, श्रीमद्भागवत गीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि सचमुच एक गुरु के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि जिसको उन्होंने गाइड किया वो देश में, प्रदेश में, जनपद में उच्च स्थान प्राप्त कर उन्हें गौरवान्वित कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन नई दिल्ली और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से जुड़े छात्र-छात्राओं को यहां सम्मानित किया गया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मेरिट में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं की कुल संख्या 170 है, जिनमें छात्र 58 हैं और छात्राएं 112 हैं। ये सफलता बताती है कि बेटियों ने लंबी छलांग मारी है और बेटी पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, मेरिट में आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट, टैबलेट और एक लाख रुपए नकद उपलब्ध कराने का कार्य सरकार कर रही है। इसके साथ ही ये छात्र जिस गांव, मोहल्ले के होंगे, वहां की सड़क का नामकरण इनके नाम पर या वहां की सड़क का निर्माण कार्य सरकार के स्तर पर होगा। विधायक और सांसद के साथ मिलकर इन्हीं के द्वारा इसका शिलान्यास भी कराया जाना चाहिए।




## ब्रिफ न्यूज

### रफा में इजरायली बमबारी में 11 फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा।** गाजा के सबसे दक्षिणी शहर पश्चिमी रफा में विस्थापित लोगों के टेंट पर इजरायली हमले में कम से कम 11 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने ये जानकारी दी है। शुक्रवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायली सेना ने अल-मवासी क्षेत्र में टेंट पर तोप के गोले बरसाए और गोलियां चलाईं। सुरक्षा सूत्रों ने सिन्हुआ को बताया कि क्षेत्र के पास इजरायली टैंकों के आगे बढ़ने के बाद गुरुवार रात को गोलीबारी शुरू हुई।

### एस.जयशंकर आज जाएंगे कतर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर 30 जून को कतर का आधिकारिक दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान, वह कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि विदेश मंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी।



### सीबीआई ने की केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के केजरीवाल को शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। उनकी सीबीआई हिरासत समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने उनकी न्यायिक हिरासत की मांग की, जिस पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। जज सुनैना शर्मा ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिमांड की अवधि समाप्त होने पर कोर्ट के पास आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### नेपाल में भूस्खलन में सात लोगों की जान गई

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में शनिवार को भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुलमी जिले के मलिका ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में भूस्खलन में एक घर के बह जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। नगरपालिका के चेयरमैन देवी राम आर्यल ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भारी बारिश के कारण इलाके में जानलेवा भूस्खलन हुआ है। पांचों मृतकों के शव बरामद कर लिए गये हैं। स्यांगजा जिले के फेदीखोला ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में भूस्खलन में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई।

### महाराष्ट्र के जालना में दो कारों की टक्कर में सात की मौत, चार घायल

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना में शुक्रवार रात करीब 11 बजे दो कारों की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये। हादसा इतना भीषण था कि कुछ लोगों के शव सड़क पर पड़े दिखे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कारों को सड़क से हटाया और शवों को जालना जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, समृद्धि हाईवे पर जालना जिले के कदावंची गांव के पास दो कारों स्विफ्ट डिजायर और एर्टिगा की टक्कर हो गई।



## बड़ा हादसा टला : राजकोट में हीरासर हवाईअड्डे पर यात्री पैसेज की कैनोपी टूटी

एजेंसी

**राजकोट।** राजकोट के हीरासर स्थित ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह यात्रियों के लिए बनी कैनोपी टूट गई। राजकोट में दो दिनों से तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। बताया गया कि इसी वजह से कैनोपी टूट गई। कैनोपी के नीचे किसी यात्री के नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। राजकोट हीरासर हवाईअड्डा के निदेशक दिगंत बहोरा ने बताया कि बारिश के कारण कैनोपी पर पानी जमा था, जिसके कारण यह टूट गई। दुर्घटना अस्थाई टर्मिनल के बाहर हुई है। घटना



में कोई भी घायल नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार राजकोट में शुक्रवार से तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। शनिवार सुबह भी बारिश का दौर जारी रहा। सुबह 11 बजे से लेकर 11.30 बजे के बीच भी बारिश हो रही थी। दूसरी ओर कैनोपी टूटने को लेकर इसकी गुणवत्ता आदि पर सवाल खड़ा किया जा रहा है।

ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 जुलाई, 2023 को गुजरात में राजकोट शहर के निकट एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। यह राज्य का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है और इसे 1,405 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। राजकोट से लगभग 30 किलोमीटर दूर हीरासर गांव में स्थित एयरपोर्ट कैंपस 1,025.50 हेक्टेयर (2,534 एकड़) क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें से भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 1,500 एकड़ क्षेत्र में हवाई अड्डे का निर्माण किया है।

## रनवे पर उड़ान को तैयार एयर इंडिया की फ्लाइट की विंग सीढ़ी से टकराई

एजेंसी

**अहमदाबाद।** नई दिल्ली से शुक्रवार रात सूरत पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट सूरत से बेंगलुरू के लिए उड़ान भरते समय वहां से हटाई जा रही सीढ़ी से टकरा गई। इससे फ्लाइट के विंग को काफी नुकसान पहुंचा। इससे बेंगलुरू जा रही फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। यात्रियों को दूसरे दिन की फ्लाइट या रिफंड का ऑप्शन दिया गया।

जानकारी के अनुसार सूरत हवाईअड्डा पर सीआरजे और एटीआर स्तर की 72 से 78 सीटर विमान के यात्रियों को विमान से उतारने-चढ़ाने



के लिए मैनुअल सीढ़ी का उपयोग किया जाता है। विमान आने-जाने के दौरान इस सीढ़ी को विमान के साथ कनेक्ट किया जाता है। शुक्रवार रात एयर इंडिया का विमान दिल्ली से सूरत पहुंच कर ऐप्रन पर पार्क था और बेंगलुरू जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी को हटाया जा रहा था कि विमान के विंग के साथ सीढ़ी से टकरा गई। इससे विंग को क्षति पहुंची है। घटना के संबंध में डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को जानकारी दी गई, जिसके बाद जांच का आदेश दिया गया। हवाईअड्डा प्राधिकरण की तकनीकी टीम फिलहाल विमान के विंग की मरम्मत में जुटी है। घटना को लेकर सूरत से बेंगलुरू जा रही फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसके कारण यात्रा को तैयार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# लोग अदालत को मंदिर समझते हैं पर खुद को देवता ना समझें न्यायाधीश : सीजेआई

एजेंसी

**कोलकाता।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि देश की जनता न्यायालय को मंदिर समझती है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें बैठने वाले न्यायाधीश खुद को देवता समझने लगें। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को संवेदनशील और सहानुभूति रखने वाला बनना पड़ेगा।

सीजेआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के दो सौ साल पूरे होने के मौके पर एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उनके साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता कहती है कि न्यायालय न्याय का मंदिर है। ऐसे में न्यायाधीश अगर खुद को देवता समझते हैं तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। मुझे लगता है कि न्यायाधीश जनता के सेवक हैं। वे मामलों की सुनवाई करें लेकिन अपराध के प्रति पहले से कोई धारणा तैयार न करें। उन्हें सहानुभूति रखनी होगी। उन्हें इस बात का ख्याल रखना होगा कि हमारे सामने खड़ा हुआ शख्स मनुष्य है। न्यायाधीश भी सामाजिक रीति-रिवाजों के मुताबिक अपनी धारणा नहीं बना सकते। उन्हें संविधान के मुताबिक काम करना होगा। संवैधानिक नैतिकता कहती है कि एक भारतीय जो चाहे सोच सकता है, जो चाहे बोल सकता है। जिसकी चाहे पूजा कर सकता है, जिसका चाहे अनुसरण कर सकता है। किसी के साथ शादी कर सकता है और जो चाहे खा सकता है। संविधान में दी गई स्वतंत्रता का हमेशा ख्याल रखना होगा। इसके बाद उन्होंने टेक्नोलॉजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे हमें बहुत सारे मौके मिले हैं। कोर्ट अपनी भाषा में जो फैसला सुनाता है उसे जिस भाषा में चाहें अनुवाद कर सकते हैं। हम लोगों (सुप्रीम कोर्ट) ने 51 हजार से अधिक आदेशों का कई भाषाओं में अनुवाद किया है। बंगाली और ओडिया सहित संविधान जिस किसी भी भाषा की स्वीकृति देता है, उन सभी भाषाओं में अनुवाद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं बंगाली और ओडिया भाषा का जिक्र कर रहा हूं, क्योंकि मेरी पत्नी ओडिया को बहुत पसंद करती हैं और बंगाली भी बहुत करीब है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे हाई कोर्ट हैं, जो जमानत से संबंधित मामलों में तत्परता नहीं दिखाते हैं। इसे लेकर मैं बहुत चिंतित हूं। यह न्याय व्यवस्था का आदर्श मॉडल नहीं है।



### न्यायपालिका को राजनीतिक तौर पर निष्पक्ष होना चाहिए : ममता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका को राजनीतिक रूप से निष्पक्ष, ईमानदार और पवित्र होना चाहिए। बनर्जी ने यहां नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में 88 फास्ट-ट्रैक अदालतें हैं जिनमें 55 सिर्फ महिलाओं के लिए हैं। राज्य में 99 मानवाधिकार अदालतें हैं। मेरी एकमात्र अपील है कि देश की न्यायपालिका को पूरी तरह निष्पक्ष, पवित्र और ईमानदार होना चाहिए। गोपनीयता बरकरार रहनी चाहिए। सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम भी मौजूद थे। कानून की डिग्री रखने वाली मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भी कानूनी बिरादरी की सदस्य हैं और न्याय तंत्र उनके लिए एक पवित्र मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारे की तरह है। मैं अब भी बार एसोसिएशन की सदस्य हूं। मैंने खुद कुछ मामलों की अदालत में पैरवी भी की है।

### फिल्मी अंदाज में पुलिस काफिले पर हमला कर डकैती के आरोपी को छुड़ा ले गये गैंगस्टर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गडग जिले में बिल्कुल किसी एक्शन फिल्म की तरह डकैती के एक आरोपी को उसके साथी छुड़ा ले गये। बदमाशों ने शनिवार तड़के पुलिस के काफिले पर हमला किया और अपने साथी के साथ भाग गये। पुलिस ने बताया कि कोपल जिले में गडग रेलवे ब्रिज के पास गिरोह के लोगों ने गंगावती पुलिस के काफिले पर हमला किया और आरोपी अमजद अली ईरानी के साथ फरार हो गये। गंगावती शहर पुलिस को डकैती के एक मामले में ईरानी की तलाश थी। पुलिस अधीक्षक बी.एस. नेमागौड़ा ने शनिवार को अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात के बाद बताया कि बीती रात पुलिस की टीम ईरानी को गिरफ्तार कर गंगावती थाने ले जा रही थी। रास्ते में उसके साथियों ने पुलिस टीम पर हमला किया और आरोपी के साथ भागने में कामयाब रहे। पुलिस हमले में शामिल लोगों पर कार्रवाई करेगी। अभी यह पुष्टि की जा रही है कि कितने हमलावर थे। घटना में पुलिस की कार की खिड़की टूट गई और दरवाजे को भी क्षति पहुंची है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला किस गैंग ने किया था। एसपी नेमागौड़ा ने कहा, हमें पता है कि उनके मन में कानून का डर कैसे पैदा किया जाना चाहिए। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैंग को पकड़ने के लिए जांच जारी है।



## पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू की जीवन व यात्रा पर आज तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 30 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के जीवन और यात्रा पर तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा शनिवार 29 जून को दी गई। पीएमओ ने जारी एक बयान में कहा है कि भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 जून को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनके जीवन और यात्रा पर तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम हैदराबाद के गाचीबोवली में अन्वय कन्वेंशन सेंटर में होने वाला है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री द्वारा जारी की जाने वाली सूची में तीन पुस्तकें शामिल हैं। इसमें पहली



पुस्तक पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी वेंकैया नायडू- लाइफ इन सर्विस, द हिंदू, हैदराबाद संस्करण के पूर्व रेजिडेंट एडिटर एस. नागेश कुमार द्वारा लिखी गई है। इसी कड़ी में दूसरी पुस्तक सेलिब्रेटिंग भारत- भारत के 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में एम. वेंकैया नायडू का मिशन और संदेश, भारत के उपराष्ट्रपति के पूर्व सचिव डॉ. आई.वी. सुब्बा राव द्वारा संकलित यह एक फोटो क्रॉनिकल है। तीसरी पुस्तक संजय किशोर द्वारा लिखित तेलुगु में सचित्र जीवनी जिसका शीर्षक महाननेता- श्री एम. वेंकैया नायडू का जीवन और यात्रा है।

## सरकार ने एनडीआरएफ जोखिम और कठिनाई भत्ते में की 40 प्रतिशत की वृद्धि : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जोखिम और कठिनाई भत्ते को उनके मूल वेतन के 40 प्रतिशत की दर से बढ़ा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ के पर्वतारोहण अभियान विजय के ध्वजारोहण समारोह में कहा कि मैं आपको एक अच्छा समाचार देना चाहता हूं। लंबे समय से एनडीआरएफ कर्मियों के लिए जोखिम और कठिनाई भत्ता बढ़ाने की मांग की जा रही थी। कल ही भारत सरकार ने इसे मंजूरी दी है और अब आपको 40 प्रतिशत की दर से जोखिम और कठिनाई भत्ता दिया जाएगा। यह सभी 16,000 एनडीआरएफ बचाव कर्मियों के लिए खुशी की बात है। अमित शाह ने यह भी कहा कि सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पधाओं में भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने यह भी तय किया है कि हमारे सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) की एक टीम सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आउटडोर और इनडोर खेलों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसका रोडमैप तैयार हो गया है और कुछ ही समय में हम इसे आगे बढ़ाएंगे।



### विपक्ष के नेता का पद संवैधानिक नहीं, वैधानिक पद है : भाजपा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा इसे लगातार संवैधानिक पद बताए जाने पर कटाक्ष करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि इस पद को लेकर राहुल गांधी को बरगलाया गया है और वास्तव में विपक्ष के नेता का पद संवैधानिक नहीं, बल्कि वैधानिक पद है। भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, ऐसा लगता है कि किसी ने थर्ड टाइम फेल राहुल गांधी को धोखे से विपक्ष के नेता का पद दिलवा दिया है। उनको किसी ने बता दिया कि ये संवैधानिक पद है। जो उनके कमजोर करियर के लिए प्रभावी साबित होगा। तब से दरबारियों ने भी शहजादे की जय-जयकार करना बंद नहीं किया है।

## रिकॉर्ड गतिविधि / इस दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज किये गये, बोले एलन मस्क

# अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड एक्टिविटी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टीवी पर पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधि दर्ज की गई। मस्क के स्वामित्व वाले एक्स ने बताया कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट पर मिनट-दर-मिनट चर्चा प्रसारण शुरू होने के बाद 90 मिनट में 19 गुना हो गई। कंपनी ने कहा कि डिबेट के दौरान एक्स पर दुनिया भर में चचाओं का पैमाने चौंकाने वाला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने बताया



कि डिबेट के दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज किये गये। इनमें 24.2 करोड़ वीडियो व्यूज और 20 लाख पोस्ट शामिल थे। मस्क ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधियां दर्ज की गईं।

एक यूजर ने लिखा, डिबेट के दौरान एक्स पर बवाल मचा हुआ था। डिबेट के एक्स पर लाइव स्ट्रीम को भी काफी लोगों ने देखा। एक अन्य यूजर ने एक्स पर लिखा कि बिना किसी सेंसरशिप के डर के लोगों को इस मुद्दे पर खुलकर बात रखने की अनुमति देने के जबरदस्त परिणाम दिखे।

बहस के बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि उनका प्रदर्शन अच्छा रहा और उनके प्रदर्शन से निराश कुछ डेमोक्रेट्स की चुनावी दौर से हट जाने की सलाह पर अमल की संभावना से इनकार किया। राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि मैंने अच्छा (प्रदर्शन) किया। हालांकि कई डेमोक्रेट्स को चिंता सता रही है कि बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के सामने पर्याप्त चुनौती नहीं पेश कर सकेंगे।

### शी चिनफिंग ने पेरू की राष्ट्रपति के साथ की बातचीत

**बीजिंग।** 28 जून की दोपहर के बाद चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पेइचिंग में पेरू की राष्ट्रपति डीना एर्सिलिया बोलोआर्टे जेगारा के साथ वार्ता की। शी ने बल दिया कि चीन पेरू के साथ संबंधों के विकास को बहुत महत्व देता है और पेरू के साथ राजनीतिक विश्वास मजबूत करने, व्यावहारिक सहयोग गहराने, विभिन्न सभ्यताओं की पारस्परिक सीख बढ़ाने और बहुपक्षीय समन्वय मजबूत करने और चीन-पेरू सर्वांगीण रणनीतिक साझेदारी निरंतर नयी मंजिल पर पहुंचाने को तैयार है। शी ने कहा कि फिलहाल पेरू की कांग्रेस ने मतदान से प्रस्ताव पारित कर हर साल की 1 फरवरी को चीन-पेरू मित्रता दिवस निर्धारित किया है।

### मास्को में डॉरमेट्री में लगी आग, पांच लोगों की मौत

**मास्को।** मास्को के एक उपनगर में एक डॉरमेट्री में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। रूसी मीडिया ने शनिवार सुबह आपातकालीन सेवाओं के हवाले से यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी तास ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बालाशिखा उपनगर स्थित डॉरमेट्री में बिजली की खराबी के कारण आग लगी थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, जलती हुई दो मंजिला इमारत से कई लोगों को बचाया गया। तास ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया कि डॉरमेट्री में मुख्य रूप से विदेशी प्रवासी श्रमिक रहते थे।

## कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने बरसाना पहुंचकर राधा रानी से नाक रगड़कर मांगी माफी

एजेंसी

**मथुरा।** राधा रानी पर दिए गए बयान के बाद विवादों में घिरे कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शनिवार दोपहर बरसाना पहुंचे। यहां उन्होंने राधा-रानी को दंडवत प्रणाम किया और नाक रगड़कर माफी मांगी। इस दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। राधा-रानी से माफी मांगने के बाद वो मंदिर से बाहर निकले। हाथ जोड़कर ब्रज वासियों का अभिनंदन किया। मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी ब्रजवासियों को बहुत-बहुत बधाई। राधा-रानी के दर्शन करने के लिए यहां पधारा हूं। मैं ब्रजवासियों के प्रेम की वजह से



यहां आया हूं। लाडली जी ने खुद ही इशारा कर मुझे यहां बुलाया, इसलिए मुझे यहां आना पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरी वाणी से किसी को ठेस पहुंची हो तो उसके लिए माफी मांगता हूं। मैं ब्रजवासियों के चरणों में दंडवत प्रणाम कर माफी मांगता हूं। मैं लाडली जी और बरसाना सरकार से क्षमा चाहता हूं। सभी से निवेदन है कि किसी के लिए कोई अपशब्द न कहें।